उज्जैन
शुक्रवार
19
दिसम्बर, 2025
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-47
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651


# दैनिक ब्रह्मास्त्र



फेमस डायरेक्टर ने मुझे किस करने की कोशिश की बिग बॉस 19 की कंटेस्टेंट मालती चाहर ने बताया कास्टिंग काउच का किस्सा

पेज- 8

## स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के शिल्पकार राम सुतार का निधन

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनाने वाले मूर्तिकार राम वानजी सुतार का गुरुवार देर रात 100 वर्ष की उम्र में निधन हो गया।



वे कुछ समय से बीमार थे। सुतार ने संसद भवन परिसर में ध्यान मुद्रा में बैठे महात्मा गांधी की मूर्ति और दिल्ली में घोड़े पर सवार छत्रपति शिवाजी की मशहूर प्रतिमा भी बनाई थी। अयोध्या में रामलला की मूर्ति बनाने वाले शिल्पकार अरुण योगीराज ने बताया कि 2022 में उनका सुतार जी से मिलना उनके लिए जीवन का बड़ा अनुभव रहा। योगीराज बोले- 97 वर्ष की उम्र में भी वे रोज स्टूडियो में काम करते थे। बातचीत के दौरान उनकी उंगलियों में वही लय थी, जैसी किसी नई मूर्ति को गढ़ते समय होती है।

## राहुल बोले- अमेरिका के टैरिफ का उद्योगों पर बुरा असर पड़ा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका की भारत-विरोधी टैरिफ नीति का देश के कई उद्योगों पर विनाशकारी असर पड़ा है, लेकिन सरकार इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के भदोही के कालीन बुनकरों की दुर्दशा का मुद्दा उठाते हुए नीतियों और आर्थिक सहयोग के जरिए छोटे कारोबारों को दोबारा ताकत लौटाने की मांग की। जर्मनी दौरे पर गए राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर संसद भवन परिसर में भदोही के कालीन बुनकरों से हुई अपनी हालिया बातचीत का वीडियो शेयर किया। राहुल गांधी ने फेसबुक पर हिंदी में पोस्ट करते हुए कहा,मैंने पहले ही कहा था- ट्रम्प के टैरिफ एक आर्थिक तूफान लेकर आएंगे, जिससे करोड़ों लोग प्रभावित होंगे।

## राजनाथ सिंह बोले- सुदर्शन चक्र से मजूबत होगी देश की सुरक्षा

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत का स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम सुदर्शन चक्र देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



दिल्ली में आयोजित एयर फोर्स कमांडर्स कॉन्क्लेव में गुरुवार को रक्षा मंत्री में भाग लिया। उन्होंने वायुसेना के शीर्ष अधिकारियों से कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से मिले रणनीतिक और ऑपरेशनल संबंधी सबक को ध्यान में रखकर भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहें। रक्षा मंत्री ने वायुसेना को तकनीकी रूप से उन्नत, रणनीतिक रूप से आत्मविश्वासी और हर परिस्थिति में प्रभावी प्रतिक्रिया देने वाली फोर्स बताया।

## तमिलनाडु-गुजरात में एसआईटार की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी होगी

**चेन्नई/गांधीनगर।** चुनाव आयोग शुक्रवार को तमिलनाडु और गुजरात में कराए गए स्पेशल इंटेसिव रिवीजन (एसआईआर सामान्य शब्दों में वोटर वेरिफिकेशन) की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी करेगा। इसके बाद मतदाता लिस्ट में अपने नाम चेक कर सकेंगे। इससे पहले चुनाव आयोग ने 16 दिसंबर को पश्चिम बंगाल, राजस्थान, गोवा, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की थी। आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 27 अक्टूबर को एसआईआर की घोषणा के समय इन राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 13.35 करोड़ मतदाता थे। वहीं ड्राफ्ट लिस्ट में यह संख्या घटकर 12.33 करोड़ रह गई है।

# बांग्लादेश हिंसा : 2 न्यूज चैनल्स अवामी लीग के ऑफिस फूंके

### शेख हसीना विरोधी नेता हादी की मौत के बाद हिंसा, हिंदू युवक को जिंदा जलाया

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ ढाका

बांग्लादेश में शेख हसीना के विरोधी नेता उस्मान हादी की गुरुवार रात मौत हो गई है। उनकी मौत के बाद बांग्लादेश में हालात बिगड़ गए हैं और कई जगह हिंसा फैल गई है।

प्रदर्शनकारियों ने देश के सबसे बड़े अखबार डेली स्टार और प्रोथोम आलो के ऑफिस में जबरन घुसकर तोड़फोड़ और आगजनी की। आग लगाने के बाद करीब 25 पत्रकार अंदर फंस गए थे, जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाला गया। दोनों अखबार आज बंद रहेंगे, ऑनलाइन सेवाएं भी ठप हो गई हैं।



हादी 2024 के छात्र आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक थे। उन्हें 12 दिसंबर को सिर में गोली मारी गई थी। ढाका में चुनाव प्रचार के दौरान उन पर गोली चलाई गई थी। गोली लगने के बाद उन्हें पास के अस्पतालों में ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी। वहीं, बांग्लादेश में धर्म का अपमान करने के आरोप में लोगों के एक समूह ने एक हिंदू युवक को पीट-पीटकर मार डाला। शुक्रवार को सीपी चंद्रा नाम के एक युवक को नग्न करके फांसी पर टांग दिया गया। बाद में उसकी लाश को खंभे पर बांधकर आग लगा दी गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना गुरुवार रात भालुका में हुई।

## दिल्ली ब्लास्ट केस में एनआईए ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली


दिल्ली के लाल किला ब्लास्ट केस में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने नई दिल्ली से एक और आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी यासिर अहमद डार जम्मू-कश्मीर का रहने वाल है। वह आतंकी उमर-उन-नबी और मुफ्ती इरफान का करीबी सहयोगी था। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने डार को 26 दिसंबर तक एनआईए की कस्टडी में सौंप दिया।

## यूपी में कोल्डवेव, चेतावनी- बेवजह बाहर न निकलें

### 40 शहरों में कोहरा, 8 में स्कूल बंद, ट्रेन और फ्लाइटें लेट, सड़कों पर सन्नाटा

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ पटना

यूपी में अब कोल्ड वेव चल रही है। कड़ाके की ठंड के साथ घने कोहरे ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, गोंडा, गाजियाबाद, मेरठ, बरेली समेत 40 शहरों में कोहरा छाया है। सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। गाड़ियां रेंगती नजर आईं। ओस की बूंदें बारिश जैसी पड़ रही हैं।



सर्द हवाओं से शिमला-मसूरी जैसा फील आ रहा है। बाइक चलाने पर हाथ सुन्न हो जा रहे हैं। ट्रेन और फ्लाइटें लेट चल रही हैं। गोरखपुर एयरपोर्ट से 8 और लखनऊ से 14 फ्लाइटें देरी से उड़ीं। काशी में 9 और लखनऊ में 4 फ्लाइटें कैंसिल रहीं। कानपुर रेलवे स्टेशन पर 38 और अयोध्या रेलवे स्टेशन पर 10 ट्रेनें 2 से 4 घंटे की देरी से पहुंचीं। सरकार भी अलर्ट मोड पर है। लोगों से अपील की गई है कि बेवजह घर से बाहर न निकलें। हाईवे पर गाड़ियों की स्पीड लिमिट 60 से 80 के बीच कर दी गई है।

## बिहार सरकार की मंत्री श्रेयसी सिंह महाकाल की शरण में

### मंत्री बनने के बाद दर्शन करने पहुंची बोली- सभी को यहां आना चाहिए



**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

बिहार सरकार की खेल एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्रेयसी सिंह ने आज प्रातःकालीन भस्म आरती में सम्मिलित होकर ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन लाभ प्राप्त किए। दर्शन उपरांत श्रेयसी सिंह का श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक आशीष फलवाडिया द्वारा सम्मान एवं अभिनंदन किया गया।

## सेंसेक्स 500 अंक चढ़कर 85,000 पर कारोबार कर रहा



**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

लगातार चार दिन की गिरावट के बाद शेयर बाजार में आज यानी शुक्रवार 19 दिसंबर तेजी है। सेंसेक्स 500 अंक चढ़कर 85,000 पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी 150 अंक की तेजी है, ये 25,970 के स्तर पर है। सेंसेक्स के सभी 30 शेयरों में तेजी है। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल, रिलायंस और जोमैटो के शेयरों में 1% से ज्यादा की तेजी है।

## अमित शाह 25 दिसंबर को करेंगे ग्वालियर व्यापार मेले का उद्घाटन

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के अवसर पर ग्वालियर आ रहे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व्यापार मेले का उद्घाटन करेंगे। इस मंच पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मौजूद रहेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री से मेले का उद्घाटन कराने के लिए प्रस्ताव बनाकर स्थानीय प्रशासन स्तर से भेज दिया गया है। व्यापारिक संगठनों की मांग को देखते हुए उद्घाटन से पहले प्रदेश सरकार मेले से बिकने वाले वाहनों के लिए रोड टैक्स में 50 फीसदी छूट की घोषणा कर सकती है। जानकारी के अनुसार केंद्रीय गृहमंत्री 24 तारीख की रात को ग्वालियर आएंगे। रात्रि विश्राम यहीं करेंगे।

अटलजी की 101वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में ही एमपी ग्रोथ समिट का भी आयोजन किया जाएगा। प्रदेश सरकार पिछले दिनों हुईं समिट के दौरान आए लगभग दो लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों का भूमिपूजन भी इसी दिन कराने की तैयारी कर रही है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल मेले का अधिकृत उद्घाटन और समापन न होने के कारण शहर में और पार्टी स्तर पर इसकी चर्चा थी।



इस कारण मेले के उद्घाटन की तैयारियां पहले से कर ली गई हैं। चूंकि केंद्रीय मंत्री का कार्यक्रम मेला मैदान में ही होगा, इस दौरान केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर सहित प्रदेश सरकार के मंत्रीगण भी यहां मौजूद रहेंगे। इस आयोजन के दौरान ही केंद्रीय गृहमंत्री इसी मेले का उद्घाटन भी कर देंगे। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर मेले की दशा सुधारने का आग्रह किया है। सिंधिया ने अपने पत्र में कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेंद्र जैन द्वारा दिए गए आवेदन का हवाला देते हुए मेले की दुर्दशा पर चिंता जताई है। उन्होंने मेले के सुचारु रूप से संचालन के लिए ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण का गठन करने को कहा है। साथ ही मेले की दुकानें, सड़क, छतरियां और शौचालयों के मेंटनेंस के लिए राज्य एवं केंद्र सरकार प्राधिकरण को आर्थिक मदद देने का आग्रह किया है।

## एपस्टीन सेक्स स्कैंडल की 68 नई तस्वीरें जारी

### बिल गेट्स महिलाओं के साथ दिखे, गूगल बनाने वाले सर्गेई ब्रिन की भी फोटो आई

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ वाशिंगटन

एपस्टीन सेक्स स्कैंडल से जुड़ी 68 नई तस्वीरें सामने आई हैं। इन तस्वीरों को गुरुवार देर रात अमेरिकी संसद की हाउस ओवरसाइट कमेटी के डेमोक्रेट सांसदों ने रिलीज किया हैं।

इनमें से दो तस्वीरों में अरबपति बिल गेट्स महिलाओं के साथ नजर आ रहे हैं। हालांकि यह साफ नहीं है कि दोनों महिलाएं एक ही हैं या अलग-अलग। इसके अलावा गूगल बनाने वाले सर्गेई ब्रिन, फिल्ममेकर वुडी एलन, गूगल के सह-संस्थापक सर्गेई ब्रिन, फिलॉस्फर नोम चॉम्स्की और ट्रम्प के पूर्व सलाहकार स्टीव बैनन समेत कई लोग नजर आ रहे हैं। यहां यह साफ कर दें कि इन तस्वीरों का यह मतलब नहीं है कि ये लोग किसी गलत काम में शामिल थे। इसकी जानकारी एपस्टीन फाइल्स के सामने आने के बाद ही आएगी।


ब्रह्मास्त्र
स्वागतम् 2026
तीन-तीन बहुरंगीय कैलेंडर




एक वितरित दो और कैलेंडर
जल्द आपके हाथों में
नए साल के तीन तरह के
नि:शुल्क कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
श्री राम लला मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर
11 दिसंबर के अंक के साथ नि:शुल्क वितरित हो चुका है।
अब दो कैलेंडर बाकी पंचांग कैलेंडर और तिथि कैलेंडर
हॉकर से अपनी प्रति सुरक्षित करें और लेते रहे एक एक करके तीनों कैलेंडर
9977755777, 77710 90777, 9617957337, 9893047988, 0734 4041777, 0731 4085777

## खबर एक नजर...

### उज्जैन में रात का पारा 7.3 डिग्री पर:सीजन की सबसे ठंडी रात, दिन का तापमान दो डिग्री बढ़ा

**उज्जैन।** उज्जैन में बीती रात इस सीजन की अब तक की सबसे सर्द रात दर्ज की गई। रात का न्यूनतम तापमान गिरकर 7.3 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जबकि इससे एक दिन पहले मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात तापमान 8 डिग्री दर्ज किया गया था। पहाड़ी क्षेत्रों से आ रही सर्द हवाओं के कारण शहर में ठंड लगातार बढ़ती जा रही है। सर्द हवाओं के चलते रात के समय लोगों को खासा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दिन के तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। गुरुवार को दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री दर्ज किया गया, जो बुधवार के 28 डिग्री की तुलना में दो डिग्री अधिक रहा। इससे पहले सोमवार को अधिकतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया था। इस तरह तीन दिन के अंतराल में दिन का तापमान कुल 4 डिग्री बढ़ गया है। उज्जैन जीवाजी वेधशाला के अधीक्षक राजेंद्र गुप्त के अनुसार पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी और वहां से आने वाली बर्फीली हवाओं के कारण मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ गई है। आने वाले कुछ दिनों तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रहने की संभावना है।

### कालिदास कॉलेज में छात्राओं की आंखें जांची, देखभाल के उपाय बताए

**उज्जैन।** शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। इसका उद्देश्य छात्राओं और स्टाफ को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और समय रहते आंखों की समस्याओं की पहचान करना था। मीडिया प्रभारी डॉ. रूपा भावसार के अनुसार मुख्य अतिथि नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्चिता सिंह बग्गा ने छात्राओं को आंखों की देखभाल के उपाय बताए। उन्होंने संतुलित आहार, नियमित जांच और डिजिटल उपकरणों के सीमित उपयोग पर जोर दिया। प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने छात्राओं को दृष्टिहीनता की कल्पना कराते हुए नेत्र स्वास्थ्य का महत्व समझाया।

### ट्रेन छूटने पर पुलिस ने दिखाई मानवीयता

**उज्जैन।** छत्तीसगढ़ से आये परिवार में शामिल सदस्य लापता हो गया था, पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की, लापता को तलाश गया, लेकिन देरी होने पर ट्रेन छूट गई। पुलिस मानवीयता दिखाते हुए दूसरी ट्रेन के आने तक अपने खर्च पर होटल में ठहरने की व्यवस्था कराई। महाकाल दर्शन करने छत्तीसगढ़ से परिवार उज्जैन पहुंचा था। इस दौरान मंदिर परिसर क्षेत्र में परिवार का वृद्ध सदस्य अचानक परिजनों से बिछड़ गया। परिजनों अपने स्तर पर तलाशने के प्रयास किये, नहीं मिलने पर पुलिस से मदद मांगी गई। महाकाल थाना एएसआई चंद्रभानसिंह चौहान एक बार फिर आगे आये और वृद्ध की तलाश शुरू की। कुछ घंटों की तलाश के बाद वृद्ध मिल गया। इस बीच परिवार को वापस ट्रेन से लौटना था, परिवार के वृद्ध सदस्य के मिलने में देरी होने के चलते ट्रेन छूट गई। परिवार परेशान हो गया, एएसआई ने मानवीयता दिखाते हुए परिवार को होटल में ठहराया और दूसरी ट्रेन के आने पर उन्हे स्टेशन तक पहुंचाया। महाकाल थाना पुलिस की मदद देख परिवार ने उज्जैन पुलिस का आभार माना।


# लुधियाना की कंपनी बनाएगी इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर

## 1089 करोड़ में ठेका मंजूर, भू-अर्जन की प्रक्रिया में आई तेजी, तीन फ्लाईओवर और छोटे-बड़े 35 पुल-पुलियाएं बनाए जाएंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

इंदौर-उज्जैन के बीच बनने वाले ग्रीन फील्ड कॉरिडोर में अधिग्रहित होने वाली जमीन के बाजार भाव से दाम दिलाने के लिए किसान संघर्ष कर रहे हैं, इस बीच सरकार ने इस कॉरिडोर को बनाने का ठेका मंजूर कर दिया है। यह ठेका 1089 करोड़ में लुधियाना की सौगल इन्फा. प्रोजेक्ट प्रा.लि. कंपनी को मिला है।

48 किलोमीटर लम्बे इस ग्रीन फील्ड कॉरिडोर के लिए फिलहाल धारा 21 के तहत भू-अर्जन की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए किए जाने वाले भू-अर्जन का विरोध भी किसानों द्वारा किया जा रहा है। इस रोड पर तीन फ्लाईओवर और छोटे-बड़े 35 पुल-पुलियाएं बनाए जाएंगे। यह एक एक्सेस-कंट्रोल्ड फोर लेन हाईवे होगा, जिसमें दोनों तरफ सर्विस लेन भी होगी, जिससे इंदौर से उज्जैन की यात्रा केवल 30 मिनट में पूरी हो सकेगी और सिंहस्थ 2028 के लिए यह मार्ग बहुत महत्वपूर्ण होगा। इसके बनने से यात्रा का समय भी घटकर 40-45 मिनट रह जाएगा।




- **उज्जैन से पीथमपुर की सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी-** इस कॉरिडोर का निर्माण एयरपोर्ट के आगे गोम्मटगिरी के पास पितृ पर्वत से शुरू होकर उज्जैन के चिंतामण गणेश तक बनेगा, जिससे सिंहस्थ के मद्देनजर इंदौर से उज्जैन जाने के लिए एक और महत्वपूर्ण सड़क उपलब्ध हो सकेगी। इससे पीथमपुर से भी कनेक्टिविटी बढ़ेगी और एयरपोर्ट से भी सीधे उज्जैन पहुंचा जा सकेगा।
- **किसान इसलिए कर रहे विरोध-** किसानों की प्रमुख मांग है कि जमीन का मुआवजा वर्तमान बाजार मूल्य के आधार पर तय किया जाए, न कि केवल सरकारी गाइडलाइन के अनुसार। इसके साथ ही किसानों ने ग्रीन फील्ड रोड की ऊंचाई कम करने और इसे सामान्य हाईवे के रूप में विकसित करने की मांग की, ताकि आसपास के गांवों के किसानों और ग्रामीणों को भी इसका लाभ मिल सके।

### ऐसे चल रहा है जमीन अधिग्रहण का काम

एसडीएम घनश्याम धनगर के मुताबिक, पूर्व में अधिग्रहित की जाने वाली जमीनों के अधिग्रहण के लिए धारा 19 के तह प्रकाशन किया जा चुका है। इसमें किसानों के स्वामित्व, रकबे की जमीन, जमीन का विवरण सार्वजनिक किया गया और उसके आधार पर सुनवाई सहित अन्य प्रक्रिया जारी है। अभी धारा 21 के तहत कार्रवाई की है। कुछ समय में फिर भूअर्जन अधिनियम के तहत अवॉर्ड पारित किया जाएगा।

# खेत पर जाने के लिए किसान ने मांगा हेलिकॉप्टर

## उज्जैन के किसान की सीएम से गुहार, कहा- हाईवे बनने से कोई रास्ता नहीं बचा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के एक किसान ने अपने खेत पर जाने के लिए मुख्यमंत्री से हेलिकॉप्टर की मांग की है। किसान ने गुरुवार को घट्टिया क्षेत्र के एसडीएम को आवेदन दिया है। जिसमें बताया है कि हाल ही में गरोठ हाईवे बनने से खेत पर जाने का कोई रास्ता नहीं बचा है। दरअसल, वर्ष 2023 में उज्जैन गरोठ हाईवे के निर्माण के दौरान उटेसरा गांव के किसान मानसिंह राजोरिया की 5 बीघा जमीन पर से हाईवे का निर्माण हुआ था।

जिसमें एक तरफ 3.5 बीघा तो दूसरी और 1.5 बीघा जमीन रह गई। किसान के खेत पर से करीब दो मीटर ऊंचा हाईवे बनाया गया जिसमें खेत पर जाने के लिए ना तो अंडर पास बना ना ही आसपास के किसानों ने खेत पर जाने के लिए जगह दी।

अब किसान के सामने समस्या खड़ी हो गई कि वो अपने खेत पर जाए कैसे। ट्रैक्टर, बैलगाड़ी या किसी अन्य गाड़ी से भी नहीं जा सकते हैं। जिसके कारण खेत जाने के सभी रास्ते बंद हो गए, जिससे खेती नहीं कर पा रहे हैं। रास्ते के लिए तहसीलदार, एसडीएम कलेक्टर को कई आवेदन दिए गए। सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की गई। इसके बाद भी जब निराकरण नहीं निकला तो किसान ने खेत जाने के हेलिकॉप्टर की मांग कर दी।







### आवेदन दे देकर थक गया, घिस गई चप्पल

किसान मानसिंह ने आवेदन में लिखा है कि कई बार आवेदन दिए गए। आवेदन दे देकर थक चुका हूं। चप्पलें तक घिस गई हैं। ऐसे में खेत पर जाने के लिए हेलिकाप्टर मांग रहा हूं, जिससे अपने परिवार का पोषण कर सकूं। अगर खेत के लिए रास्ता नहीं मिला तो मेरे परिवार को सिर्फ जहर देना पड़ेगा।

### तीन वर्ष से कर रहे हैं शिकायत

किसान की मां गीता बाई और पिता रामलाल ने कहा कि बीते तीन वर्षों से हाईवे का काम चल रहा है। कई बार शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। लहसुन-प्याज की फसल भी जैसे-तैसे निकाली।

### आवेदन मिला निराकरण करेंगे

घट्टिया तहसील एसडीएम राजाराम करजरे ने कहा खेत पर रास्ता निर्माण को लेकर किसान मानसिंह की हेलिकॉप्टर की मांग को लेकर आवेदन मिला है। जिसे गंभीरता से लिया है। जल्द ही इसका निराकरण करेंगे।

# अजाक्स का आईएएस संतोष वर्मा के समर्थन में अनिश्चितकालीन धरना

## उज्जैन में संगठन ने कार्रवाई वापस लेने की मांग की, 20 दिसंबर को रैली की चेतावनी




ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के फ्रीगंज टावर चौक स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर अजाक्स संगठन ने आईएएस संतोष वर्मा के समर्थन में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। संगठन संतोष वर्मा को पद से हटाए जाने की कार्रवाई वापस लेने की मांग कर रहा है। धरने से पहले कार्यकर्ताओं ने टावर चौक पर नारेबाजी भी की।

डॉ. अंबेडकर विद्यार्थी संगठन के राम सोलंकी ने बताया कि आईएएस संतोष वर्मा ने 23 नवंबर 2025 को तुलसीनगर स्थित अंबेडकर मैदान में अजाक्स संगठन के प्रांतीय अधिवेशन में मंच से संबोधित करते हुए कोई आपत्तिजनक या गलत बयान नहीं दिया था। उनके उद्बोधन को जानबूझकर तोड़-मरोड़ कर भ्रामक तरीके से प्रस्तुत किया गया है। संगठन का आरोप है कि शासन ने बिना उचित विचार-विमर्श, तथ्यों की निष्पक्ष जांच और कानूनी प्रक्रिया अपनाए बिना संतोष वर्मा पर कार्रवाई की जा रही है। इसी के विरोध में यह धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। सरकार से मांग की गई है कि संतोष वर्मा के खिलाफ की गई कार्रवाई को तत्काल वापस लिया जाए। विभिन्न संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ की गई कार्रवाई वापस नहीं ली गई, तो 20 दिसंबर को उज्जैन में एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### रतलाम की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर है विशिष्ट पहचानः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# रतलाम का सौभाग्य, बगैर मांगे मिली मेट्रोपोलिटिन रीजन में शामिल होने की सौगात : मंत्री काश्यप

### सीएम का रतलामवासियों ने अभूतपूर्व सौगात के लिए किया अभिनंदन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सेंव, सोना और साड़ी के लिए रतलाम की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति है। इससे रतलाम की अपनी विशिष्ट पहचान बनी है। रतलाम स्वाभिमानी और पुरुषार्थी लोगों की नगरी है। यहां के लोग काम के आधार पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाते हैं।




इसका सबसे अच्छा उदाहरण सूक्ष्म,लघु, एवं मध्यम, उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रतलाम को इंदौर मेट्रोपोलिटिन रीजन में शामिल करने के लिए रतलाम वासियों के द्वारा संवाद भवन (मुख्यमंत्री निवास) में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह को संबोधित करते हुए एमएसएमई मंत्री काश्यप ने कहा कि बगैर मांग के रतलाम को मेट्रोपोलिटिन रीजन में शामिल किया जाना रतलाम वासियों के लिए सौगात की बात है। रतलाम के प्रभारी मंत्री डॉ. विजय शाह ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को साकार करने वाले मुख्यमंत्री हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रतलाम में औद्योगिक विकास की सभी संभावनाएं पहले से ही असीमित हैं। इन संभावनाओं को साकार करने के लिए रतलाम को मेट्रोपोलिटिन क्षेत्र में शामिल किया गया है। नागदा और खाचरौद पहले ही शामिल कर लिए गए, ऐसी स्थिति में असीमित संभावनाओं से परिपूर्ण रतलाम को भी शामिल करना ही था। अब इंदौर, उज्जैन के साथ रतलाम के शामिल हो जाने से मेट्रोपोलिटिन रीजन का विकास ट्रिपल इंजन की समन्वित शक्ति से होगा।

उज्जैन
शुक्रवार
19
दिसम्बर, 2025

# दैनिक ब्रह्मास्त्र


परोपकृति कैवल्ये तोलयित्वा जनार्दनः।
गुर्वीमुपकृतिं मत्वा ह्यवतारान् दशाग्रहीत्॥

**अर्थः** विष्णु भगवान ने परोपकार और मोक्षपद दोनों को तोलकर देखे, तो उपकार का पल्लु ज्यादा झुका हुआ दिखा; इसलिए परोपकारार्थ उन्हों ने दस अवतार लिये।

## खबर एक नजर...

### वन विभाग को पहले दिन मिले बाघ-तेंदुए के निशान

**इंदौर।** इंदौर वन मंडल में बुधवार से ऑल इंडिया टाइगर एस्टिमेशन 2026 की शुरूआत में गुरुवार को पहले दिन वन अमले ने 103 वन बीटों में गहन जमीनी सर्वे किया। विभाग को शुरूआती निष्कर्षों में 21 बीटों में बाघों के संकेत और 74 बीटों में तेंदुओं की मौजूदगी मिली है। जिससे इंदौर वन मंडल में तेंदुओं की मजबूत उपस्थिति और बाघों की सीमित लेकिन महत्त्वपूर्ण गतिविधि सामने आई है। इंदौर वन मंडल सर्वे में पहले दिन चोरल वन क्षेत्र सबसे अधिक सक्रिय पाया गया। यहां कुल 33 बीटें हैं, जिनमें से 18 बीटों में बाघों के संकेत और सभी 33 बीटों में तेंदुओं की मौजूदगी दर्ज की गई। अधिकारियों के अनुसार यह क्षेत्र अब भी बड़े वन क्षेत्रों को जोड़ने वाला एक महत्त्वपूर्ण वन्यजीव कॉरिडोर बना हुआ है। इसी तरह इंदौर रेंज जो 26 बीटों में फैली है, में एक बीट में बाघों के संकेत और 15 बीटों में तेंदुओं की गतिविधि पाई गई, जो मुख्यतः वन किनारों और मानव गतिविधि वाले इलाकों के आसपास रही। वहीं महू रेंज की 20 बीटों में से दो बीटों में बाघों की हलचल और 15 बीटों में तेंदुओं की मौजूदगी दर्ज की गई। राष्ट्रीय रिपोर्ट वर्ष 2026 में जारी होने की संभावना है। मानपुर रेंज जिसमें 23 बीटें हैं, में पहले दिन बाघों के कोई संकेत नहीं मिले, लेकिन 10 बीटों में तेंदुओं के संकेत पाए गए। रालामंडल अभयारण्य, जो केवल एक बीट में फैला है, वहां तेंदुओं की मौजूदगी दर्ज की गई, जबकि बाघों के कोई प्रमाण नहीं मिले।

### सांसद ने माना, एयरपोर्ट पर यात्री हो रहे परेशान

**इंदौर।** इंदौर एयरपोर्ट पर यात्रियों को हो रही परेशानियों और बढ़ते यात्री दबाव को लेकर सांसद शंकर लालवानी ने गुरुवार को नई दिल्ली में नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू से मुलाकात की। इस दौरान एयरपोर्ट से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। सांसद लालवानी ने यात्रियों को रोजमर्रा में आ रही व्यावहारिक समस्याओं को एक-एक कर मंत्री के सामने रखा। सांसद लालवानी ने बताया कि इंदौर एयरपोर्ट पर पार्किंग एरिया में लगातार भीड़ बनी रहती है। पार्किंग के बाद टर्मिनल में प्रवेश के दौरान विशेष रूप से सुबह के समय लंबी कतारें लग जाती हैं, क्योंकि एक ही समय पर कई फ्लाइट्स का शेड्यूल रहता है। इसके अलावा सुरक्षा जांच के दौरान भी यात्रियों को काफी देर तक लाइन में खड़ा रहना पड़ता है, जिससे असुविधा बढ़ जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि जब एक साथ कई फ्लाइट्स आती हैं, तब एयरपोर्ट के वेटिंग एरिया में यात्रियों के बैठने के लिए पर्याप्त जगह नहीं रहती। इसका सबसे ज्यादा असर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों पर पड़ता है, जिन्हें खड़े होकर इंतजार करना पड़ता है।

### इंदौर शहर के बीच मेट्रो को लेकर हाईकोर्ट में सुनवाई

**इंदौर।** इंदौर शहर के बीच में मेट्रो ट्रेन शुरू करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर गुरुवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इसमें आज शासन की को जवाब पेश करना था लेकिन आज भी पेश नहीं किया गया। इस पर कोर्ट ने शासन को दो दिनों में स्टेटस रिपोर्ट पेश करने को कहा है। आज सुनवाई में याचिकाकर्ता किशोर कोडवानी कोर्ट में उपस्थित हुए और अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि इसका प्रस्ताव और प्रेजेंटेशन जिला योजना समिति के पास रुका हुआ है। इस पर कोर्ट ने कलेक्टर को निर्देश दिए कि इस मामले में प्रमुख सचिव के सामने सुनवाई कर निर्णय दें। मामले की सुनवाई अब 28 जनवरी को होगी। शासन की ओर से सरकारी एडवोकेट भुवन गौतम ने पक्ष रखा। सुनवाई में मेट्रो की ओर से रिपोर्ट पेश की जाना थी। याचिकाकर्ता समाज सेवी किशोर कोडवानी ने कहा कि मेट्रो की ओर से अब तक रिपोर्ट पेश नहीं की गई। याचिकाकर्ता कोडवानी का कहना है वे मेट्रो के खिलाफ नहीं हैं किंतु मेट्रो का स्वरूप क्या होगा, कैसे बनाया जाएगा, क्या योजना है, सर्वे में क्या क्या विसंगति है, इस बारे में कोई अधिकृत रुप से बताने को तैयार नहीं है।

---

### रोजाना 35-40 लाख का घाटा, होटल, पर्यटन और टैक्सी उद्योग पर भी पड़ा असर

# इंदौर एयरपोर्ट को फ्लाइट कैंसिल होने से करोड़ों का नुकसान

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंडिगो की लगातार उड़ानें रद्द होने का असर सिर्फ यात्रियों पर ही नहीं, बल्कि इंदौर एयरपोर्ट अथॉरिटी की आय पर भी पड़ा है। देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट को बीते पांच दिनों में करीब दो करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। उड़ानें रद्द होने से होटल, पर्यटन और टैक्सी उद्योग के साथ-साथ एयरपोर्ट की राजस्व व्यवस्था भी प्रभावित हुई है। इंडिगो की फ्लाइट कैंसिल होने का सिलसिला अब भी जारी है और पिछले दो दिनों से रोज एक से दो उड़ानें निरस्त हो रही हैं।

जानकारी के मुताबिक, इंदौर एयरपोर्ट से रोजाना करीब 12 से 14 हजार यात्री यात्रा करते हैं, जिनमें आधे आने और आधे जाने वाले होते हैं। इंदौर से संचालित उड़ानों में इंडिगो का नेटवर्क सबसे बड़ा है और यहां की आधे से अधिक उड़ानें इसी एयरलाइन पर निर्भर हैं। 4 से 8 दिसंबर के बीच इंडिगो की कई उड़ानें प्रभावित रहीं, जिससे इन दिनों में यात्रियों की औसत संख्या 40 से 45 प्रतिशत तक घट गई। 5 दिसंबर को स्थिति सबसे ज्यादा खराब रही, जब करीब 5 से 6 हजार यात्रियों को उड़ानें रद्द होने के कारण एयरपोर्ट से लौटना पड़ा। इंडिगो ने यात्रियों को टिकट की पूरी राशि वापस कर दी, लेकिन उड़ानें निरस्त होने से एयरपोर्ट अथॉरिटी को मिलने वाला शुल्क लगभग शून्य हो गया, जिससे भारी आर्थिक नुकसान हुआ। इंदौर से किसी भी विमानन कंपनी का टिकट बुक कराने पर यात्रियों से यूजर डेवलपमेंट फीस (यूडीएफ), रीजनल कनेक्टिविटी चार्ज (आरसीसी) और एविएशन सिक्योरिटी फीस मिलाकर औसतन 700 रुपए से अधिक शुल्क वसूला जाता है। यह शुल्क अलग-अलग एयरपोर्ट पर अलग-अलग होता है, जिसे एयरपोर्ट अथॉरिटी यात्री सुविधाओं के रखरखाव और विस्तार पर खर्च करती है।



#### आधी रह गई पैसेंजर संख्या

सामान्य दिनों में प्रतिदिन मिलने वाले यात्री शुल्क के मुकाबले संकट के दिनों में प्रतिदिन लगभग 5 हजार से 6 हजार यात्रियों से शुल्क नहीं मिल पाया। यानी एयरपोर्ट को रोजाना लगभग 35-40 लाख रुपए तक की चपत लगी। सूत्रों की माने तो एयरपोर्ट अथारिटी को पांच दिनों का कुल नुकसान 1.75 से 2 करोड़ रुपए या उससे अधिक होने का अनुमान है। एयरपोर्ट से टैक्सी का संचालन करने वाले संदीप यादव ने कहा कि उस समय लोग आए अंदर ही एयरपोर्ट में फंसे रहे। कई लोगों ने अपने रिश्तेदारों को एयरपोर्ट पर लेने बुला लिया। लोगों को फ्लाइट निरस्त होने की सूचना पहले मिल गई। लोग आए ही नहीं, इससे हमें सवारी ही नहीं मिली। अब जाकर हालात सामान्य हुए हैं। इसके अलावा पार्किंग को लेकर भी बड़ा नुकसान हुआ है। ट्रैवल एजेंटों का कहना है कि इस संकट से बड़ी संख्या में पैकेज और होटल रूम भी निरस्त हुए हैं। इससे भी काफी नुकसान हुआ है। होटलों ने क्रेडिट नोट बनाकर दिए हैं, लेकिन उससे मनचाही डेट पर बुकिंग नहीं हो पा रही है।

---

# इंदौर खजराना गणेश मंदिर के दानपेटियों से निकले 3.46 करोड़

### ये राशि साढ़े 8 माह में भक्तों ने भेंट की, सोने-चांदी के आभूषण, विदेशी मुद्राएं भी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

प्राचीन खजराना गणेश मंदिर में दानपेटियों से निकली राशि की वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी गणना पूरी हो गई है। इस बार कुल 1 करोड़ 78 लाख 26 हजार 684 रुपए मिले हैं।

दानपात्रों से सोने-चांदी के आभूषण, विदेशी मुद्राएं, बंद हो चुके 2000 के दो और 500 के तीन नोट भी निकले। दो नकली सोने के आभूषण भी मिले। यह गणना एक सप्ताह चली। मंदिर प्रबंधक गौरीशंकर मिश्रा के अनुसार, 1 अगस्त को हुई पहली गणना में 1 करोड़ 68 लाख 15 हजार 624 रुपए निकले थे। अब तक कुल 3 करोड़ 46 लाख 42 हजार 308 रुपए प्राप्त हुए हैं। दानराशि पीएनबी और यूनियन बैंक खातों में जमा की गई है।

मंदिर पुजारी पं. अशोक भट्ट ने बताया कि तीसरी गणना में दान के रिकॉर्ड टूटने की उम्मीद है। वर्ष 2024-25 में 4.89 करोड़ रुपए मिले थे। तिल चतुर्थी और नववर्ष पर भारी भीड़ को देखते हुए कुल दान 5 करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। गणना प्रदीप दुबे के नेतृत्व में 25 सदस्यीय टीम ने सीसीटीवी निगरानी में की। दान राशि धार्मिक और जनकल्याण कार्यों में उपयोग होगी।



---

# इंदौर में मासूम को बचाने सड़क पर जुटे लोग

### डॉक्टर्स बोले- दुनिया में इस बीमारी के मरीज गिने-चुने, अमेरिका से मंगाएंगे 9 करोड़ का इंजेक्शन

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में 3 साल की मासूम कनिका एक गंभीर बीमारी से जूझ रही है। बीमारी भी ऐसी कि जिसका इलाज दुनिया में सबसे महंगा है। बच्ची को स्पाइन मस्कुलर एट्रफी टाइप-2 नाम की बीमारी है। जिसके इलाज में लगने वाले इंजेक्शन की कीमत करीब 9 करोड़ रुपए है।

द्वारकापुरी इलाके में रहने वाले बच्ची के पिता प्रवीण शर्मा और मां संगीता शर्मा को जब से इस बीमारी का पता चला है, तभी से वे एक्टर्स, नेता, मंत्री, अफसरों समेत कई लोगों से संपर्क कर पैसे के इंतजाम में लगे हैं। 15 दिसंबर को बच्ची के बर्थडे पर बड़ी संख्या में लोग मदद के लिए राजवाड़ा पर जुटे थे। अभी तक ढाई करोड़ रुपए का इंतजाम हो चुका है। पैसे का इंतजाम होते ही एम्स के जरिए अमेरिका से इंजेक्शन मंगाया जाएगा। डॉक्टर का कहना है कि मुश्किल यह है कि दवा अभी केवल एक ही कंपनी नोवार्टिस बना रही है। किसी और कंपनी ने अब तक इस पर रिसर्च या प्रोडक्शन शुरू नहीं किया है। यही वजह है कि यह बहुत महंगी है। बीमारी के मरीज भी दुनिया में गिने-चुने ही हैं। ऐसे में दवा तैयार करने के लिए रिसर्च और ट्रायल पर बहुत ही ज्यादा खर्च होता है। स्थिति यह होती है कि ट्रायल के लिए मरीज मिलना भी मुश्किल होते हैं।

---

### इंदौर में सुबह भजन, शाम को पुराने गीत सुना रहे, दर्द-तनाव और बेचैनी में दिख रहा असर

# सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल में मरीजों का म्यूजिक थैरेपी से इलाज

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

सरकारी सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल इंदौर में भर्ती मरीजों के इलाज में अब म्यूजिक थैरेपी का भी उपयोग किया जा रहा है। सुबह मरीजों को भगवान के भजन और शाम को पुराने गीत सुनाए जा रहे हैं। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। डॉक्टरों के मुताबिक म्यूजिक थैरेपी से गंभीर मरीजों का दर्द और शारीरिक तकलीफ से ध्यान भटक रहा है और मानसिक तनाव में भी कमी आई है। जिससे स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है।

हाल ही में इंदौर में आयोजित न्यूरोलॉजी की इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में देश-विदेश के विशेषज्ञों ने म्यूजिक थैरेपी के लाभों पर अपने अनुभव साझा किए थे। इस दौरान इंदौर के एक मरीज का उदाहरण भी सामने आया, जिसे पांच साल की उम्र में करीब 30 साल पहले अमेरिका में म्यूजिक थैरेपी दी गई थी और जिसके नतीजे आज भी प्रभावशाली हैं।

परिवार के एक रिश्तेदार की सलाह पर निखिलेश को अमेरिका के फिनिक्स (एरिजोना) स्थित सेंटर ले जाया गया, जिसका मुख्य केंद्र पेरिस में है। जांच के बाद डॉक्टरों ने मानसिक विकास में कमी (मेंटल रिटार्डेशन) के साथ ऑटिज्म की भी पुष्टि की। निखिलेश को अमेरिका में तीन महीने तक साउंड एंड लिसनिंग थैरेपी दी गई। इस थैरेपी में विशेष हेडफोन के जरिए खास तरह का संगीत सुनाया जाता है। तीन महीने में ही निखिलेश में बड़ा बदलाव देखने को मिला। जो बच्चा पहले आवाज सहन नहीं कर पाता था, वह धीरे-धीरे साउंड लेने लगा। कार रुकने पर बेचैन होने वाला बच्चा अब शांत रहने लगा।



- **इंदौर का पहला बच्चा जिसे अमेरिका में मिली म्यूजिक थैरेपी-** यह मामला एमजी रोड निवासी सतीश-सरिता भंडारी के बेटे निखिलेश का है, जो वर्तमान में 35 वर्ष का है। निखिलेश को बचपन में मानसिक विकास संबंधी समस्याएं थीं। मां सरिता भंडारी के अनुसार जब निखिलेश तीन वर्ष का था तब पता चला कि उसके मानसिक विकास में दिक्कत है। वर्ष 1993 में इंदौर और फिर मुंबई में इलाज कराया गया, लेकिन अपेक्षित सुधार नहीं हुआ।
- **ऐसे थे शुरूआती लक्षण-** तीन साल की उम्र के बाद भी निखिलेश बोल नहीं पाता था, जमीन पर पैर रखने से बचता था और तेज आवाज होने पर कान बंद कर लेता था। कार में बैठने पर वह लगातार गाड़ी चलाने की जिद करता था। खाने में भी वह सफेद खाद्य पदार्थ नहीं खाता था और अधिकतर क्रंची चीजें ही पसंद करता था।

## खबर एक नजर...

### बीमा में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश का विरोध

**उज्जैन।** बीमा में 100% विदेशी प्रत्यक्ष निवेश से, विदेशी बीमा कंपनियां हमारी घरेलू बचत और हमारी आर्थिक संप्रभुता पर पूरी तरह कब्जा कर लेंगी, जिससे बीमा नियामक और केंद्र सरकार को और भी विनाशकारी कदम उठाने पड़ेंगे। सार्वजनिक क्षेत्र को खत्म करने, उनके कामकाज में रुकावट डालने और संसदीय जाँच को कमजोर करने की मांगें उठेंगी। इसमें कोई शक नहीं कि मौजूदा केंद्र सरकार इसके फायदे गिना रही है पर उनके इरादों में संशय है क्योंकि इससे सिर्फ विदेशी पूंजीपतियों को मदद मिलेगी। सरकार की इन मनमानी कॉर्पोरेट-समर्थक नीतियों को बदलने के लिए आल इंडिया इंश्योरेंस एम्प्लाइज एसोसिएशन के आव्हान पर भारतीय जीवन बीमा निगम के उज्जैन शाखा कार्यालयों में भोजनावकाश में प्रदर्शन किये गए। प्रदर्शन को वर्ग एक अधिकारी संघ ने भी समर्थन दिया। साथी बी एल जैन, प्रशांत सोहले, अनिल कुरेल, कुलदीप सिंह, दीपिका सक्सेना, प्रकाश बांगर, बी डी बैरागी ने अपने विचार व्यक्त किये। आंदोलन को बैंक के संघों ने भी समर्थन किया व कॉम यू एस छाबड़ा ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

### अस्मिता -महिला बास्केटबॉल सिटी लीग आज से

**उज्जैन।** स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, भारत सरकार की खेलों की महत्वपूर्ण योजना, मध्य प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में उज्जैन कार्पोरेशन एरिया बास्केटबॉल एसोसिएशन द्वारा अस्मिता -महिला बास्केटबॉल सिटी लीग का शुभारंभ आज 19 दिसंबर को बॉस्केटबॉल एरिना महानंदा नगर पर शाम पाँच बजे से किया जा रहा है।

आयोजन समिति की सचिव ऋतु शर्मा ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता उज्जैन शहर में बास्केटबॉल खेल की लोकप्रियता को देखते हुए सेंट्रल गवर्नमेंट ने लगातार तीसरे वर्ष में उज्जैन को यह लीग करवाने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया है। आयोजन समिति की सदस्य प्रगति जैन व मनीषा पंवार ने प्रतियोगिता में उज्जैन शहर की 15 स्कूलों की टीमों के भाग लेने की संभावनाएं व्यक्त की है। सभी प्रतिभागियों को आकर्षक प्रमाण पत्र तथा विजेता, उपविजेता को ट्रॉफी वह मेडल प्रदान किए जाएंगे।

### निगम के बाहर से आये अधिकारी स्वार्थ सिद्धि में लगे - कोरट

# कर्मचारियों ने निगम गेट पर जमकर की नारेबाजी

### शासन द्वारा करोड़ों रुपये के कार्य सौंपे जाते हैं लेकिन अधिकारियों को उज्जैन शहर के कार्यों से कोई मतलब नहीं होता





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नगर निगम उज्जैन में शासन ने जब से उज्जैन के बाहर से अधिकारियों को पहुंचाना शुरू किया है तब से आज तक ये अधिकारी अपनी स्वार्थ सिद्धि की पूर्ति कर यहां से चले जाते हैं। पहले स्थानीय स्तर के अधिकारी होते थे, जो नगर निगम के कार्यों को लगन एवं ईमानदारी से करते थे। नगर निगम की गरिमा को उनके द्वारा समझा जाता था, लेकिन ये बाहर से आये अधिकारियों (आयुक्त के अतिरिक्त) को केवल अपनी स्वार्थ की पूर्ति करना होता है। नगर निगम के अधिकारियों को ऐसे कर्मचारियों से कोई लेना-देना नहीं होता है।

उक्त बात भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ, सफाई कामगार संघ, सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ, आउटसोर्स कर्मचारी संघ के संरक्षक रामचंद्र कोरट ने कही। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा करोड़ों रुपये के कार्य सौंपे जाते हैं लेकिन अधिकारियों को उज्जैन शहर के कार्यों से कोई मतलब नहीं होता है। नगर निगम में आयुक्त के साथ मीटिंग में सभी मांगों पर सहमति बन जाती है लेकिन उनके अधिनस्थ अधिकारियों द्वारा कोई रुचि नहीं ली जाती है। जिससे निगम का कर्मचारी आज परेशान हो रहा है, जिनकी कोई सुनवाई नहीं होती है। इसलिए हमें आंदोलन की राह अपनाना पड़ती है।

भारतीय मजदूर संघ एवं राज्य कर्मचारी संघ नेता मनोहर गिरी ने भी कहा कि आपकी समस्त मांगों का निराकरण कराने हेतु राज्य कर्मचारी संघ हमेशा निगम कर्मचारियों के साथ खड़ा है।

सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ अध्यक्ष डॉ. पवन व्यास ने कहा कि निगम अधिकारियों की बदतमीजी कर्मचारियों के प्रति बढ़ती ही जा रही है, एक अदने से प्रभारी अधिकारी के कहने पर अपर आयुक्त (वित्त) ने एक कर्मचारी से दुर्व्यवहार किया गया, जो बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ अध्यक्ष रमेशचंद्र रघुवंशी ने कहा कि अखबारों में पढ़ा कि सम्पत्तिकर वसूली में रिकार्ड 5 करोड़ से अधिक की आय निगम ने अर्जित की है। इसके बावजूद सम्पत्तिकर के अधिकारियों-कर्मचारियों का 7 दिवस का वेतन रोक दिया गया। इनके अतिरिक्त रमेशचंद्र निगम, पी.एल. टटवाल, नितिन मुसले, मनसुख मेहरवाल आदि ने भी कर्मचारियों को संबोधित किया। गेट मीटिंग का संचालन सफाई कामगार संघ सचिव संदीप कलोसिया ने किया। इस अवसर पर रामविलास गुप्ता, रमेशचंद्र मकवाना, दशरथ लोदवाल, अजयप्रकाश मेहता, कमलकिशोर गेहलोत, लक्ष्मीनारायण चंदेल, उमाशंकर मिश्रा, जफर आलम अंसारी, अमरनाथ झा, वजीर बेग, अल्काब भाई, गय्यूर भाई, अजय दावरे, महेश झांझोट, राजेश लोट, शैलेन्द्र तेजी, सोनू पटोना, शैलेष नागर, दिलीप घावरी, जयनारायण आर्य, मुकेश कल्याणे, सुधीर भारती, मनोज सक्सेना, संतोष शर्मा, धीरज कलोसिया, अजय संगत सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जेके लक्ष्मी सीमेंट ने उड़ान थीम पर करियर काउंसलिंग कैंप लगाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

देश की जानी-मानी सीमेंट कंपनी जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड ने उज्जैन शहर के इंदिरा नगर ढांचा भवन स्थित पीएम श्री शास. हाई स्कूल में विद्या करियर कार्यशाला लगाई, जिसमें जेके लक्ष्मी सीमेंट से जुड़े ठेकेदार और मिस्त्री के बच्चों और स्कूल के बच्चों सहित कुल 80 छात्र एवं छात्राओं ने हिस्सा लिया। कंपनी के टॉप रैंकर्स काउंसलर श्री आदित्य जी ने बच्चों को डॉक्टर, मैनेजमेंट, इंजीनियर, पुलिस, आर्मी, वकील आदि कई तरह के करियर के बारे में बहुत अच्छे तरीके से समझाया। जो भी बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं, उन्हें अपनी रुचि और विषय के हिसाब से करियर बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिजनेस करने के लिए किसी डिग्री की जरूरत नहीं होती, लेकिन किसी और फील्ड में करियर बनाने के लिए डिग्री, डिप्लोमा आदि की जरूरत होती है। कंपनी का मकसद स्टूडेंट्स का भविष्य उज्ज्वल बनाना है, इसी मकसद से यह कार्यशाला लगाई जा रही है। टीम ने स्टूडेंट्स को सर्टिफिकेट भी बांटे। इसके साथ ही जेके लक्ष्मी सीमेंट के टेक्निकल स्टेट हेड श्री विकास शिशोदिया ने भी स्टूडेंट्स को जेके लक्ष्मी सीमेंट की प्रोफाइल के बारे में बताया। पी. एम. श्री स्कूल की प्रिंसिपल मैडम श्रीमती अलका सहस्त्रबुद्धे ने कंपनी की इस पहल की तारीफ की। इस मौके पर उज्जैन शहर के जेके लक्ष्मी सीमेंट के सेल्स प्रमोटर आयुष कंस्ट्रक्शन से श्री राजेश गुप्ता, सेल्स अधिकारी श्री कशिश गुप्ता, तकनिकी अधिकारी श्री कमल ओझा, अकाउंट्स से श्री मोनेश कटारिया और स्कूल का पूरा स्टाफ और स्टूडेंट्स मौजूद रहे।

# गुरुद्वारा साहिब माता गुजरीजी में दो दिवसीय शहीदी-पर्व 20 दिसंबर से

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



धर्मरक्षक चार साहिबजादे, माता गुजरीजी एवं अनेक सिंघ-सिंघणियों का शहीदी पर्व उज्जैन की समूह साध संगत द्वारा श्रद्धा, उत्साह एवं समर्पण भाव से 20 एवं 21 दिसम्बर को मनाया जाएगा। जिसमें अमनदीप सिंघ मंझ साहिबजी, बीबी कौलां वाले एवं सहयोगी संगत को गुरुबाणी कीर्तन - कथा द्वारा निहाल करेंगे। सेवक

दीपक राजवानी ने बताया कि दो दिवसीय शहीदी पर्व से पूर्व 18 दिसंबर को शहीदी जोड़ मेला बच्चों की गुरमत प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। वहीं गीता कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा साहिब माता गुजरीजी में 20 दिसंबर शनिवार सवेरे 8.30 बजे अखण्ड पाठ सा. की समाप्ति, 9 बजे निशान साहिब की सेवा होगी। शनिवार को ही शाम 6:30 से 7:30 तक पाठ रहिरास सा. कीर्तन स्थानीय जत्था द्वारा किया जाएगा। वहीं शाम 7:30 से 9:45 तक भाई भाई अमनदीप सिंघ मंझ साहिब जी बीबी कौलां वाले द्वारा कीर्तन किया जाएगा। 21 दिसंबर रविवार प्रातः 10 बजे से 11:30 बजे तक कीर्तन स्थानीय जत्था द्वारा तथा प्रात : 11.30 बजे से 2 बजे तक (कथा-कीर्तन) भाई भाई अमनदीप सिंघ मंझ साहिब जी, बीबी कौलां वाले द्वारा किया जाएगा। कीर्तन की समाप्ति उपरांत) गुरु जी के अटूट लंगर का आयोजन किया जाएगा। गुरुद्वारों के अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह चावला, चरणजीत सिंह कालरा, इकबाल सिंह गांधी, जसवंत मक्कड़ ,सरपंच बाबा जी, हाकम सिंह, जोगेन्दर सिंघ डंग एवं पदाधिकारी अन्नू अरोरा, हरपाल चावला, अवतारसिंह अरोरा, अवतारसिंह जुनेजा, बंटी मोंगा, विक्की चावला, कपिल अरोरा, जसबीर कौर चावला, हरजीत कौर अरोरा, शिट्टो अरोरा, बबली चावला ने सभी से शहीदी पर्व में शामिल होने का अनुरोध किया है।

# दो दिवसीय कौशल उन्नयन एवं नेतृत्व विकास प्रशिक्षण का शुभारंभ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




मध्य प्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्यादित, भोपाल व जिला सहकारी संघ मर्यादित, उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में उज्जैन जिले की जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, उज्जैन के तराना तहसील के शाखाओं एवं सेवा (बी पेक्स) सहकारी संस्थाओं के प्रशासक, शाखा प्रबंधक, समिति प्रबंधक, कम्प्यूटर आपरेटरों का दो दिवसीय कौशल उन्नयन एवं नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

प्रभारी प्रबंधक सुमेरसिंह सोलंकी ने स्वागत भाषण में शिक्षण प्रशिक्षणों का महत्व बताते हुए लाईट का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार एक अंधेरे कमरे में एक दीप प्रज्वलित होने से हमें अंधकार से मुक्ति मिलती है उसी प्रकार से हमे शिक्षण प्रशिक्षणों से ज्ञान रूपी ज्योत जाग्रत होकर संस्थाओं से संबंधित नित्य कार्यों से हमें सहयोग व सहायता मिलती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ए. के. सिंह ने कहा कि जिस प्रकार चलायमान पानी चलता रहता है व साफ होता रहता है, उसी प्रकार शिक्षण प्रशिक्षणों से व संस्थागत गत कार्यों में कम्प्यूटरिकरण से पारदर्शिता व कार्यों में तेजी आवेगी। सहायक आयुक्त, संजय कौशल ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धा के दौर में सहकारिता अधिकारियों, कर्मचारियों को सदस्य के प्रति जबावदेही के साथ कार्य करें, जिससे सहकारी संस्थाएँ उन्नती और विकास की ओर अग्रसर हो सके। म.प्र. राज्य सहकारी संघ मर्यादित, इन्दौर के सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र के प्राचार्य दिलीप मरमट ने कहा कि शिक्षण प्रशिक्षणों से नवाचार के अंतर्गत कार्य करने में अनुभव व ज्ञान प्राप्त होता है। आडीट आफीसर संजीव शर्मा ने सहकारिता क्या, क्यों और कैसे व सहकारिता से सहकार व संस्थाओं में सहकारिता के माध्यम से समृद्धि कैसे हो के संबंध में एवं साथ ही नवीन बी.पैक्स संस्थाओं को किस प्रकार से सहकारिता के क्षेत्र में कार्य करना चाहिये के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षक मदन साखला ने कहा कि संस्थाओं के कर्मचारी अपने कार्यों में दक्ष तो होते ही है, लेकिन इस प्रकार के शिक्षण प्रशिक्षणों से प्रेक्टिकल कार्यों में और अधिक निपुण होकर सहकारिता से समृद्धि की नीति को साकार कर सकेंगे। आपने जिला संघ द्वारा प्रचार-प्रसार के क्षेत्र में सतत प्रशिक्षण आयोजन करने पर प्रशंसा व्यक्त की। शाखा प्रबंधक दिनेश जादौन ने शाखाओं में प्रबंधन, ऋण वितरण एवं वसूली के संबंध विस्तृत प्रशिक्षण दिया।

## खबर एक नजर...

### संगठन सृजन अभियान के तहत संगठन में नई नियुक्ति

**उज्जैन।** संगठन सृजन अभियान के तहत संगठन में नई नियुक्ति की जा रही है। जिसके तहत ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की घोषणा की गई साथ ही संगठन में अन्य दायित्व प्रदान किये गये।

नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने कहा कि कांग्रेस संगठन को और मजबूत बनाने का कार्य जारी है। ऊर्जावान साथियों को संगठन के दायित्व दिए जा रहा है। जिसके तहत अभिषेक लाला को जीवाजीगंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, संचित शर्मा महाराजवाड़ा कार्तिक चौक ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, रहीम लाल दौलतगंज सराफा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, चंद्रभान सिंह चंदेल माधव नगर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, बबलू खींची शास्त्री नगर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तथा दुर्गेश धवन अंबेडकर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनाये गये। वहीं महामंत्री संगठन के पद पर अजय राठौर को नियुक्त किया गया। इन सभी नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी, जिला कांग्रेस के अध्यक्ष एवं विधायक महेश परमार, शहर कांग्रेस के अध्यक्ष मुकेश भाटी का आभार व्यक्त किया।

### भारत भारती ने किया परिचयात्मक कार्यक्रम

**उज्जैन।** आज हम सबको संगठित होना जरूरी है। भारत को महान देखना है तो हमारे समाज की सभी शक्तियों को एक होना पड़ेगा। आज भारत भारती की देश के 22 राज्यों के 150 शहरों में शाखाएं हैं। भारत माता हम सबकी है। जन को जन से मिलाना, सभी लोगों को भारत माता और भारत की मिट्टी के प्रति गौरव जगाने का कार्य भारत भारती कर रही है।

ये विचार भारत भारती, उज्जैन द्वारा गुजराती समाज धर्मशाला में आयोजित परिचयात्मक कार्यक्रम में भारत भारती राष्ट्रीय समिति की सह सचिव साधना राव ने मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। आपने कहा कि संस्कृति विभिन्न होने के बाद भी वसुधैव कुटुंबकम भारत भारती का उद्देश्य हैं। दूसरे राज्यों की संस्कृति को सम्मान देना और मिलजुलकर संगठित समाज बनाना भारत भारती का लक्ष्य है। भारत भारती आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षा के लिए सहायता भी प्रदान कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध शिक्षाविद, सिंहस्थ प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष दिवाकर नातू ने की। विशेष अतिथि सम्राट विविवि के कुलगुरु अर्पण भारद्वाज एवं मालवी साहित्यकार प्रो. शिव चौरसिया थे। आशीर्वचन चारधाम महामंडलेश्वर स्वामी शांतिस्वरूपानंद जी ने देते हुए कहा कि भारत भारती का उद्देश्य वर्तमान परिस्थितियों और समय के परिपेक्ष में प्रशंसनीय है। हमारा स्वयं का कुछ भी नहीं है जो भी कुछ है हम अपने देश से ही हैं तथा तन मन धन से देश के लिए कार्य करना हमारा सबसे बड़ा कर्तव्य है। सारस्वत अतिथि सम्राट विविवि हिन्दी अध्ययनशाला के पूर्व अध्यक्ष आचार्य हरिमोहन बुधौलिया ने भारत भारती के द्वारा संचालित गतिविधियों की सराहना करते हुए अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का आग्रह किया। विशेष अतिथि सम्राट पाणिनी संस्कृत विवि के कुलगुरु डॉ. शिवशंकर मिश्र और पाणिनी संस्कृत विवि के आचार्य डॉ. तुलसीदास परोहा ने भारतीय संस्कृति, सांस्कृतिक मूल्यों और भारत के स्वरूप एवं भौगोलिक परिप्रेक्ष्य में प्रकाश डालते हुए भारत भारती की स्थापना पर अपनी शुभकामनाएं प्रदान की।

# सेमिनारः महिलाओं के विकास में सहकारी संस्थाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं - वीणा बेन शर्मा

### माधव कॉलेज में महिला सहकारिता केंद्रित सेमिनार का शुभारंभ

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




हम महिलाओं को सहकारीता से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। हमारी श्री स्वासरे महिला सेवा संघ की स्थापना 1972 में ईलाबेन भट्ट ने की थी। उनका विजन महिलाओं का संघर्ष और विकास था। वर्तमान में हमारी महिला सहकारी संस्था सेवा 18 राज्यों में 32 लाख महिलाओं के साथ काम कर रही है। हमने महिलाओं को सहकारिता के माध्यम से आत्म निर्भर करने का बीड़ा उठाया है। सेवा संघ ने इसको बहुत सफलता पूर्वक अंजाम दिया है। हम बहनों की जरूरत के हिसाब से कार्य कर रहे हैं। महिलाओं द्वारा सुबह 5 बजे से रात 11 बजे तक घर पर कार्य किया जाता है। हमारी संस्था की महिला सदस्य डिजिटल क्षेत्र में भी आगे बढ़ रही हैं। महिलाओं को सशक्त बनाये बिना देश का संपूर्ण विकास सम्भव नहीं। ये उद्गार श्री महिला सेवा संघ अहमदाबाद की समन्वयक वीणा बेन ने महिला सहकारिता डिजिटलीकरण केन्द्रीत दो दिवसीय संगोष्ठी का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किये। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय सेमिनार में सारस्वत अतिथि नगर निगम सभापति कलावती यादव ने कहा कि आज महिलाएं बहुत मेहनत कर रही हैं। सहकारिता का डिजिटलीकरण महिला सशक्तिकरण और समावेशी विकास का एक शक्तिशाली मार्ग है। सहकारी क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं को डिजिटल शिक्षा दी जानी चाहिए। डिजिटल शिक्षा अपना कर महिलाएं उद्यमिता और बेहतर बाजार तक पहुंच सकती हैं। पारंपरिक बाधाओं को तोड़कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकती हैं। मुख्य अतिथि विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने कहा कि सहकारिता का दूसरा नाम सामंजस्य है। सहकारिता हमारे देश के पुरातन में निहित रही है। सहकारिता के महापुरुष वर्गीज कुरियन ने कहा था कि सहकारिता से देश की दशा बदल सकती है। लिज्जत पापड़ वालो ने महिलाओं को सहकारिता में जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है। कार्यक्रम में स्वागत वक्तव्य प्राचार्य डॉ कल्पना सिंह ने दिया। उन्होंने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में महिलाएं नई परिभाषा लिखने जा रही हैं। डिजिटल युग में महिलाओं की भूमिका बदलकर महत्वपूर्ण हो रही है। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र अध्ययनशाला के अध्यक्ष डॉ एस के मिश्रा ने सहकारिता के क्षेत्र में होने वाले भ्रष्टाचार को रोकने पर बल दिया और कहा कि इसे पारदर्शी बनाने की सख्त जरूरत है।

# सेवाधाम आश्रम में 20-21 दिसम्बर को होगी दो दिवसीय द्वितीय इंटरनेशनल सोशल वर्कर्स कांफ्रेंस

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

दो दिवसीय सम्मेलन में राष्ट्रीय महासचिव (संगठन), भाजपा सहित भारत के अनेक पद्मश्री, देश-विदेश के अनेक प्रबुद्धजन, कुलाधिपति, विषय विशेषज्ञ भारत के नवनिर्माण में सामाजिक समरसता के साथ सामाजिक संगठनों एवं समाजसेवकों की भूमिका पर मंथन होगा।

अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम में भारतीय शिक्षा मण्डल एवं सामाजिक कार्य विभाग सम्राट विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में 20 एवं 21 दिसम्बर को आयोजित होने वाले द्वि-दिवसीय द्वितीय इंटरनेशनल सोशल वर्कर्स कांफ्रेंस्ह की जोरो शोरो से तैयारियाँ चल रही है। आश्रम के 1200 से अधिक पारिवारिक सदस्यों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। द्वि-दिवसीय द्वितीय इंटरनेशनल सोशल वर्कर्स कांफ्रेंसह अध्यक्ष श्री भरत भाई पटनी डीडब्लूबीडीएनसी सदस्य, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत शासन, सह-अध्यक्ष श्री अशोक अवस्थी, बिजनेस लीडर व वरिष्ठ समाजसेवक, अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम संस्थाध्यक्ष डॉ. ऋषि मोहन भटनागर, दिल्ली एवं आश्रम संस्थापक सुधीर भाई गोयल ने बताया कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, श्री बी.एल.संतोष राष्ट्रीय महासचिव संगठन भाजपा, श्री हर्ष मल्होत्राजी राज्यमंत्री सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, श्री के. लक्ष्मणजी राज्यसभा सदस्य एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा ओबीसी मोर्चा, अनेक विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति सहित अनेक पद्मश्री, देश-विदेश के प्रतिष्ठित समाजसेवी, शिक्षाविद्, दार्शनिक, चिंतक, शोधार्थी एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में सम्मिलित होंगे। इस कांफ्रेंस में भारत के नवनिर्माण में सामाजिक समरसता के साथ सामाजिक संगठनों एवं समाजसेवकों की भूमिका के साथ ही सामाजिक संगठनों, सामाजिक कार्यकताओं, समाज सेवकों और रचनात्मक कार्यकताओं की सेवा, शिक्षा, स्वास्थ, स्वावलम्बन के साथ सामाजिक समरसता के क्षेत्र में सरकार, राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवी संगठनों, उद्योगिक, शिक्षा जगत, आध्यात्मिक संगठनों, गैर सरकारी संगठनों के साथ किस प्रकार से सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो और मानसिक, शारीरिक, बौद्धिक रूप से ग्रसित, समाज से बहिष्कृत, तिरस्कृत दिव्यांगों और वंचित समुदाय के लिए विशेष कार्य योजनाओं पर चिंतन, मनन के साथ विशेष रूप से समाजसेवकों के विविध क्षेत्रों में योगदान, उनकी सामाजिक पारिवारिक और व्यक्तिगत कठिनाईयों, सामाजिक सुरक्षा सहित सामाजिक उत्थान में सरकार, शैक्षिक संस्थानों, धार्मिक संस्थाओं, औद्योगिक प्रतिष्ठानों की भूमिका पर विशेष रूप से विषय विशेषज्ञों के साथ विस्तार से चर्चा और मंथन होगा।

### छात्रों को चंद्रयान मिशन की जानकारी दी गई

मंडलेश्वर। नगर के महात्मा गांधी हायर सेकेंडरी विद्यालय में पाटीदार इंटरप्राइजेस और पोलाद स्टील बार्स कंपनी द्वारा चंद्रयान मिशन पर एक कार्यक्रम रखा गया कार्यक्रम में विद्यालय के 395 छात्र और स्कूल स्टाफ को विद्यालय परिसर में श्री डी वीडियो के माध्यम से एक प्रोजेक्ट दिखाया गया जिसमें चंद्रयान 1,2,3 पर आधारित महत्वपूर्ण वीडियो बताए गए वीडियो के माध्यम से छात्रों को चंद्रयान मिशन के बारे में बहुत कुछ सीखने को मिला जो कि उनके छात्र जीवन के लिए बहुत जरूरी हैं कार्यक्रम में प्रदीप पाटीदार (पाटीदार इंटरप्राइजेज) और प्रितम पटेल (पोलाद स्टील बार्स कंपनी) उपस्थित थे विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र कुमार सोनी ने चंद्रयान मिशन कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कम्पनी को शुभकामनाएं दी।

## 20-21 दिसंबर को होगा अग्रवाल समाज का वैवाहिक युवक-युवती परिचय सम्मेलन

### 500 से अधिक प्रविष्टियां आईं, देश-विदेश से भी आएंगे युवक-युवती

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

20-21 दिसंबर को अखिल भारतीय वैवाहिक परिचय सम्मेलन उज्जैन में शगुन शहनाई गार्डन शिप्रा तट पर आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में डॉक्टर, इंजीनियर, कंप्यूटर इंजीनियर, बीडीएस, एडवोकेट, चार्टर्ड सहित उच्च शिक्षित विवाह योग्य युवक युवती भाग ले रहे हैं।

अग्रवाल जैसीस के संयोजक विजय अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन में 500 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुई है जिसमें देश-विदेश की प्रविष्टियां प्राप्त हुई है। विवाह योग्य युवक-युवती विदेश से भी इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए आ रहे हैं। बायोडाटा को लेकर एक शानदार पुस्तिका का प्रकाशन भी किया जा रहा है। कार्यक्रम हेतु स्वागत अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी राकेश अग्रवाल को बनाया गया है। अग्रवाल जैसीस के अध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल महिला जैसीस की टीम भी सम्मेलन की तैयारी में लगी हुई है। इस परिचय सम्मेलन में पहली बार मंच से परिचय देने वाले युवक युवतियों के बीच भव्य उपहार योजना के अंतर्गत 43 इंच का कलर टीवी वीआईपी का ट्रॉली बैग, डिनर सेट, चांदी के सिक्के, मिक्सर और ढेर सारे उपहार मंच से दिए जाएंगे। जेसिस संरक्षक जयकिशन अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन हेतु अग्रवाल जेसीस की टीम शहर के बाहर भी जाकर प्रविष्टि ला रही है इस हेतु विभिन्न समितियां बनाई गई है। बाहर से आने वाले समाज बंधुओ के ठहरने की व्यवस्था, भोजन की व्यवस्था भी की गई है। रजिस्ट्रेशन प्रभारी राजेंद्र अग्रवाल, मनोहर गर्ग, नरेंद्र गुप्ता, आयुष अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, इंद्रेश अग्रवाल, पत्रिका वितरण शर्मिला गुप्ता, नीतिका गर्ग, निहारिका, प्रिया अग्रवाल, रंजीत अग्रवाल, रानू अग्रवाल, गीता अग्रवाल, विजया अग्रवाल, राजश्री अग्रवाल, मीना गर्ग, आवास व्यवस्था महेश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, श्लोक अग्रवाल एवं जल कार्य हेतु डॉ. मनोज अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, को बनाया गया है।

# शांति दूत पं. नेहरू राजकीय सम्मान से सम्मानित हुए डॉ. आरसीपी सिसौदिया

### 84 वर्षीय डॉ. सिसौदिया ने जीवन में संघर्ष तो किया ही संघर्ष नाम का उपन्यास भी लिखा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



नई दिल्ली में आयोजित भारतीय दलित साहित्य अकादमी के समारोह में साहित्यकार एवं वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ आरसीपी सिसोदिया को शांति दूत पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया।

न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष एम आर मंसूरी ने बताया कि साहित्यकार डॉ आरसीपी सिसोदिया ऑरडी गारडी चिकित्सालय में सीएमएचओ एवं भाटपचलाना, घटिया, माकड़ोन, उन्हेल बीएमओ के पद पर रहे। इनकी कार्यशैली, कुशल क्षमता व व्यवहार जग जाहिर है। इन्होंने जीवन में संघर्ष तो किया साथ ही ह्रसंघर्षह नाम का उपन्यास भी लिखा है। जिसके कारण इनका सम्मान किया गया। चिकित्सा जगत में मात्र 6 घंटे में 101 महिला व पुरुष नसबंदी ऑपरेशन करके मध्य प्रदेश में रिकॉर्ड कायम किया। इन्होंने सेवानिवृत्ति के बाद भी 15 वर्षों तक 82 साल की उम्र में आरडी गारडी मेडिकल कॉलेज में सीएमएचओ के पद पर रह कर कोरोना काल में भी अपनी सेवाएं लगातार जारी रखी। एमआर मंसूरी ने कहा कि डॉ. सिसोदिया जाने-माने एवं सरल हृदय चिकित्सक हैं। 84 वर्ष की उम्र में भी डॉ. सिसौदिया की सक्रियता, सेवा किसी युवा से कम नहीं। डॉ. सिसोदिया के सम्मान पर डॉ बीएल मालवीय, डॉ अनुराग सिंह सिसोदिया, डीएसपी मानसिंह परमार, न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष एम आर मंसूरी, संभागीय सचिव संजय सिसोदिया, संभागीय उपाध्यक्ष एल एन गहलोत, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार सोलंकी, अमृतलाल देवड़ा, पीसी बैरवा, डी एस सोनरे, हेमंत आठिया, अशोक सराठे, डेविड जोसेफ आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित की।

## खबर एक नजर...

### सौतेले पिता को 20 साल की सजा सुनाई

रतलाम। कोर्ट ने नाबालिग सौतेली बेटी को हवस का शिकार बनाने वाले पिता को 20साल की सजा सुनाई है। खास बात यह है कि बदनामी के डर और परिजनों के दबाव में आकर पीड़िता कोर्ट में अपने बयानों से पलट गई थी, लेकिन डीएनए रिपोर्ट और घटना के बाद दिए गए बयानों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को दोषी माना। कोर्ट ने उस पर एक हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। फैसला षष्ठम अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) राकेश कुमार शर्मा ने सुनाया। अभियोजन के अनुसार, 16 साल की पीड़िता ने 6 जुलाई 2021 को डीडी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि मां ने 7 साल पहले दूसरी शादी की थी। 29 मई 2021 को सौतेले पिता ने मां को मारपीट कर घर से भगा दिया। उसी रात उसने मेरे साथ गलत काम किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी।

### चौमुखा महादेव मंदिर पर अब प्रतिदिन होगा अभिषेक

रतलाम। श्री सनातन धर्म सभा एवं महारुद्र यज्ञ समिति ने बागड़ों का वास स्थित अगरजी मंदिर में प्राचीन शिवलिंग श्री चौमुखा महादेव का अब एक-एक सनातनी परिवार बारी-बारी से प्रतिदिन अनवरत अभिषेक करेगा। यह योजना प्रारम्भ की है। इस प्रकल्प संकल्प का विधि विधान के साथ शुभारंभ 1008 स्वामी श्री आनंद गिरि जी महाराज ने श्री राजेश तिवारी परिवार की सुपौत्री सुश्री मीरल के जन्म दिवस पर स्वयं मंदिर पहुंचकर प्रथम अभिषेक कराकर किया। इस अवसर पर महंत श्री नीरज गिरी जी(उज्जैन), पंडित श्री शिव शंकर जी दवे, पुजारी संघ अध्यक्ष पं मुकेश शर्मा, सनातन धर्म के वरिष्ठ पदाधिकारी सर्वश्री रमेश व्यास, रामचंद्र टांक, रमेश पाठक, श्री सनातन धर्म सभा एवं महारुद्र यज्ञ समिति अध्यक्ष अनिल झालानी सहित अनेक भक्तगण उपस्थित थे।

### मछलियों से भरे 28 कार्टून जब्त

मंदसौर। जिले के सुवासरा थाना क्षेत्र के ग्राम अजयपुर व काटीया के बीच पुलिस ने एक छोटा हाथी पिक अप वाहन से 15-15 किलोग्राम के 28 कार्टून जप्त किए। इन कार्टूनों में बर्फ में दबी गांधी सागर डैम से चोरी की गई मछलियां रखी थी, पुलिस प्रकरण में आरोपी जाहिद पिता अब्दुल अजीज ग्राम सुनेहल जिला झालावाड़ राजस्थान को पकड़कर उसके खिलाफ सुवासरा थाने पर विभिन्न धाराओं प्रखंड दर्ज किया हैं।

### प्रतिबंधित चाइनीस डोर के 30 गट्टे जप्त, आरोपी को किया गिरफ्तार

मंदसौर। मंदसौर कोतवाली पुलिस ने स्थानीय सनसिटी कॉलोनी अभिनंदन नगर मंदसौर में एक युवक के कब्जे से प्रतिबंधित चाइनीज मांझा डोर के 30 गट्टे जब्त किया, जप्त गट्टों की कीमत 18 हजार बताई गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की, इस प्रकरण में आरोपी अरशद शेख निवासी चौमेला राजस्थान को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मामला दर्ज किया हैं।

श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी के सानिध्य में होने जा रहे धार्मिक महाअनुष्ठान में शामिल होने का किया आव्हान

# सामूहिक 1,51,000 हनुमान चालीसा पाठ के पहले बच्चों ने बनाई श्रीराम नाम आकृति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



संत शिरोमणि श्री बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी के सानिध्य में उज्जैन में 20 दिसम्बर को सुबह 9 बजे से श्री राम धुन के साथ होने वाले सामूहिक हनुमान चालीसा के 1.5 लाख पाठ के पूर्व 18 दिसंबर को बच्चों ने राम नाम की आकृति बनाकर धर्मप्राण जनता से इस धार्मिक महाअनुष्ठान में शामिल होने का आव्हान किया।

श्री राम बालकृष्णा, सोशल वेलफेयर सोसाइटी ट्रस्ट कोषाध्यक्ष दुर्गेश नंदिनी शर्मा एवं आयोजन समिति अध्यक्ष देवंद्र सिंह चावड़ा ने बताया कि 1 लाख 51 हजार श्रीराम भक्तों द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ ही 1008 हनुमान मंदिर के ध्वज की महाआरती बाबा महाँकाल की नगरी उज्जैन में होगी।

भाव मंत्र संस्था की प्रमुख भावना जोशी द्वारा राम नाम धुन की प्रस्तुति होगी। समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, हेमंत खंडेलवाल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, कैलाश विजयवर्गीय नगरीय प्रशासन मंत्री, विशेष अतिथि अनिल फिरोजिया सांसद, हेमा मालिनी अभिनेत्री एवं सांसद सहित संत, महंत, महामंडलेश्वर और शहर के विद्वतजन शिक्षाविद, चिकित्सक एवम सभी समाजों के पदाधिकारी और समाजजन मौजूद रहेंगे। प्रमुख मार्गदर्शन राजेश अग्रवाल, पूर्व राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग प्रदेश सचिव का रहेगा। 20 दिसम्बर शनिवार प्रातः 9 बजे इंजीनियरिंग कॉलेज मैदान, इंदौर रोड पर होने वाले इस आयोजन में सपरिवार पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने और हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त करने का अनुरोध रोहित सिंह बजेपुर, दिलराज सिंह चावड़ा, जीवन सिंह चावड़ा, जितेन्द्र सिंह, रविन्द्र सिंह, जीत सिंह राजपूत, रोहित सिंह, प्रदीप सिंह, रमेशचंद्र वर्मा, महेंद्रसिंह बना, पूजा चौहान, रेणुका शर्मा, विद्या शर्मा, मंजू मालवीय, सोनू राठौर, भारती बघेल सहित संस्था श्री राम बालकृष्णा, सोशल वेलफेयर सोसाइटी ट्रस्ट ने किया है।

### जागृत हिंदू मंच ने शासन के आदेशों का पालन न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

जागृत हिंदू मंच, बड़वानी के पदाधिकारियों द्वारा गुरुवार को जिला मुख्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। मंच ने प्रदेश सरकार द्वारा धार्मिक स्थलों एवं मस्जिदों से अजान के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों (लाउडस्पीकर) के उपयोग पर लगाई गई रोक और खुले में अंडे व मांस की दुकानों के संचालन संबंधी आदेशों का बड़वानी जिले में सख्ती से पालन करवाने की मांग की है। यह ज्ञापन अपर कलेक्टर श्री मालवीय को सौंपा गया।अपर कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में मंच के सदस्यों ने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किए जाने के बावजूद बड़वानी जिले में इनकी धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। धार्मिक स्थलों एवं मस्जिदों से निर्धारित समय और ध्वनि सीमा से अधिक आवाज में लाउडस्पीकर का उपयोग निरंतर जारी है, जिससे विद्यार्थियों और बीमार व्यक्तियों को असुविधा हो रही है, साथ ही सार्वजनिक स्थानों और धार्मिक स्थलों के समीप अंडे व मांस की दुकानें खुलेआम संचालित हो रही हैं, जिससे स्वच्छता प्रभावित हो रही है

### जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक एवं प्रेस वार्ता सम्पन्न

**नीमच।** महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक एवं प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस अवसर पर राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर नीमच जिले में अब तक किए गए विकास कार्यों, योजनाओं की प्रगति तथा उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान प्रभारी मंत्री एवं अतिथियों ने विकास एवं सेवा के दो वर्ष सरकारी की उपलब्धियां पर आधारित पुस्तकें का विमोचन किया। इस दौरान विधायक जावद श्री ओमप्रकाश सखलेचा, नीमच विधायक श्री दिलीप सिह परिहार, मनासा विधायक श्री अनिरुद्ध मारू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जनसिह चौहान, न.पा.अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपड़ा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती शारदाबाई धनगर,जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खण्डेलवाल, कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा,जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एडीएम श्री बी.एस.कलेश सहित सहित सभी जिलाधिकारी, समिति के सदस्यगण, पत्रकार गण मौजूद थे।

# एक भारत एक ईडबल्यूएस यात्रा





### यात्रा का उद्देश्य है कि ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र पूरे देश में एक समान मान्य हो

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गरीब सवर्णों के समान अधिकार लड़ाई लड़ने के लिए राजस्थान के एक युवक भारत की यात्रा पर बाइक से निकला है। एक भारत एक ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट और ईब्ल्यूएस प्रमाण पत्र के सरलीकरण के लिए बाइक से पूरे देश में जन जागरूकता एवं संपर्क यात्रा राजस्थान के चिरू के विक्रम सिंह धोधलिया कर रहे है। गुरुवार को धार्मिक नगरी उज्जैन पहुंचे यहां श्री राजपूत करणी सेना के सामाजिक संगठन ने उनका स्वागत सत्कार किया।

देशभर में आरक्षण को लेकर आए दिन विवाद सामने आते हैं। एक भारत एक ईडबल्यूएस को लेकर राजस्थान के चिरु जिले के रहने वाले विक्रम सिंह धोधलिया ने अपनी नौकरी छोड़कर युवाओं के उत्थान के लिए बाइक से यात्रा शुरू की है। अब तक विक्रम ने चार राज्यों की यात्रा पूरी की है। करीब 9 हजार किलोमीटर तय कर अब मध्यप्रदेश के उज्जैन पहुंचे है। मध्य प्रदेश की यात्रा श्री राजपूत करणी सेना के अनुराग प्रताप सिंह राघव के साथ की जा रही है। इसमें प्रदेश के 50 जिलों में जाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। विक्रम सिंह के उज्जैन पहुंचने पर श्री राजपूत करणी सेना कालवी विचारधारा के प्रदेश प्रभारी जसवंत सिंह रुणजी, जिला अध्यक्ष अंतर सिंह गेहलोत ने उनका दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया इसके बाद यात्रा फिर शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई आगे की ओर बढ़ी।

यात्रा का उद्देश्य है कि ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र पूरे देश में एक समान मान्य हो। ईब्ल्यूएस प्रमाण पत्र की आवेदन प्रक्रिया सरल हो तथा यूपीएससी जैसी राष्ट्रीय परीक्षाओं में ईब्ल्यूएस वर्ग के युवाओं को उम्र व अवसर में विशेष राहत मिले। धोधलिया ने बताया कि वह अकेले ही इस अभियान को चला रहे हैं। सरकार से मांगे की गई है कि ईडब्ल्यूएस में संशोधन किया जाए। विक्रम सिंह सीमित संसाधनों के बावजूद देश के तमाम गांवों और शहरों में जाकर लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं, अनुभव और मांगें सरकार तक पहुंचाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने बताया कि लोगों से मिलने पर वे उनके प्रयासों का स्वागत और समर्थन कर रहे हैं, जिससे लाखों ईब्ल्यूएस युवाओं के हित पूरे होने की उम्मीद जगी है।

# डोडाचूरा तस्करों को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

माननीय विशेष न्यायाधीश महोदय, (एन.डी.पी.एस.) मंदसौर द्वारा आरोपीगण ताजुद्दीन पिता सरदार खान, उम्र 32 वर्ष, निवासी-ग्राम खिलचीपुरा, जिला मंदसौर एवं सेराज उर्फ सिराज पिता इस्माईल खान, उम्र 48 वर्ष, निवासी-05, श्रीजी नगर, थाना सिटी कोतवाली, जिला मंदसौर (मध्य प्रदेश) को अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्करी करने के अपराध में दोषी पाते हुए 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक एक लाख रुपए जुर्माने से दण्डित किया । अभियोजन मीडिया प्रभारी/सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्री बलराम सौलंकी द्वारा घटना के संबंध में बताया कि पुलिस थाना नार्कोटिक्स सेल इंदौर, प्रकोष्ठ मंदसौर को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम खिलचीपुरा, मंदसौर का ताजुद्दीन पिता सरदार खान बोलेरो पिकअप वाहन में भरे तरबूजों के नीचे छुपाकर प्लास्टिक के कट्टों में अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा भरकर बोतलगंज तरफ से जावरा की ओर महू-नीमच रोड फोरलेन मार्ग से दिन में करीब 3 बजे निकलने वाला है, यदि मुल्तानपुरा फंटे पर नाकाबंदी की जावे, तो उक्त व्यक्ति को डोडाचूरा सहित पकड़ा जा सकता है।

उक्त सूचना थाना नार्कोटिक्स सेल इंदौर के रोजनामचे में दर्ज कर सूचना विश्वसनीय होने से मुखबिर सूचना पर कार्यवाही हेतु मय फोर्स अनुसंधान सामग्री सहित शासकीय वाहन से मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर पहुंचे, जहां नाकाबंदी करने के कुछ समय पश्चात मुखबिर द्वारा बताया गया वाहन आता दिखा, जिसे रूकवाकर देखा, तो उसमें मुखबिर द्वारा बताये हुलिए का व्यक्ति बैठा मिला, जिससे उसका नाम, पता पूछने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम ताजुद्दीन पिता सरदार खान, निवासी ग्राम खिलचीपुरा जिला-मंदसौर (म.प्र.) होना बताया । अभियुक्त ताजुद्दीन के कब्जे के उक्त बोलेरो वाहन की तलाशी लेने पर वाहन के पीछे वाले लोडिंग हिस्से में भरे तरबूजों को हटाकर देखने पर उनके नीचे प्लास्टिक के कट्टे दिखें, जिनके मुंह सुतली से बंधे थे, जिन्हें खोलकर देखने पर उनमें डोडाचूरा होना पाया गया। अभियुक्त ताजुद्दीन के कब्जे से बरामद कुल 26 प्लास्टिक के कट्टों में डोडा चूरा का तौल करने पर उनका कुल वजन 5 क्विंटल 46 किलोग्राम होना पाया गया, मौके पर वाहन क्रमांक एम.पी. 14 जी बी-0663 जब्त कर जब्ती पंचनामा तैयार किया गया था एवं अभियुक्त को गिरफ्तारी के कारणों से अवगत कराकर मौके पर ही अभियुक्त ताजुद्दीन को गिरफ्तार कर गिरफ्तारी पंचनामा तैयार किया गया । नार्कोटिक्स सेल इंदौर में अपराध पंजीबद्ध कर संपूर्ण अनुसंधान उपरांत संबंधित न्यायालय में आरोपीगण के विरुद्ध अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया जहां पर प्रकरण के संपूर्ण विचारण उपरांत दिनांक 17 दिसम्बर को आरोपीगण को धारा 8/15 सहपठित धारा 25 एन.डी.पी. एस. एक्ट में 10-10 वर्ष सश्रम कारावास व एक-एक लाख रुपए जुर्माने से दण्डित किया गया।

### इनरव्हील क्लब ऑफ रतलाम गोल्ड की चेयरमैन विजिट संपन्न

रतलाम। इनरव्हील क्लब ऑफ रतलाम गोल्ड की चेयरमैन विजिट मंडला अध्यक्ष विभा सिंह (304) की उपस्थिति में संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें क्लब अध्यक्ष अनीता खमेसरा, सचिव शीतल गादिया एवं पदाधिकारी शामिल रहे। इनरव्हील प्रार्थना सीमा खंडेलवाल ने प्रस्तुत की।

**त्रिवेणी मेले में आज शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता का आयोजन-** नगर निगम द्वारा आयोजित ग्यारह दिवसीय त्रिवेणी मेले में खेल प्रतियोगिता के तहत आज 19 दिसम्बर शुक्रवार को त्रिवेणी मेला परिसर स्थित मानस भवन में बॉडी बिल्डिंग (शरीर सौष्ठव) प्रतियोगिता का आयोजन सांय 5 बजे से किया गया है।

# रतलाम का सौभाग्य, बगैर मांगे मिली मेट्रोपोलिटिन रीजन में शामिल होने की सौगात : मंत्री श्री काश्यप

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सेंव, सोना और साड़ी के लिए रतलाम की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति है। इनसे रतलाम की अपनी विशिष्ट पहचान बनी है। रतलाम स्वाभिमानी और पुरूषार्थी लोगों की नगरी है। यहां के लोग काम के आधार पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाते हैं। इसका सबसे अच्छा उदाहरण सूक्ष्म,लघु, एवं मध्यम, उद्यम मंत्री श्री चैतन्य काश्यप हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रतलाम को इंदौर मेट्रोपोलिटिन रीजन में शामिल करने के लिए रतलाम वासियों के द्वारा संवाद भवन (मुख्यमंत्री निवास) में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह को संबोधित करते हुए एमएसएमई मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि बगैर मांग के रतलाम को मेट्रोपोलिटिन रीजन में शामिल किया जाना रतलाम वासियों के लिए सौगात की बात है। रतलाम के प्रभारी मंत्री डॉ. विजय शाह ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सपने को साकार करने वाले मुख्यमंत्री हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रतलाम में औद्योगिक विकास की सभी संभावनाएं पहले से ही असीमित हैं। इन संभावनाओं को साकार करने के लिए रतलाम को मेट्रोपोलिटिन क्षेत्र में शामिल किया गया है। नागदा और खाचरौद पहले ही शामिल कर लिए गए, ऐसी स्थिति में असीमित संभावनाओं से परिपूर्ण रतलाम को भी शामिल करना ही था। अब इंदौर, उज्जैन के साथ रतलाम के शामिल हो जाने से मेट्रोपोलिटिन रीजन का विकास ट्रिपल इंजन की समन्वित शक्ति से होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रतलाम वासियों का अभिनंदन के लिए आभार मानते हुए कहा कि मुख्यमंत्री निवास प्रदेश की जनता का ही घर है। एमएसएमई मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि मध्यप्रदेश का विगत दो वर्षों में अभूतपूर्व विकास हुआ है। मेट्रोपॉलिटिन रीजन का विजन मुख्यमंत्री की विकास के प्रति अद्वितीय ललक की परिणीति है। वर्ष 2025 में भोपाल में आयोजत ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट, विभिन्न संभागों में आयोजित रीजनल इन्डस्ट्रीयल कॉन्क्लेव और मेट्रोपोलिटिन रीजन मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मध्यप्रदेश के विकास के प्रति व्यापक दृष्टिकोण को प्रदर्शित करते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का संवाद भवन में रतलाम के संयुक्त व्यापारी संघ, सराफा एसोसिएशन, खेल संगठन, ग्रेन मर्चेंट संघ, बार एसोसिएशन, मेडिकल एसोसिएशन सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने अभिनंदन किया। समारोह में जिला अध्यक्ष श्री प्रदीप उपाध्याय, महापौर रतलाम नगर निगम श्री प्रह्लाद पटेल, नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा सहित अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे।



## प्याज के अच्छे भाव नही मिलने से किसानों में आक्रोश,प्याज अंकुरित होंने लगे

पिपलिया मंडी।प्याज उत्पादक किसान इस समय काफी संकट के दौर से गुजर रहा है,अच्छे भाव की उम्मीद में प्याज अंकुरित होने लगे है। किसानों की सूचना पर गुरुवार को मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,मंडलम अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने क्षेत्र में प्याज उत्पादक किसानों से चर्चा की किसान मुकेश धनगर ने बताया कि मैने डेढ़ बीघा में प्याज बोए थे जिस पर 50 हजार रुपये का खर्चा आया प्याज ओने पोने दामो में बिक रहे थे तो सोचा अच्छे भाव आएंगे तब बेचेंगे लेकिन प्याज खलिहान में पड़े पड़े ही अंकुरित होगये ओर अब यह फेकने काबिल होगये है मुझे शुद्धरूप से 50 हजार रुपये का घाटा हुवा है। किसान बाबूलाल धनगर ने बताया कि मैने 2 बीघा में प्याज बोए थे जिस पर 70 हजार रुपये लागत हुई और सिर्फ 10 हजार रुपये ही मिले मुझे 60 हजार रुपये का घाटा हुवा मेहनत अलग प्याज कम से कम 30 रुपये किलो बिकना चाहिए तब लागत मूल्य मिलने की संभावना रहेगी।

# अंतर्राष्ट्रीय पेंशनर दिवस पर पेंशनर संगठनों ने जताया असंतोष

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर




भारत पेंशनर समाज प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन तथा रिटायर्ड डिप्लोमा इंजिनियर एसोसिएशन की जिला शाखाओं के संयुक्त तत्वाधान में जिला मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला वनमंडलाधिकारी संजय रायखेरे, पूर्व अपर कलेक्टर नरेन्द्र सिंह राजावत सहायक लोक शिक्षण आनंद डावर पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पं. गोपालकृष्ण शर्मा ने की उक्त आयोजन में भारत पेंशनर समाज के संरक्षक डा. रमेशचंद्र देवड़ा कार्यकारी अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा तथा जिले की तहसील मंदसौर मल्हारगढ़ सीतामऊ दलौदा शामगढ़ गरोठ एवं भानपुरा तहसील क्षेत्र के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर पेंशनर संगठनों के पदाधिकारियों ने पेंशनरों की समस्याओं एवं मांगों के प्रति सरकार के असंवेदनशील रवैये को लेकर असंतोष व्यक्त किया पेंशनर वर्ग ने अपने सेवाकाल के दौरान प्रदेश और देश के विकास की मजबूत नींव रखी हैं। उन्होंने कहा कि सरकारे पेंशनरों के योगदान और सेवाओं को सम्मानित करने के स्थान पर उनकी उपेक्षा करती आ रही हैं, यहाँ तक कि पेंशनरों के पक्ष में न्यायालयीन निर्णयों की अवहेलना करती आ रही हैं, जिससे पेंशनर्स में असंतोष हैं। इस अवसर पर ७५ वर्ष एवं अधिक आय के पेंशनरों का सम्मान अतिथियों द्वारा शाल श्रीफल प्रतीक चिन्ह देकर किया गया। इस अवसर पर संगठन के प्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त किये। अंत में आभार जिला सचिव दिनेश आचार्य ने माना।

## जेसी बैंक चुनाव हेतु वेरे मजदूर संघ का जनसंपर्क एवं प्रचार अभियान जारी

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ द्वारा मंडल मंत्री अभिलाष नागर एवं मंडल अध्यक्ष प्रताप गिरी के नेतृत्व में जेसी बैंक चुनाव हेतु मजदूर संघ समर्थित प्रत्याशी सचिन मिश्रा एवं राजेन्द्र चौधरी साथ ही जोनल आरक्षित महिला प्रत्याशी रश्मि चौधरी एवं नीलम जाटव के लिए जनसंपर्क किया जिसमें प्रमुख रूप से घर घर जाकर रेलवे कॉलोनी में प्रचार किया गया एवं वेरेमस के कर्मचारी हितों में किए गए कार्यों को बताया गया साथ ही अगले कार्यकाल में जेसी बैंक का लोन 4 प्रतिशत करने हेतु, मोबाईल ऐप शुरू करने हेतु, लोन की राशि बढ़ाने सहित अन्य मुद्दों को कर्मचारियों के बीच रखा गया । सोमवार को मंडल मंत्री अभिलाष नागर के निदेर्शानुसार मंडल में तीन टीम बनाकर चित्तौड़गढ़, सीहोर एवं इंदौर में जनसंपर्क किया गया एवं डीआरएम ऑफिस रतलाम, डीजल शेड,सहित लोकल रतलाम में जनसंपर्क किया गया तथा मंडल की सभी ब्रांचों में पदाधिकारियों द्वारा जनसंपर्क कर मजदूर संघ प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान की अपील की । इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष अतुल सिंह राठौड़, सहायक मंडल मंत्री गौरव दुबे, नरेंद्र सोलंकी, मंडल कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह गौतम, सीडब्लूसी सदस्य गौरव संत आदि उपस्थित थे।



## कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने हरमाला में क्रिकेट टूर्नामेंट का किया शुभारंभ



**पिपलिया मंडी।** 18 दिसंबर को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री तथा ग्राम पंचायत मुंदेडी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ठिकाना मुंदेडी ने हरमाला रेतम बैराज डैम स्थित क्रिकेट ग्राउंड पर उपस्थित होकर चौदह दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटते हुए शुभारंभ किया उपरोक्त आयोजन बालाजी क्रिकेट क्लब हरमाला के तत्वाधान में किया जा रहा है जहां मध्य प्रदेश की ३२ क्रिकेट टीमें खेलने हेतु उपस्थित होने वाली है उपरोक्त आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होने पर कुंवर शक्तावत का खेल प्रेमियों और ग्रामीण क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के द्वारा पुष्प माला पहनाते हुए स्वागत एवं सम्मान किया गया। तत्पश्चात कुंवर शक्तावत ने अपने उद्बोधन में इस प्रकार के आयोजन करने वाली समिति को धन्यवाद व्यापित किया और इस प्रकार के खेलों से शारीरिक मजबूती के साथ ही साथ मानसिक मजबूती एवं नए उत्साह का सृजन होता है। इस अवसर पर क्षेत्रिय कांग्रेस नेता हरि सिंह पवार,फतेह सिंह पवार,अर्जुन भाई,कुलदीप सिंह,बिट्टू भाई, भारत सोलंकी,गोपाल भाटी,निर्मल डाभी,शांतिलाल पवार,हर्ष पवार, प्रद्युम्न,सोनू पवार,अनिल,अर्जुन सिंह सोंधिया राजपूत, राहुल, लकी,संजय,जीवन सिंह,किशोर आदि अनेक खेल प्रेमियों के साथ ही साथ गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# ब्राह्मण समाज और सर्व जन समाज ने दिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर



सकल ब्राह्मण समाज और सर्व समाज द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री के नाम प्रशासन को ज्ञापन दिया गया, जिसमें अवगत कराया गया कि आदि शंकराचार्य परंपरा की अवांतर पीठ जो भानपुरा में प्रतिष्ठापित हैं और वर्तमान में इस पीठ के गादीपति शंकराचार्य पूज्य स्वामी श्री ज्ञानानंद जी तीर्थ हैं, आश्रम मठ की कृषि भूमि को कूट रचना कर विक्रय की साजिश के खिलाफ पूज्य शंकराचार्य जी को न्यायालय के दरवाजे खटखटाने पड़े हैं और लगातार उनके शंकराचार्य पद पर आसीन होने के बाद अवांछित तत्व उन पर जानलेवा हमला कर चुके हैं। शंकराचार्य जी द्वारा स्वयं अपनी जान को खतरा होने का अनेकों बार सभी को संकेत किया है, यही नहीं उन्होंने और भक्त मंडल ने दर्जनों पत्र शासन को सुरक्षा की मांग के लिए लिखे हैं फिर भी कोई सुरक्षा प्रदान नहीं की जा रही हैं। इसी मुद्दे पर ब्राह्मण एवं सनातन परंपरा के सर्व समाज के द्वारा दिये इस ज्ञापन में मांग की गई कि फर्जी रजिस्ट्री मामले का निराकरण हो न्याय हो और पूज्य शंकराचार्य जी को राजकीय अतिथि का सम्मान देकर सुरक्षा व्यवस्था भी प्रदान की जाए। ज्ञापन देने के पूर्व गांधी चौराहे पर एकत्र ब्राह्मण एवं सर्व जन समुदाय को वरिष्ठ समाजसेवी और पत्रकार डा.घनश्याम बटवाल, शिक्षाविद रमेश चंद्र चंद्रे वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी, मठ परिवार के प्रतिनिधि रविन्द्र पांडेय आदि ने विचार व्यक्त करते हुए और शासन से ज्ञापन में उल्लेखित बिंदुओं को तुरंत पूरा करने की मांग रखी। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष पंडित राजेश दीक्षित कांग्रेस के जिला अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश गुर्जर, सकल ब्राह्मण समाज के समन्वयक चेतन जोशी, डा. देवेन्द्र पुराणिक, मोहन लाल शर्मा, विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष प्रवीण सिंह मंडलोई, नगर अध्यक्ष कन्हैयालाल सोनगरा, भाजपा नेता अनिल कियावत, सुनिल बंसल, उमेश पारिख, अजय कुमार सिखवाल एडवोकेट, शैलेन्द्र सिंह राठौर सहित अनेक महानुभाव सम्मिलित हुए। ज्ञापन एसडीएम एस.के. शाक्य को दिया ज्ञापन वाचन रमेश चंद्र चंद्रे ने किया।

# कृषि मंडी बघाना से ट्रेक्टर-ट्राली चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› नीमच

पुलिस अधीक्षक महोदय नीमच श्री अंकित जायसवाल द्वारा अपराध समीक्षा बैठकों के दौरान जिलें के समस्त थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों को चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने एवं संपत्ति संबंधी अपराधों में आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देष दिये गये है।

पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री नवलसिंह सिसोदिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चौहान के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी बघाना श्री राधेश्याम दांगी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा दिनांक 16 दिसम्बर को कृषि उपज मंडी बघाना से चोरी हुए ट्रेक्टर एवं ट्राली की घटना का 36 घन्टें में पदार्फाश करते हुए 2 आरोपियों को बड़नगर से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है।

घटना दिनांक 16 दिसम्बर को फरियादी सुनिल धाकड़ निवासी ग्राम चडौल थाना जावद द्वारा पुलिस थाना बघाना पर आकर रिपोर्ट की गई कि दिनांक 16 दिसम्बर को मै ग्राम चडोल थाना जावद रहता हूँ। कृषि कार्य करता हूँ। आज मै अपने स्वराज कम्पनी के नीले रंग का ट्रेक्टर सफेद व केसरिया रंग के पट्टे वाली ट्राली से हमारे गांव के गोपाल पिता कन्हैयालाल धाकड व शांतिलाल पिता सुरेशचन्द्र धाकड की मुंगफली कृषि मण्डी बघाना नीमच मे बेचने के लिए सुबह 9 बजे आये थें, मुंगफली को मण्डी मे बेचकर ट्रेक्टर मय ट्राली के मण्डी मे गायत्री कॉम्पलेक्स के सामने 12.30 बजे खडा कर मण्डी के सामने फोटो कापी कराने चला गया करीब एक बजे जहाँ ट्रेक्टर खडा किया वहाँ वापस आया और देखा तो मेरा ट्रेक्टर मय ट्राली के नही मिला फिर मैने व मेरे साथीयो ने मेरे ट्रेक्टर की तलाश आसपास किया तो कोई पता नही चला मेरा ट्रेक्टर कोई अज्ञात बदमाश चुराकर ले गया है।

दिन दहाड़ें ट्रेक्टर ट्राली चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अंकित जायसवाल द्वारा थाना प्रभारी

## सगराना में दिनदहाड़े, सरेराह महिला पर चाकू से जानलेवा हमला

**नीमच।** समीपी ग्राम सगराना में रलेन स्थित बस स्टॉप पर दोपहर उस वक्त अफरा-तफरी वगई, जब बस का इंतजार कर रही वर्षीय महिला पर एक युवक ने चाकू से जानलेवा हमला कर । आरोपी ने महिला की गर्दन रेतने कोशिश की, लेकिन महिला ने दिखाते हुए हाथ आगे कर या, जिससे उसके हाथ पर चाकू के गहरे घाव हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमला करने वाला युवक राकेश चंदेल पिता मदनलाल खातों, निवासी जावद है, जो लिंबे समय से महिला पर साथ रहने का दबाव बना रहा था। बुधवार को वह सनक में सगराना बस स्टॉप पर पहुंचा और महिला पर जान से मारने की नीयत से ताबड़तोड़ वार कर दिए। खून से सिरफिरे आशिक की हैवानियत महिला को देख वहां मौजूद लोगों ने साहस दिखाया, आरोपी को घेरा और महिला को उसके चंगुल से छुड़ाया। पीड़िता मूलतः निम्बाहेड़ा की रहने वाली है और वर्तमान में तीन में निवास कर रही है। महिला ने बताया कि उसका आरोपी राकेश के साथ करीब 14 वर्षों से रिश्ता था, लेकिन पिछले तीन वर्षों से वह उससे अलग रह रही थी। अलगाव के बाद से ही आरोपी उसे लगातार धमकियां दे रहा था और साथ रहने का दबाव बना रहा था।



# ऑस्कर अवॉर्ड की रेस में फिल्म होमबाउंड

## बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटेगरी में टॉप 15 में बनाई जगह करण जौहर ने जताई खुशी

डायरेक्टर नीरज घेवान की फिल्म होमबाउंड को 98वें अकादमी अवॉर्ड्स यानी ऑस्कर अवॉर्ड्स में बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटेगरी की टॉप 15 शॉर्टलिस्ट फिल्मों में जगह मिली है। फिल्म में ईशान खट्टर, विशाल जेठवा और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं।

अकादमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज ने मंगलवार को 12 कैटेगरी की शॉर्टलिस्ट शेयर की। वहीं इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटेगरी में कुल 15 फिल्मों को चुना गया है। इनमें से आगे चलकर सिर्फ 5 फिल्मों को फाइनल नॉमिनेशन मिलेगा। इन नॉमिनेशंस की घोषणा 22 जनवरी 2026 को की जाएगी। इसके बाद ऑस्कर अवॉर्ड्स का इवेंट 15 मार्च 2026 को होगा।

होमबाउंड के साथ जिन फिल्मों को शॉर्टलिस्ट किया गया है, उनमें अर्जेंटीना की बेलेन, ब्राजील की द सीक्रेट एजेंट, फ्रांस की इट वॉज जस्ट एन एक्सीडेंट, जर्मनी की साउंड ऑफ फॉलिंग, इराक की द प्रेसिडेंट्स केक, जापान की कोकुहो, जॉर्डन की ऑल दैट्स लेफ्ट ऑफ यू, नॉर्वे की सेंटिमेंटल वैल्यूज, फिलिस्तीन की पैलेस्टाइन 36, साउथ कोरिया की नो अदर चॉइस, स्पेन की सिरात, स्विट्जरलैंड की लेट शिफ्ट, ताइवान की लेफ्ट हैंडेड गर्ल और ट्यूनीशिया की द वॉइस ऑफ हिंद रजब शामिल हैं।

# फेमस डायरेक्टर ने मुझे किस करने की कोशिश की



बिग बॉस 19 की कंटेस्टेंट मालती चाहर ने बताया कास्टिंग काउच का किस्सा



बिग बॉस 19 की कंटेस्टेंट मालती चाहर एक पॉडकास्ट में अपनी लाइफ के बारे में दिल खोलकर बात करते नजर आई हैं। मालती ने अपना बचपन, फैमिली के साथ अपने रिश्ते, इंडस्ट्री और यहां होने वाले कास्टिंग काउच के बारे में सहजता से बात की है।

दरअसल, मालती हाल ही में सिद्धार्थ कन्नन के पॉडकास्ट में पहुंची थीं। यहां उन्होंने अपने एक बुरे अनुभव का जिक्र करते हुए बताया- मुझे याद है कि एक बार मैंने साउथ के बहुत बड़े प्रोड्यूसर के साथ एक मीटिंग की थी। साथ में डायरेक्टर भी थे। स्टोरी का नरेशन हुआ और मैं वहां से चली गई।

फिर मुझे डायरेक्टर का मैसेज आया कि प्रोड्यूसर मिलना चाहते हैं। मैंने कहा ठीक है मैं मिल लूंगी। तो मुझे उनका रूम नंबर दिया। मैंने पूछा कि रूम नंबर क्यों दिया है? मैंने कहा मैं मिल लूंगी लेकिन मैं मिलने नहीं गई।

ऐसे में मुझे डायरेक्टर का कॉल आया कि मैं क्यों नहीं गई मिलने? मैंने उनसे कहा कि मुझे रूम नंबर क्यों दिया अकेले मिलने के लिए। अगर वो मिलना चाहते हैं तो सबके साथ मिल लेते हैं। डायरेक्टर ने मुझसे कहा कि मालती समझा करो इंडस्ट्री में ऐसा नहीं होता। मैंने फिर पलटकर पूछा कि कैसे होता है, समझाओ मुझे। उन्होंने कहा कि मैं मिलकर आपको समझता हूं। फिर हम कभी मिले ही नहीं। मालती ने अपना दूसरा एक्सपीरियंस शेयर करते हुए कहा कि एक बार उनसे एक जाने माने डायरेक्टर ने बदतमीजी करने की कोशिश की थी। वो उनका नाम नहीं ले सकती हैं।



# अमाल मलिक ने तान्या मित्तल से मांगी माफी

## फैंस से कहा- मुझे उनके साथ लिंकअप न करें, इससे उनकी इमेज खराब हो सकती है

म्यूजिक कंपोजर अमाल मलिक ने टीवी शो बिग बॉस 19 के खत्म होने के बाद अपनी साथी कंटेस्टेंट तान्या मित्तल के साथ रिश्ते को लेकर चल रही अफवाहों पर सफाई दी है। अमाल ने कहा कि शो में दोनों के बीच जो पल दिखे, वे शो के फॉर्मेट का हिस्सा थे। उन्हें रोमांटिक तरीके से नहीं देखा जाना चाहिए।

अमाल ने फैंस से अपील की कि वे उन्हें तान्या से लिंक अप करना बंद करें। दरअसल, एक यूजर ने शो में तान्या मित्तल के साथ उनके डांस का एक वीडियो पोस्ट किया। इसके बाद दोनों के रिश्ते को लेकर फिर से चर्चाएं शुरू हो गईं और लव एंगल की बातें होने लगीं। इस पोस्ट पर रिप्लाई करते हुए उन्होंने लिखा, भाई, यह एक टास्क था। उन्होंने बताया कि कई बार होस्ट या गेस्ट के कहने पर कंटेस्टेंट्स को साथ में एक्टिविटी करनी पड़ती है। डांस या स्किट के लिए जोड़ी बनाना चैनल की क्रिएटिव प्लानिंग का हिस्सा होता है, न कि कोई रोमांस। अमाल ने यह भी माना कि शो के दौरान तान्या ने उन्हें इमोशनल सपोर्ट दिया, खासकर जब वह खुद मुश्किल दौर से गुजर रहे थे। इसके लिए उन्होंने तान्या का धन्यवाद किया। साथ ही, गुस्से में कही या की गई किसी भी बात के लिए माफी मांगी, जिससे किसी को ठेस पहुंची हो। अमाल ने फैंस से यह भी कहा कि मुझे बार-बार तान्या के साथ जोड़ने से उनकी इमेज को नुकसान पहुंच सकता है। यह न तो वह डिजर्व करती हैं और न ही कोई दूसरी लड़की। उन्होंने दोनों फैन ग्रुप्स से एक-दूसरे पर कमेंट करने से बचने और पर्सनल स्पेस का सम्मान करने की अपील की। गौरतलब है कि बिग बॉस 19 के शुरूआती हफ्तों में अमाल और तान्या को कई बार साथ देखा गया था।

पाकिस्तान ने धुरंधर को बताया प्रोपेगेंडा मूवी

# जवाब में लेकर आ रहे हैं 'मेरा ल्यारी' फिल्म

## कहा- भारत का दुष्प्रचार सफल नहीं होगा

रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' की जितनी चर्चा भारत में हो रही है, उससे कहीं ज्यादा पाकिस्तान में। फिल्म में पाकिस्तान के कराची के ल्यारी इलाके और 1999-2009 तक हुए वहां के गैंगवार को दिखाया गया है। ल्यारी और वहां के गैंगवार की दिखाने की वजह से पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान ने धुरंधर को प्रोपेगेंडा बता दिया है। साथ ही, उन्होंने 'मेरा ल्यारी' नाम की फिल्म की घोषणा की है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, धुरंधर में ल्यारी को दिखाने से सिंध के अधिकारियों में इतनी नाराजगी है कि सिंध सूचना विभाग ने अपनी खुद की फिल्म मेरा ल्यारी की घोषणा की है। उनका दावा है कि इस फिल्म के जरिए इलाके के







असली कहानी को दिखाई जाएगी। सिंध इंफॉर्मेशन डिपार्टमेंट के आधिकारिक हैंडल से मेरा ल्यारी के दो पोस्टर शेयर करते हुए लिखा गया- 'गलत बयानी से सच्चाई को मिटाया नहीं जा सकता। ल्यारी संस्कृति, शांति और दृढ़ता का प्रतीक है, हिंसा का नहीं। जहां धुरंधर दुष्प्रचार फैला रहा है, वहीं मेरा ल्यारी जल्द ही गौरव और समृद्धि की सच्ची कहानी बयां करेगा। फिल्म जनवरी 2026 में रिलीज होगी। ल्यारी के खिलाफ भारत का दुष्प्रचार कभी सफल नहीं होगा। फिल्म धुरंधर की बात करें तो आदित्य धर की फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल, दानिश पंडोर, राकेश बेदी, गौरव गेरा जैसे कलाकारों ने काम किया है। इस फिल्म में रणवीर सिंह ने एक भारतीय अंडर कवर एजेंट का रोल निभाया है। वहीं, अक्षय खन्ना ने ल्यारी के गैंगस्टार रहमान डकैत और दानिश ने उजैर बलोच का किरदार निभाया है।

### ल्यारी को 'मदर ऑफ कराची' भी कहते हैं

वहीं, ल्यारी के ऐतिहासिकता की बात करें तो इसे कराची के सबसे पुराने बसे हुए इलाकों में से एक माना जाता है और यहां के लोग इसे 'मदर ऑफ कराची' भी बुलाते हैं। इस एरिया को ओरिजनली सिंधी मछुआरों और बलूच खानाबदोशों ने बसाया था। ऐसा कहा जाता है कि यह नाम सिंधी शब्द 'ल्यार' से लिया गया है। ल्यार एक ऐसा पेड़ था, जो कभी ल्यारी नदी के किनारे उगता था।

## रोज 6 घंटे वर्कआउट, डाइट में दूध-घी-चूरमा, 20 को इंग्लैंड में तुर्की फाइटर से मुकाबला

# 40 साल के हरियाणवी संग्राम सिंह लड़ेंगे बिग फाइट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सोनीपत



हरियाणा के 40 वर्षीय मिक्सड मार्शल आर्ट फाइटर संग्राम सिंह बड़ी फाइट लड़ने जा रहे हैं। यह फाइट 20 दिसंबर को इंग्लैंड में होगी। केज में सामने होगा तुर्की का 25 साल का फाइटर गुलाबी अकबुलूत। एमएमए चैंपियन अकबुलूत स्ट्राइकिंग क्षमता और आक्रामक अंदाज के लिए दुनिया भर में चर्चित हैं। अकबूलुत ने तीन मैच जीते हैं और एक हारा। हारने वाले मैच सिर और नाक फट गया था।

संग्राम भारतीय और रशियन कोच की निगरानी में रोज 6 घंटे प्रैक्टिस कर रहे हैं। पेरिस, थाईलैंड और बाली में ट्रेनिंग शेड्यूल के बाद मुंबई लौटे हैं। खास बात ये है कि हरियाणवी फाइटर शुद्ध शाकाहार पर निर्भर हैं। दूध-घी-चूरमा उनकी डाइट का अहम हिस्सा है। संग्राम सिंह दो बार एमएमए खिताब जीत चुके हैं। इंग्लैंड के पहली बार केज में उतरेंगे।



प्रिमियर कॉम्बैट फाइटिंग चैंपियनशिप में होने वाला यह मुकाबला उनके करियर की तीसरा प्रोफेशनल फाइट है। संग्राम मूलरूप से रोहतक के मदीना गांव से नाता रखते हैं। एमएमए में बॉक्सिंग, किक बॉक्सिंग, रेसलिंग, जूडो, कराटे और ब्राजीलियन जिउ-जित्सु सब शामिल रहता है। यानी एक ही फाइट में मारना, पकड़ना, गिराना और सबमिशन सब कुछ शामिल होता है।

**90 सेकेंड में पाक फाइटर नासिर को हराया:** 21 जुलाई को जीवन के 40 साल पूरे कर चुके संग्राम सिंह ने पाकिस्तान के अली रजा नासिर को हरा चुके हैं। नासिर ने जॉर्जिया में अपने डेब्यू मैच में मात्र 90 सेकेंड में जीत दर्ज की थी, लेकिन संग्राम के सामने उनका आक्रामक अंदाज टिक नहीं पाया। इसके बाद एम्स्टर्डम में हुई लेवल्स फाइट लीग में संग्राम ने ट्यूनीशिया के युवा और तेज-तर्रार चैलेंजर हाकिम ट्राबेलसी को हराकर यूरोपीय सर्किट में पकड़ मजबूत की।

**फाइट विनर को 50 लाख इनाम व रैंक सुधरेगा:** इंग्लैंड में होने वाली इस फाइट को विनर को प्राइज में 50 लाख रुपए मिलेंगे। साथ ही रैंक में सुधार होगा। फाइट के टिकट की कीमत 50 हजार रुपए तक है। उसके बाद टाइटल खेलने के लिए मौका मिलता है। टाइटल के दौरान करोड़ों रुपए मिलते हैं। संग्राम सिंह ने पिछली फाइट 2 नवंबर को नीदरलैंड में लड़ी और जीती।

**तुर्की का अकबुलूत-आक्रामक खेल शैली का प्रतिद्वंद्वी:** अकबुलूत यूरोप में अपनी मजबूत स्ट्राइकिंग, तेज शुरूआत और विरोधी पर लगातार दबाव बनाने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं। गति और ताकत का अनोखा मिश्रणउन्हें एक बेहद खतरनाक प्रतिद्वंद्वी बनाता है। खेल से जुड़े एक्सपर्ट कहते हैं कि संग्राम को इस मुकाबले में बेहद सधे हुए अंदाज में उतरना होगा, क्योंकि मामूली गलती भी इस तरह के फाइटर के सामने भारी पड़ सकती है। ये अनुभव बनाम आक्रामकता की टक्कर होगी।

**संग्राम सिंह ने कहा-यह मेरी हर सांस की परीक्षा:** संग्राम सिंह ने कहा-इस मुकाबले के लिए बेहद उत्साहित हूं। पहली बार इंग्लैंड के केज में उतर रहा हूं, और पहली बार किसी शीर्ष तुर्की पावरहाउस अकबुलूत का सामना करूंगा। यह सपनों का मुकाबला है जो मेरी हर सांस की परीक्षा लेगा। संग्राम के कोच भूपेश कुमार ने कहा- संग्राम ने पिछले महीनों में कार्डियो, ग्रैपलिंग और डिफेंसिव तकनीकों पर ज्यादा ध्यान दिया है।

# भारत घर में 17 टी-20 सीरीज से नहीं हारा




## साउथ अफ्रीका के पास बराबरी का मौका इंडिया-सा.अफ्रीका पांचवां मुकाबला आज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अहमदाबाद

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच पांच मैचों की टी-20 सीरीज का आखिरी मुकाबला आज अहमदाबाद में खेला जाएगा। इसी मैच के साथ साउथ अफ्रीका का 35 दिन का भारत दौरा भी समाप्त हो जाएगा। इस दौरे में प्रोटियाज टीम ने टेस्ट सीरीज 2-0 से अपने नाम की, जबकि वनडे सीरीज में उसे भारत के खिलाफ 2-1 से हार झेलनी पड़ी।

टी-20 सीरीज में फिलहाल भारत 2-1 से आगे है। हालांकि अहमदाबाद में साउथ अफ्रीका के पास सीरीज बराबर करने का सुनहरा मौका होगा। भारतीय टीम लखनऊ में ही सीरीज जीत सकती थी, लेकिन चौथा टी-20 मुकाबला घने कोहरे के कारण बिना एक भी गेंद फेंके रद्द हो गया। अब सीरीज का फैसला अहमदाबाद के मैच में होगा।

भारत घर में लगातार 17 टी-20 सीरीज से नहीं हारा है। टीम को आखिरी हार 2019 में ऑस्ट्रेलिया से मिली थी। इसके बाद 17 सीरीज खेली गई, इसमें 15 जीती और 2 ड्रॉ रही।

अहमदाबाद में कोहरे की संभावना नहीं रिपोर्ट के अनुसार शुक्रवार को मैच के दौरान अहमदाबाद में कोहरे की संभावना नहीं है। आसमान बिल्कुल साफ होने का अनुमान है। तापमान 16 से 30 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। यानी मैच पूरे 40 ओवर का हो सकता है। यह भारत का वो हिस्से हैं जहां नवंबर, दिसंबर और जनवरी में इंटरनेशनल क्रिकेट होना चाहिए।

# आईपीएल-ऑक्शन में 25 करोड़ में बिके ग्रीन शून्य पर आउट

## एडिलेड टेस्ट में कैरी का शतक, पहले दिन ऑस्ट्रेलिया 326/8

ब्रह्मास्त्र ▸▸ एडिलेड



ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज का तीसरा टेस्ट एडिलेड ओवल में खेला जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पहले दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने 8 विकेट के नुकसान पर 326 रन बना लिए हैं। मिचेल स्टार्क और नाथन लायन नाबाद लौटे।

विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने शतक (106 रन) और उस्मान ख्वाजा ने अर्धशतक (82 रन) लगाया। वहीं, आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी कैमरन ग्रीन शून्य पर आउट हुए। उन्हें एक दिन पहले मंगलवार को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 25.20 करोड़ रुपए में खरीदा था।

कैरी ने 106 रन बनाए इंग्लैंड ने पहले घंटे में ही ऑस्ट्रेलिया को दो बड़े झटके दिए। जोफ्रा आर्चर ने जेक वेदराल्ड को आउट किया। इसके बाद ब्रायडन कार्स ने ट्रैविस हेड को पवेलियन भेजा। इसके बाद टेस्ट टीम में वापसी कर रहे उस्मान ख्वाजा और मार्नस लाबुशेन ने पारी को संभाला।

लंच के बाद इंग्लैंड ने जोरदार वापसी की। आर्चर ने पहले लाबुशेन को 19 रन पर आउट किया। फिर कैमरन ग्रीन को बिना खाता खोले पवेलियन भेज दिया। यहां से एलेक्स कैरी ने पारी संभाली। ख्वाजा 82 रन बनाए। वे 18 रन से शतक चूक गए। जबकि कैरी 106 रन बनाकर आउट हुए। इंग्लैंड की ओर से आर्चर ने 3 विकेट झटके। कार्स और विल जैक्स ने 2-2 विकेट लिए। जॉश टंग को एक विकेट मिला। स्मिथ एडिलेड टेस्ट के प्लेइंग-11 से बाहर एडिलेड टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम को बड़ा झटका लगा। टीम के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ अचानक इस टेस्ट मैच की प्लेइंग-11 से बाहर हो गए। इसकी जानकारी टॉस के समय ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने दी। ऑस्ट्रेलिया ने इस टेस्ट के लिए अपनी प्लेइंग-11 का ऐलान मैच से एक दिन पहले ही कर दिया था, जबकि इंग्लैंड ने दो दिन पहले अपनी टीम घोषित कर दी थी। ऑस्ट्रेलिया की घोषित टीम में स्मिथ का नाम शामिल था। टॉस के समय कमिंस ने बताया कि स्मिथ पिछले कुछ दिनों से ठीक महसूस नहीं कर रहे थे। उनकी जगह उस्मान ख्वाजा को जगह मिली। खिलाड़ियों ने आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी इस मैच के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाड़ी बांह पर काली पट्टी बांधकर उतरे। इसके जरिए खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी।

## गांगुली ने अर्जेंटीना फैन क्लब के प्रेसिडेंट पर मानहानि-केस किया



### 50 करोड़ का हजार्ना मांगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने कोलकाता की अर्जेंटीना फैन क्लब के अध्यक्ष उत्तम साहा पर मानहानि का मुकदमा किया है। इतना ही नहीं, उनसे ?50 करोड़ रुपए का हजार्ना मांगा है। मामला शनिवार, 13 दिसंबर का है, जब लेक सिटी स्टेडियम में मेसी के इवेंट में नाराज फैंस ने तोड़फोड़ कर दिया था।

गांगुली ने लालबाजार में दर्ज शिकायत में कहा- 'उत्तम साहा के बयानों से उनकी छवि को गंभीर नुकसान पहुंचा है। ये आरोप बिना किसी सबूत के लगाए गए हैं। गांगुली ने साहा के बयानों को 'झूठा, दुर्भावनापूर्ण, अपमानजनक और मानहानिकारक' बताया है। उत्तम साहा ने दावा किया था- 'गांगुली ने इवेंट के मुख्य आयोजक सताद्रु दत्ता के कामकाज में मिडिलमैन की भूमिका निभाई थी। इसी आरोप पर गांगुली की कानूनी टीम ने साहा को नोटिस भेजा है और बयान वापस लेने व हजार्ने की मांग की है। 53 साल के गांगुली क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल के प्रेसिडेंट हैं। गांगुली ने साफ किया कि वे मेसी के इवेंट में सिर्फ एक मेहमान के तौर पर शामिल हुए थे। उनका आयोजन से कोई आधिकारिक या प्रबंधन से जुड़ा रोल नहीं था।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

आवश्यकता है
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क: राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

फार्म हाउस
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

आवश्यकता
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

खरीदना है
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
श्री गोपाल हाड़ वैद्य
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

भूमि बेचना है
ग्राम मेंढिया तक्क्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

बेचना है
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

किराए से देना है
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

सरकार ने एसबीआई

# एमडी का कार्यकाल बढ़ाया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सरकार ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक अश्विनी कुमार तिवारी का कार्यकाल दो साल के लिए और बढ़ा दिया है। सरकारी स्वामित्व वाले भारतीय बैंक (एसबीआई) ने बुधवार को एक नियामक फाइलिंग में बताया कि केंद्र सरकार ने अश्विनी कुमार तिवारी को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) में प्रबंध निदेशक के रूप में उनके पदभार ग्रहण करने की तिथि से, उनके वर्तमान अधिसूचित कार्यकाल (जो 27 जनवरी, 2026 को समाप्त हो रहा है) से आगे, उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि (31 दिसंबर, 2027) तक के लिए पुनः नियुक्त किया है।

**ईडी ने स्वयंभू मणिपुर राज्य परिषद से जुड़े नेताओं के ठिकानों पर छापेमारी-** ईडी ने स्वयंभू 'मणिपुर राज्य परिषद के मुख्यमंत्री' याम्बेम बिरेन और स्वयंभू 'मणिपुर राज्य परिषद के विदेश मामलों और रक्षा मंत्री' नरेंगबम समरजीत के ठिकानों पर तलाशी अभियान शुरू किया है। यह कार्रवाई इम्फाल में स्थित पांच अलग-अलग परिसरों में की जा रही है, जो दोनों आरोपियों से जुड़े बताए जा रहे हैं। आरोपी सलाई ग्रुप ऑफ कंपनीज के प्रमुख व्यक्ति हैं। मामला वर्ष 2019 में लंदन में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस से जुड़ा है, जिसमें याम्बेम बिरेन और नरेंगबम समरजीत ने खुद को क्रमशः 'मणिपुर राज्य परिषद का मुख्यमंत्री' और 'विदेश मामलों व रक्षा मंत्री' बताते हुए सार्वजनिक रूप से मणिपुर की भारत संघ से 'स्वतंत्रता' की घोषणा की थी। अधिकारियों के अनुसार, इस तरह की गतिविधियां राज्य के खिलाफ युद्ध छेड़ने, राजद्रोह और विभिन्न समुदायों के बीच असामंजस्य, शत्रुता और घृणा को बढ़ावा देने की श्रेणी में आती हैं।

87 साल पुराने नियमों में बदलाव के लिए बिल लोकसभा में पास

# सबका बीमा सबकी रक्षा: 100% एफडीआई को मिली मंजूरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में 'सबका बीमा सबकी रक्षा विधेयक, 2025' पेश किया। जानिए कैसे 'वन टाइम या कंपोजिट लाइसेंस' और 100% एफडीआई से बदलेगा भारत का बीमा सेक्टर और आम आदमी को इससे क्या होगा फायदा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में बहुप्रतीक्षित 'सबका बीमा सबकी रक्षा विधेयक 2025 पेश किया। जिसे सदन की ओर से पारित कर दिया गया। वित्त मंत्री ने यह विधेयक पेश करते हुए बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश और घरेलू कंपनियों की कार्यक्षमता बढ़ाने का हवाला दिया। यह विधेयक में तीन प्रमुख कानूनों- बीमा अधिनियम (1938), जीवन बीमा निगम अधिनियम (1956) और बीमा नियामक व विकास प्राधिकरण अधिनियम (1999) में व्यापक संशोधन का प्रस्ताव है। विधेयक पेश करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, आम लोगों का बीमा हमेशा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता रही है और केंद्र सरकार ने कोविड महामारी के दौरान भी समाज के हाशिए पर रहने वाले वर्गों को बीमा प्रदान किया है। सदन में प्रस्तावित संशोधनों को स्वीकार करते हुए विधेयक को पारित कर दिया गया।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि संसद में पेश किए गए विधेयक के माध्यम से लाए गए बीमा सुधारों से लोगों को बीमा तक अधिक पहुंच मिलेगी, बेहतर नियामक निगरानी होगी और अनुपालन में आसानी सुनिश्चित होगी। 'सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा कानूनों में संशोधन) विधेयक, 2025' को लोकसभा में विचार के लिए पेश करते हुए, सीतारमण ने कहा कि इस मसौदा कानून का उद्देश्य पारदर्शिता लाना, अनुपालन अनिवार्यताओं को आसान बनाना और इस क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को बढ़ाना है। मंत्री ने कहा कि बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा 2015 में 26 प्रतिशत से बढ़ाकर 49 प्रतिशत, 2021 में 74 प्रतिशत कर दी गई थी और अब इसे 100 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है। सीतारमण ने कहा, ₹इनसे बीमा क्षेत्र को काफी बढ़ावा मिला है। बीमा कंपनियों की संख्या 2014 में 53 से बढ़कर अब 74 हो गई है। उन्होंने कहा कि बीमा की पहुंच 2014-15 में 3.3 प्रतिशत से बढ़कर अब 3.8 प्रतिशत हो गई है और बीमा घनत्व या प्रति व्यक्ति एक वर्ष में भुगतान किया जाने वाला औसत बीमा प्रीमियम 2014 में 55 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर अब 97 अमेरिकी डॉलर हो गया है। मंत्री ने कहा कि भुगतान किया गया कुल बीमा प्रीमियम 2014-15 में 4.15 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 11.93 लाख करोड़ रुपये हो गया है और प्रबंधन के तहत संपत्ति 24.2 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 74.4 लाख करोड़ रुपये हो गई है। इस बीच, राज्यसभा ने एप्रोप्रीएशन बिल 2025 को चर्चा के बाद लोक सभा को वापस कर दिया गया। संविधान के अनुसार मनी बिल केवल लोक सभा में पेश होता है और राज्यसभा इसे अस्वीकार नहीं कर सकती, केवल चर्चा करने के बाद लौटाती है।



### विधेयक की पांच बड़ी बातें क्या हैं? नीचे जानें

**1. बीमा क्षेत्र में 100% विदेशी निवेश-** अब तक भारतीय बीमा कंपनियों में विदेशी निवेश की सीमा 74% थी। इस विधेयक के पारित होने के बाद विदेशी कंपनियां 100% स्वामित्व के साथ भारत में काम कर सकेंगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे न केवल विदेशी मुद्रा का प्रवाह बढ़ेगा, बल्कि ग्लोबल बीमा कंपनियां अपनी आधुनिक तकनीक और नए उत्पाद भारतीय ग्राहकों तक पहुंचा सकेंगी।

**2. एलआईसी के बोर्ड को अधिक अधिकार-** विधेयक में एलआईसी अधिनियम, 1956 में संशोधन कर सरकारी बीमा कंपनी के बोर्ड को अधिक शक्तियां दी गई है। अब एलआईसी को नए जोनल ऑफिस खोलने के लिए सरकार की पूर्व अनुमति की जरूरत नहीं होगी। इससे सरकारी बीमा कंपनी बाजार में निजी कंपनियों का मुकाबला तेजी से कर सकेगी।

**3. एजेंट्स और मध्यस्थों का 'वन टाइम रजिस्ट्रेशन' -** नए बिल के कानून में बदलने के बाद बीमा एजेंट्स और इंटरमीडियरीज के लिए 'वन-टाइम रजिस्ट्रेशन' की व्यवस्था लागू की जाएगी। इसका मतलब है कि उन्हें बार-बार लाइसेंस रिन्यू कराने के झंझट से मुक्ति मिलेगी, जो 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' की दिशा में उठाया गया एक एक बड़ा कदम है।

**4. पॉलिसीधारकों की सुरक्षा-** विधेयक का मुख्य उद्देश्य पॉलिसीधारकों के हितों की रक्षा करना है। इसमें बीमा कंपनियों द्वारा नियमों का उल्लंघन करने पर भारी जुमार्ने का प्रावधान किया गया है। साथ ही, दावों (उ॑२) के निपटान को तेज और पारदर्शी बनाने के लिए बीमा नियामक आईआरडीएआई को और अधिक मजबूत करने का प्रस्ताव है।

**विदेशी री-इंश्योरेंस कंपनियों के लिए राहत-** विदेशी री-इंश्योरेंस कंपनियों के लिए 'नेट ओन्ड फंड' की अनिवार्यता को 5,000 करोड़ रुपये से घटाकर 1,000 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव है। इससे भारत में री-इंश्योरेंस का बाजार बड़ा होगा और जोखिम प्रबंधन बेहतर होगा।

**सरकार का तर्क और विपक्ष के सवाल-** सरकार का कहना है कि भारत में बीमा की पहुंच अभी भी वैश्विक औसत से कम है। 2047 तक हर भारतीय को बीमा सुरक्षा देने के लिए भारी निवेश की जरूरत है, जो 100% एफडीआई से संभव होगा। हालांकि, कुछ विपक्षी सांसदों और कर्मचारी यूनियनों ने एलआईसी में सरकारी नियंत्रण कम होने और विदेशी कंपनियों के एकाधिकार को लेकर चिंता जाहिर की है।

आईएमएफ की पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री

## सात फीसदी की रफ्तार से बढ़ेगी जीडीपी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आईएमएफ की पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में करीब सात फीसदी की दर से बढ़ सकती है, जो आईएमएफ के अनुमान से बेहतर है। जुलाई-सितंबर तिमाही में 8.2 फीसदी की वृद्धि और आरबीआई का संशोधित अनुमान मजबूती दिखाता है। वैश्विक अनिश्चितताओं और घरेलू चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में मजबूत रफ्तार बनाए रख सकती है। अनुमान है कि देश की जीडीपी करीब सात फीसदी की दर से बढ़ेगी। यह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के 6.6 फीसदी के अनुमान से बेहतर प्रदर्शन है और अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत देता है। आईएमएफ की पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ ने कहा कि भारत की वृद्धि दर पर आकलन राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के जुलाई-सितंबर तिमाही के आंकड़े आने से पहले किया गया था। इस तिमाही में भारत की विकास दर 8.2 फीसदी रही। इसके बाद भारतीय रिजर्व बैंक ने भी चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि का अनुमान 6.8 फीसदी से बढ़ाकर 7.3 फीसदी कर दिया है।

**विकसित भारत का रास्ता -** गीता गोपीनाथ के मुताबिक, यदि भारत अगले करीब 20 वर्षों तक लगभग आठ फीसदी की विकास दर बनाए रखता है, तो 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के काफी करीब पहुंच सकता है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि इतनी लंबी अवधि तक ऊंची विकास दर बनाए रखना आसान नहीं है। इसके लिए निरंतर आर्थिक सुधार, निवेश बढ़ाने और उत्पादकता सुधारने की जरूरत होगी।

**अमेरिका व्यापार संकट से बेहतर स्थिति-** गोपीनाथ ने कहा कि भारत अमेरिका के साथ व्यापार संकट से पहले की गई भविष्यवाणियों से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। टैरिफ दरें जरूर बढ़ी हैं, लेकिन अमेरिकी नजरिये से देखा जाए तो चरम टैरिफ का दौर निकल चुका है। 2026 में अमेरिका में मध्यावधि चुनाव हैं और चुनाव से पहले ज्यादा अनिश्चितता की संभावना कम मानी जा रही है।

रुपये की कमजोरी से निर्यात को कैसे मिलेगा सहारा

# 25 अरब डॉलर पर टिक सकता है व्यापार घाटा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

नुवामा की रिपोर्ट के अनुसार, भारत का व्यापार घाटा निकट से मध्यम अवधि में नवंबर के स्तर यानी करीब 25 अरब डॉलर के आसपास बना रह सकता है। भले ही वैश्विक सुस्ती के कारण निर्यात पर दबाव है, लेकिन कमजोर रुपया भारतीय उत्पादों को विदेशों में सस्ता बनाकर निर्यात को सहारा दे सकता है और आयात को महंगा कर सीमित रखेगा।

नुवामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक देश का व्यापार घाटा निकट से मध्यम अवधि में नवंबर के मौजूदा स्तरों के आसपास ही बना रह सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय रुपये की कमजोरी निर्यात और आयात के बीच के अंतर को नियंत्रण में रखने में मददगार साबित हो सकती है।

रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक भारत के कुल निर्यात प्रदर्शन में नरमी बनी हुई है। वैश्विक व्यापार में आई सुस्ती आने वाले महीनों में भारत के निर्यात पर और दबाव डाल सकती है। ऐसे में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से जुड़े घटनाक्रम अहम रहेंगे, क्योंकि इनका असर भविष्य की निर्यात दिशा पर पड़ सकता है।



**वस्तु व्यापार घाटे में तेज सुधार देखने को मिला-** नवंबर के व्यापार आंकड़ों में वस्तु व्यापार घाटे में तेज सुधार देखने को मिला। यह 17 अरब डॉलर घटकर 25 अरब डॉलर पर आ गया। इसकी मुख्य वजह सोने के आयात में भारी गिरावट रही। अक्तूबर में जहां सोने का आयात 15 अरब डॉलर था, वहीं नवंबर में यह घटकर सिर्फ 4 अरब डॉलर रह गया। तेल और सोने को छोड़कर कोर ट्रेड डेफिसिट भी 4 अरब डॉलर घटकर 10 अरब डॉलर पर आ गया। कुल मिलाकर, नुवामा की रिपोर्ट का कहना है कि भले ही निर्यात पर दबाव बना रहे, लेकिन आयात में नरमी और रुपये की कमजोरी आने वाले महीनों में भारत के व्यापार घाटे को स्थिर रखने में मदद कर सकती है।

### कमजोर रुपये से कैसे मिल सकता है फायदा?

रिपोर्ट में बताया गया कि भले ही निर्यात में फिलहाल सुस्ती है, लेकिन रुपये के कमजोर होने से भारतीय उत्पाद विदेशी बाजारों में सस्ते होते हैं, जिससे समय के साथ निर्यात को सहारा मिल सकता है। साथ ही, आयात महंगा होने से उसमें भी कुछ हद तक कमी आ सकती है। नतीजतन, निकट से मध्यम अवधि में व्यापार घाटा नियंत्रण में रहने की संभावना है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि निर्यात धीमी रफ्तार से आगे बढ़ सकता है, लेकिन घरेलू मांग कमजोर रहने के कारण आयात भी सीमित रह सकता है। इससे व्यापार घाटे के ज्यादा बढ़ने की आशंका कम है। नवंबर में माल निर्यात में भी मजबूत उछाल दर्ज किया गया। निर्यात साल-दर-साल आधार पर 19 फीसदी बढ़ा, जबकि अक्तूबर में इसमें 12 फीसदी की गिरावट आई थी। दूसरी ओर, मर्चेंडाइज आयात की वृद्धि दर नवंबर में घटकर 2 फीसदी रह गई, जो अक्तूबर में 17 फीसदी थी। हालांकि, तीन महीने के मूविंग एवरेज के आधार पर आयात में 11 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। कोर आयात 12 फीसदी बढ़े, जो इलेक्ट्रॉनिक्स, केमिकल्स और मशीनरी में मजबूत मांग को दशार्ता है।

एनपीएस में बड़ा बदलाव, निवेशकों को मिली बड़ी राहत

# अब 80 फीसदी तक पैसा निकालने की छूट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

एनपीएस के गैर-सरकारी सदस्यों को बड़ी राहत देते हुए पीएफआरडीए ने निकासी नियम बदले हैं। अब खाताधारक 80 प्रतिशत तक राशि निकाल सकेंगे और निकासी की आयु 85 वर्ष कर दी गई है। एनपीएस खातों को गिरवी रख कर्ज की सुविधा भी मिलेगी।

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली यानी एनपीएस से जुड़े गैर-सरकारी सदस्यों के लिए बड़ी राहत की खबर है। अब एनपीएस खाताधारक अपनी जमा निधि का 80 प्रतिशत तक पैसा एकमुश्त निकाल सकेंगे। पहले यह सीमा 60 प्रतिशत थी। इस फैसले से करोड़ों निजी क्षेत्र के कर्मचारियों और स्व-रोजगार से जुड़े निवेशकों को सेवानिवृत्ति के समय अधिक नकदी उपलब्ध होगी। यह बदलाव पेंशन प्रणाली को अधिक लचीला और उपयोगी बनाने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण यानी पीएफआरडीए ने एनपीएस से निकासी के नियमों में संशोधन किया है। इसके तहत निकासी की अधिकतम आयु को 70 वर्ष से बढ़ाकर 85 वर्ष कर दिया गया है। इसका मतलब है कि अब खाताधारक लंबे समय तक अपने एनपीएस खाते को जारी रख सकेंगे और जरूरत के अनुसार पैसा निकाल पाएंगे। पहले शेष 40 प्रतिशत राशि से एन्युटी खरीदना अनिवार्य था, जिससे मासिक पेंशन मिलती थी, लेकिन अब यह बाध्यता कम हो गई है। नए नियमों के तहत एनपीएस खातों को गिरवी रखकर तय सीमा के भीतर वित्तीय संस्थानों से कर्ज लेने की भी अनुमति दी गई है। इससे जरूरत के समय खाताधारकों को कर्ज लेने में आसानी होगी और उन्हें अपनी पेंशन बचत तोड़ने की मजबूरी नहीं रहेगी। यह सुविधा खास तौर पर उन लोगों के लिए फायदेमंद मानी जा रही है, जिन्हें रिटायरमेंट से पहले या बाद में बड़ी राशि की जरूरत पड़ती है।

## शादी न हो, नौकरी न लगे तो बोलो जय श्रीराम

### शिवराज ने नेहरू-इंदिरा-राजीव के नाम वाली 415 योजनाएं गिनाईं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल यानी VB-G-RAM-G बिल पर लोकसभा में बुधवार और गुरुवार को 14 घंटे बहस हुई। 50 से ज्यादा सांसदों ने इस पर अपनी बात रखी।।

नए बिल में महात्मा गांधी का नाम हटने पर शिवराज ने एक-एक कर उन 415 योजनाओं के नाम गिनाए, जो नेहरू, इंदिरा और राजीव गांधी के नाम पर हैं। उत्तराखंड के भाजपा सांसद अजय भट्ट ने तो अजीबो-गरीब बयान दिया। उन्होंने कहा- लड़की की शादी न हो रही हो, नौकरी न लग रही हो तो जय राम जी बोलिए।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा, ये कह रहे थे, किस सनक में, किस सनक में, ये नाम बदल रहे हैं। सनक में हम नहीं हैं। सनक में मोदी सरकार नहीं है। सनक तो कांग्रेस सरकार की थी। इन्होंने महात्मा गांधी के नाम पर योजनाओं के नाम नहीं रखे। नेहरू-परिवार के नाम पर रखे।

शिवराज ने ऐसी 415 योजनाएं गिनाईं।

- राज्य सरकार की 25 योजनाओं के नाम राजीव गांधी जी के नाम पर, 27 योजना के नाम इंदिरा जी के नाम पर। - 55 यूनिवर्सिटी के नाम राजीव पर, इंदिरा जी पर 21, नेहरू जी पर 22। - खेल और टूनार्मेंट ट्रॉफी के नाम राजीव गांधी पर 23, इंदिरा जी पर 4, नेहरू जी पर दो। - सड़क, जगह, इमारत के नाम 74 इन्होंने अपने नामों पर रखे। - 51 अवॉर्ड के नाम नेहरू परिवार के नाम पर रखे गए। - 37 संस्थान, फेस्टिवल नेहरू जी के नाम पर और इंदिरा जी के नाम पर रखे गए।- 39 चिकित्सा संस्थान और अस्पताल इन्होंने अपने नाम पर कर लिए। 15 स्कॉलरशिप इनके नेताओं के नाम पर, 15 नेशनल पार्क जहां जानवर रहते हैं वो भी नेहरू जी इंदिरा जी और राजीव जी के नाम पर कर दिए गए। 5 एयरपोर्ट और बंदरगाहों के नाम भी नेहरू-गांधी परिवार के नाम पर कर दिए गए।

बिल' पर चर्चा के दौरान बीजेपी के नैनीताल-उधम सिंह नगर से सांसद अजय भट्ट ने कहा- 'लड़की की शादी न हो रही हो नौकरी न लग रही हो। घर में कहीं पर उठा--पटक हो रही हो। पति-पत्नी में न बन रही हो। लड़का बिगड़ गया गया हो।

### इंडिगो CEO बोले- सबसे बुरा वक्त बीत गया

## ऑपरेशन स्टेबल, नेटवर्क की 2200 फ्लाइट्स बहाल; 10 दिन में 5 हजार फ्लाइट कैंसिल हुई






ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली


इंडिगो के CEO पीटर एल्बर्स ने कहा कि एयरलाइन का सबसे बुरा समय बीत गया है क्योंकि ऑपरेशंस स्थिर हो गए हैं और कैरियर ने अपने नेटवर्क को 2,200 फ्लाइट्स तक बहाल कर दिया है। पीटर ने गुरुवार को कर्मचारियों को दिए इंटरनल मैसेज में कहा कि एयरलाइन एक मुश्किल दौर के बाद और मजबूत होकर उभरी है। एल्बर्स ने हाल की दिक्कतों के दौरान एकजुट रहने के लिए सभी विभागों के कर्मचारियों की तारीफ की। उन्होंने कहा- पिछले दो हफ्ते हम सभी के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण रहे हैं। इस तूफान के बीच, हम फिर से अपने पंख फैला रहे हैं। हमने आज अपने नेटवर्क को 2200 फ्लाइट्स तक बहाल कर दिया है।

पीटर ने लिखा- हम उसी फोकस के साथ भारत की सेवा करना जारी रखेंगे जिसने इस कंपनी को बनाया है। विश्वसनीयता, पहुंच, अनुशासन और कस्टमर फोकस। अब यहां से, आगे और ऊपर की ओर उड़ना है। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA ) ने एविएशन नियमों में बदलाव किया इसके चलते दिसंबर के पहले हफ्ते में इंडिगो में क्रू मेंबर्स की भारी कमी हो गई थी। यही वजह रही कि 1 से 10 दिसंबर के बीच इंडिगो की 5000 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल हुईं थीं। इंडिगो के CEO ने कहा कि एयरलाइन अब तीन प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित करेगी - लचीलापन, मूल कारण विश्लेषण और पुनर्निर्माण। लचीलेपन पर उन्होंने सीजन की शुरूआत की ओर इशारा किया और कहा कि ध्यान ऑपरेशंस को स्थिर रखने और ग्राहकों पर बाहरी कारकों के प्रभाव को कम करने पर होगा। ट कॉज एनालिसिस पर एल्बर्स ने अटकलों के खिलाफ चेतावनी दी और कहा कि एक व्यापक समीक्षा चल रही है। बोर्ड द्वारा नियुक्त एक बाहरी एविएशन विशेषज्ञ से इसका विश्लेषण करेगा। पुनर्निर्माण पर एल्बर्स ने कहा कि लीडरशिप टीम कर्मचारियों से जुड़ने और फीडबैक इकट्ठा करने के लिए पूरे नेटवर्क में यात्रा करेगी।




## गडकरी ने प्रियंका को स्पेशल डिश खिलाई

### कहा- भाई का काम किया तो बहन का भी करना होगा; कांग्रेस सांसद बोली थीं- अपॉइंटमेंट नहीं मिल रहा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र में सरकार और विपक्ष के बीच तल्खी देखने को मिल रही है। इस बीच गुरुवार को दोनों पक्षों के नेताओं के बीच हंसी मजाक भरी बातचीत देखी गई। केरल के वायनाड से लोकसभा सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा गुरुवार को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिलने उनके कार्यालय पहुंची। यहां गडकरी से वायनाड की सड़क और कनेक्टिविटी से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। प्रियंका ने छह प्रमुख सड़क परियोजनाओं का प्रस्ताव रखा। इस पर गडकरी ने मजाकिया अंदाज में कहा कि पहले राहुल गांधी का काम किया था, अब बहन का काम नहीं करेंगे तो सवाल उठेंगे। बैठक के बाद गडकरी ने प्रियंका को चावल की एक खास डिश भी खिलाई, जिसे उन्होंने खुद यूट्यूब देखकर बनवाया था। दरअसल, प्रियंका गांधी वाड्रा ने संसद में प्रश्नकाल के दौरान नितिन गडकरी से मिलने का समय मांगा था और कहा था कि जून से अपॉइंटमेंट नहीं मिल पा रहा है। इसके बाद गडकरी ने उन्हें मिलने बुलाया था। इससे पहले प्रियंका गांधी वाड्रा ने संसद में प्रश्नकाल के दौरान चंडीगढ़-शिमला हाईवे से जुड़ा पूरक प्रश्न उठाया था। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह जून से अपने संसदीय क्षेत्र के मुद्दों को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिलने का समय मांग रही हैं। सर, मैं जून से आपसे मिलने का समय मांग रही हूं, कृपया समय दीजिए ताकि मैं अपने लोकसभा क्षेत्र की बात रख सकूं। इस पर गडकरी ने मुस्कराते हुए जवाब दिया, आप प्रश्नकाल के बाद आ जाइए। कभी भी आ जाइए, दरवाजा हमेशा खुला रहता है, अपॉइंटमेंट की जरूरत नहीं है।

### बंगाल की जॉब-गारंटी योजना महात्मा गांधी के नाम पर होगी

## ममता बोलीं- मनरेगा से बापू का नाम हटाना शर्मनाक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

रोजगार गारंटी स्कीम 'मनरेगा' से महात्मा गांधी का नाम हटाने के विवाद के बीच सीएम ममता बनर्जी ने ऐलान किया कि बंगाल की रोजगार गारंटी योजना कर्मश्री का नाम बदलकर महात्मा गांधी के नाम पर रखा जाएगा।

राज्य में रोजगार गारंटी योजना 'कर्मश्री' 2024 में शुरू की गई थी। इसका मकसद ग्रामीण और शहरी गरीब परिवारों को आजीविका देना है। अब इसका नाम 'महात्मा गांधी कर्मश्री' योजना हो सकता है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता ने गुरुवार को बिजनेस और इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में कहा कि यह कदम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सम्मान में लिया गया है।

दरअसल केंद्र सरकार ने मनरेगा का नाम बदलकर ह्यविकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)ह्ल यानी श्इ-जी राम जी करने का बिल गुरुवार को लोकसभा से पास करा लिया है। विपक्षी दल लगातार महात्मा गांधी का नाम हटाकर नए बिल लाने का विरोध कर रहे हैं। ममता ने कहा कि केंद्र का यह फैसला बेहद शर्मनाक है। योजना का नाम महात्मा गांधी के नाम पर रखने का मकसद उनके योगदान को सम्मान देना है और साथ ही यह संदेश देना है कि बेरोजगार लोगों को रोजगार देने के लिए सरकार गंभीर है। केंद्र मनरेगा के तहत फंड रोक रहा है। सरकार का लक्ष्य आने वाले समय में काम के दिनों की संख्या बढ़ाकर 100 करने का है।

कर्मश्री योजना के तहत राज्य ने पहले ही कई काम के दिन तय कर दिए हैं और इन्हें अपने रिसोर्स से चलाया जा रहा है। अगर केंद्र का फंड रोक भी दिया जाता है, तो भी हम यह पक्का करेंगे कि लोगों को काम मिले। हम भिखारी नहीं हैं।

बंगाल एक शांतिपूर्ण राज्य है। सोशल मीडिया पर जो नकारात्मक बातें फैलाई जा रही हैं, वे झूठी हैं और राज्य की छवि खराब करने के लिए की जा रही हैं। कुछ लोग सोशल मीडिया पर गलत वीडियो और भ्रामक खबरें फैलाकर बंगाल को बदनाम करना चाहते हैं, लेकिन कोई भी बंगाल को नुकसान नहीं पहुंचा सकता।

कुछ लोग बंगाल की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे, लेकिन उन्हें नहीं पता कि राज्य में कितना विकास हुआ है। आज बंगाल देश के बड़े लॉजिस्टिक्स केंद्र में शामिल है और दक्षिण-पूर्व एशिया, पूर्वी भारत और उत्तर-पूर्वी राज्यों तक जाने का मुख्य रास्ता है।



### जानें क्या है कर्म श्री योजना...

पश्चिम बंगाल सरकार ने 2024 में कर्म श्री योजना शुरू की थी। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक जॉब कार्ड धारक परिवार को एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 50 दिनों का मजदूरी रोजगार प्रदान करना है। इससे बेरोजगारी दर कम करने और जीवन स्तर को ऊपर उठाने में मदद मिलेगी।

### नए बिल से महात्मा गांधी का नाम हटाने का पूरा विवाद जानें...

सरकार विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल यानी श्इ-जी राम जी बिल लाई है। 16 दिसंबर को कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसे लोकसभा में पेश किया था। यह 20 साल पुराने टऱ्रफएअ‍ऋएक्ट की जगह लेगा। इस बिल में से महात्मा गांधी का नाम हटाने का कांग्रेस समेत विपक्षी दल विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा था कि हर योजना का नाम बदलने की सनक समझ नहीं आती। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा था कि बापू का नाम हटाना गलत है। राम का नाम बदनाम ना करो। लोकसभा में बुधवार को बिल पर देर रात 1:35 बजे तक 14 घंटे चर्चा हुई। इसमें 98 सांसदों ने हिस्सा लिया।

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकारगण श्रीमती कमलाबाई पत्नि श्री बालाराम च सुभाष पिता बालाराम निवासी ग्राम बकानिया, उज्जैन व कमलाबाई पति अम्बाराम जाट निवासी उदूर्पुरा उज्जैन के द्वारा प्रदत्त जानकारी एवं दस्तावेजों के आधार पर हर आम व खास को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण की स्वामित्व व आधिपत्य की सम्पत्ति सर्वे नम्बर 567 रकबा 0.86 हे., स्थित ग्राम बकानिया तह व जिला, उज्जैन के स्वामित्व अतरण सम्बन्धि समस्त अधिकार, हित मेरे पक्षकारगण में निहित है परन्तु वर्णित सम्पत्ति सर्वे नम्बर 567 रकबा 0.86 हे., स्थित ग्राम बकानिया तह.व जिला, उज्जैन पर मेरे पक्षकारगण द्वारा एक साम्पत्तिक अपील की थी जिसमें निर्णय व जयपत्र के माध्यम से न्यायालय द्वारा मेरे पक्षकारगण को स्वामी माना गया हैं। दिनेश पिता कैलाश जायसवाल व कैलाश पिता धुला जी जायसवाल राजस्व रिकार्ड का गलत लाभउठाकर विक्रय करने हेतु प्रयासरत है जबकि दिनेश पिता कैलाश जायसवाल व कैलाश पिता धुला जी जायसवाल को सम्पत्ति के अन्तरण के सम्बन्ध में अधिकार व हित प्राप्त नही है। अतः इस जाहिर सूचना के माध्यम से हर खास एवं आम को सूचित किया जाता है कि वर्णित सम्पत्ति सर्वे नम्बर 567 रकबा 0.86 हे., स्थित ग्राम बकानिया तह.व जिला, उज्जैन का किसी भी प्रकार के क्रय विक्रय करने का अधिकार या अंतरित करने का अधिकार केवल मेरे पक्षकारगण को है व इसके पश्चात भी यदि कोई व्यक्ति दिनेश पिता कैलाश जायसवाल व कैलाश पिता धुला जी जायसवाल से किसी प्रकार का कोई सम्पत्ति के सम्बन्ध में लेनदेन करता है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे पक्षकारगण दिनेश पिता कैलाश जायसवाल व कैलाश पिता धुला जी जायसवाल के किसी भी अवैधानिक सम्पत्ति अंतरण के लिए जिम्मेदार नही है। सो सूचित हो। इति दिनांक 18-12-2025

**रितेश कुमार शर्मा, एडव्होकेट,**
**8/51 विनायक कांपलेक्स लखेरवाड़ी उज्जैन एमपी**

### भारत-ओमान ने ट्रेड एग्रीमेंट पर साइन किए

# प्रधानमंत्री मोदी को ऑर्डर ऑफ ओमान सम्मान मिला, सुल्तान हैथम ने पीएम को किया सम्मानित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ओमान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ओमान का दूसरा सर्वोच्च सम्मान मिला है। उन्हें सुल्तान हैथम बिन तारिक ने ऑर्डर ऑफ ओमान से सम्मानित किया है। इससे पहले दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान भारत और ओमान के बीच व्यापार समझौते पर साइन हुए। समझौते से भारत के टेक्सटाइल, फुटवियर, ऑटोमोबाइल, जेम्स एंड ज्वैलरी, रिन्युएबल एनर्जी और ऑटो कंपोनेंट्स जैसे सेक्टर्स को सीधा फायदा होगा। इस पर नवंबर 2023 में बातचीत शुरू हुई थी। इससे पहले पीएम ने बताया कि भारत और ओमान के बीच होने वाला व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता यानी उएढअ आने वाले कई दशकों तक दोनों देशों के रिश्तों की दिशा तय करेगा। उन्होंने इसे दोनों देशों के साझा भविष्य का खाका बताया।

#### मोदी ने बिजनेस समिट को संबोधित किया

मस्कट में भारत-ओमान बिजनेस समिट को संबोधित करते हुए मोदी ने दोनों देशों के मजबूत रिश्तों की सराहना की। उन्होंने स्टार्टअप से भी अपील की कि वे भारत में निवेश करें, नए प्रयोग करें और भारत-ओमान के साथ मिलकर आगे बढ़ें। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- आज हम एक ऐसा ऐतिहासिक फैसला ले रहे हैं, जिसकी गूंज आने वाले कई दशकों तक सुनाई देगी। व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता यानी सीईपीए 21वीं सदी में हमें नया भरोसा और नई ऊर्जा देगा। यह हमारे साझा भविष्य का खाका है। इससे हमारे व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, निवेश को नया आत्मविश्वास मिलेगा और हर क्षेत्र में नए अवसरों के दरवाजे खुलेंगे।



#### बांग्लादेश में हसीना विरोधी नेता उस्मान हादी की मौतः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढाका

बांग्लादेश में शेख हसीना के विरोधी नेता उस्मान हादी की गुरुवार रात मौत हो गई है। उनकी मौत के बाद बांग्लादेश में हालात बिगड़ गए हैं और कई जगह हिंसा फैल गई है। प्रदर्शनकारियों ने देश के सबसे बड़े अखबार डेली स्टार और प्रोथोम आलो के ऑफिस में जबरन घुसकर तोड़फोड़ और आगजनी की। आग लगाने के बाद से करीब 25 पत्रकार अंदर फंस गए थे, जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाला गया। हादी 2024 के छात्र आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक थे। उन्हें 12 दिसंबर को सिर में गोली मारी गई थी। ढाका में चुनाव प्रचार के दौरान उन पर गोली चलाई गई थी। गोली लगने के बाद उन्हें पास के अस्पतालों में ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी। हमले से कुछ घंटे पहले उस्मान हादी ने ग्रेटर बांग्लादेश का एक मैप शेयर किया था, इसमें भारतीय इलाके (7 सिस्टर्स) शामिल थे। अंतरिम प्रशासन ने हादी के सम्मान में शनिवार को राजकीय शोक दिवस घोषित किया है। रॉयटर्स के अनुसार, देश भर में आज राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा।

## ट्रम्प बोले- 'टैरिफ' मेरा फेवरेट अंग्रेजी शब्द, इससे 8 जंग रुकवाईं, अमेरिका ने उम्मीद से ज्यादा पैसा कमाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को कहा कि टैरिफ अंग्रेजी का उनका फेवरेट शब्द है। ट्रम्प ने दावा किया कि इसकी मदद से उन्होंने अपने कार्यकाल के पहले 10 महीनों में दुनिया भर में 8 युद्धों को रोका।

ट्रम्प ने अपने कार्यकाल के 11 महीने पूरे होने पर व्हाइट हाउस से राष्ट्र को संबोधित किया। ट्रम्प ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने सत्ता छोड़ते समय उन्हें एक बड़ा संकट सौंपा था।

ट्रम्प ने अमेरिका में महंगाई के मुद्दे को नजरअंदाज करते हुए जोर दिया कि कनाडा, मैक्सिको, ब्राजील और भारत सहित कई देशों पर लगाए गए टैरिफ से अमेरिकी अर्थव्यवस्था को फायदा हुआ है उन्होंने कहा कि टैरिफ की वजह से अमेरिका ने उम्मीद से ज्यादा पैसा कमाया है। वहीं, डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं ने ट्रम्प के भाषण की आलोचना की है। सांसद क्रिस वैन होलेन ने कहा कि आज रात ट्रम्प ने कितने झूठ बोले, इसका हिसाब रखना तो मुश्किल है।

कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने



अपने सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रम्प पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज राष्ट्रपति के भाषण में सिर्फ एक शब्द सुनाई दिया, मैं मैं मैं मैं मैं मैं मैं। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अब दुनिया अमेरिका का मजाक नहीं उड़ाती, बल्कि उसका सम्मान करती है। ट्रम्प ने आगे कहा, हमारा राष्ट्र मजबूत है। अमेरिका का सम्मान है, और हमारा देश पहले से कहीं अधिक मजबूत होकर उभरा है। हम एक ऐसे आर्थिक उछाल के लिए तैयार हैं जैसा दुनिया ने पहले कभी नहीं देखा।

#### ट्रम्प बोले- खास नीतियों से महंगाई कम कर रहा

ट्रम्प ने अपने भाषण में महंगाई और जीवन यापन पर ज्यादा बात नहीं की। हालांकि उन्होंने कहा कि किराने का सामान, कारें और अन्य वस्तुओं की कीमतें नीचे आ रही हैं। अपनी खास नीतियों से बढ़ी महंगाई को वे ठीक कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने दावा किया कि ऊर्जा और भोजन की कीमतें अब नियंत्रण में आ रही हैं। हालांकि, आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2025 में भोजन और ऊर्जा की कीमतें अभी भी बढ़ रही हैं। ट्रम्प की टैरिफ नीतियों को भी कीमतें बढ़ाने का एक कारण बताया जा रहा है, हालांकि वे इन्हें देश के लिए राजस्व का बड़ा स्रोत बताते हैं। द गार्डियन की रिपोर्ट के मुताबिक खाद्य पदार्थों की कीमतें अप्रैल से सितंबर 2025 तक 2.7% बढ़ीं, जिसमें बीफ 7% और केले 7% महंगे हुए हैं।

## दावा-वेनेजुएला के साथ जंग की घोषणा कर सकते हैं ट्रम्प

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन



अमेरिकी ब्रॉडकास्टर टकर कार्लसन ने दावा किया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प वेनेजुएला के साथ युद्ध की घोषणा कर सकते हैं। टकर कार्लसन ने यह बात अपने ऑनलाइन शो ह्यजिंग फ्रीडमह्न में कही।

उनके मुताबिक, एक अमेरिकी सांसद ने उन्हें बताया कि सांसदों को ट्रम्प के संबोधन से पहले एक बंद कमरे में ब्रीफिंग दी गई थी। इस ब्रीफिंग में कहा गया कि अमेरिका और वेनेजुएला के बीच सैन्य टकराव की स्थिति बन सकती है और राष्ट्रपति इसे भाषण में सार्वजनिक कर सकते हैं।

यह दावा ऐसे समय आया है, जब अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वेनेजुएला हमारे तेल और ऊर्जा अधिकारों को वापस जिन्हें अवैध रूप से छीन लिया गया था।

ट्रम्प ने कहा कि वेनेजुएला ने 1976 में अमेरिकी तेल कंपनियों को जबरन भगाया था और उनकी संपत्ति भी जब्त कर ली थी। ट्रम्प ने वेनेजुएला पर दबाव बढ़ाते हुए प्रतिबंधित तेल टैंकरों के वेनेजुएला आने-जाने पर पूरी नाकाबंदी का आदेश दिया है।

ट्रम्प ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर लिखा कि वेनेजुएला दक्षिण अमेरिका के इतिहास में सबसे बड़ी नौसेना घेराबंदी से घिरा हुआ है। यह घेराबंदी और बढ़ेगी, जब तक कि वेनेजुएला अमेरिका से चुराए गए तेल, जमीन और दूसरी संपत्तियों को वापस नहीं लौटाता।


ट्रम्प का दावा है कि वेनेजुएला ने अमेरिकी कंपनियों के तेल अधिकार अवैध रूप से छीन लिए थे। दरअसल, 1976 में वेनेजुएला की सरकार ने (राष्ट्रपति कार्लोस आंद्रेस पेरेज के समय) पूरे तेल उद्योग का राष्ट्रीयकरण कर दिया। इसका मतलब था कि विदेशी तेल कंपनियां (ज्यादातर अमेरिकी, जैसे एक्सॉन, गल्फ ऑयल, मोबिल आदि) जो दशकों से वहां तेल निकाल रही थीं, उनके सभी ऑपरेशंस और संपत्तियां वेनेजुएला की नई सरकारी कंपनी पेट्रोलियोस डे वेनेजुएला (ढऊश्रअ) के पास चली गईं। यह राष्ट्रीयकरण कानूनी तरीके से हुआ और कंपनियों को मुआवजा भी दिया गया, हालांकि कुछ कंपनियां इससे खुश नहीं थीं। उस समय अमेरिकी कंपनियों ने वेनेजुएला में तेल उद्योग को विकसित करने में बड़ी भूमिका निभाई थी, इसलिए कुछ लोग इसे अभी भी अमेरिकी संपत्ति कहते हैं।

# शहबाज शरीफ बोले-दिल्ली से मुंबई तक भारत हार नहीं भूलेगाः मोदी सरकार को सबक सिखाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने बुधवार को कहा कि उनकी सेना ने भारत को कभी न भूलने वाला सबक दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली से मुंबई तक भारत इस हार का दर्द कभी नहीं भूलेगा।

शहबाज ने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने देश की जनता की दुआओं से यह जीत हासिल की। उन्होंने यह बयान खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में हरिपुर यूनिवर्सिटी में दिया। शहबाज ने दावा किया कि 87 घंटे तक चले इस संघर्ष में पाकिस्तान ने भारत के 6 लड़ाकू विमान गिराए, जिनमें तीन राफेल शामिल थे। साथ ही कई ड्रोन भी मार गिराए। पाकिस्तानी पीएम ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हमले का पाकिस्तान पर गलत इल्जाम लगाया है। इसके




बाद उन्होंने हम पर सैन्य कार्रवाई की। पहलगाम में 22 अप्रैल को टूरिस्टों पर आतंकवादी हमला हुआ, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। ये आतंकी पाकिस्तान से जुड़े थे।


शहबाज इससे पहले भी ऐसी बयानबाजी कर चुके हैं। हालांकि इससे पहले उन्होंने सितंबर में भारत के 7 विमान गिराने का दावा किया था। उन्होंने वठ में दिए गए भाषण में भारत पर पाकिस्तान की जीत का दावा किया था।

शहबाज ने कहा कि उन्होंने पहलगाम हमले की निष्पक्ष अंतरराष्ट्रीय जांच की अपील की थी, लेकिन भारत ने उस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। उन्होंने कहा कि भारत का कट्टरपंथी हिंदुत्व दुनिया के लिए एक गंभीर खतरा है। शरीफ ने कहा कि वे पिछले साल ही वठ के मंच से चेतावनी दे चुके थे कि पाकिस्तान किसी बाहरी हमले को सहने वाला नहीं है।


#### भारत की फटकार के बाद बौखलाए शरीफ

शहबाज का यह बयान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत के फटकार के बाद आया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत हरिश पर्वतनेनी ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान की अंदरूनी राजनीति में जो उथल-पुथल चल रही है, उसका सीधा रिश्ता उसके सीमा-पार आतंकवाद से है। राजदूत ने कहा कि पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को जेल में डाल दिया गया, उनकी पार्टी पर रोक लगा दी गई और 27वें संशोधन के जरिए सेना ने संविधान को अपने हिसाब से मोड़ दिया। भारत ने इसे ह्यसंवैधानिक तख्तापलटह्न बताया। राजदूत ने कहा कि पाकिस्तान जिस तरह लोकतंत्र और कानून के साथ व्यवहार कर रहा है, वह उसकी गंभीर हालत को दिखाता है और उसी सोच के तहत वह लंबे समय से आतंकवाद को भी बढ़ावा देता रहा है। राजदूत ने पाकिस्तान को आतंकवाद का सेंटर बताया।

## रंग भरकर चित्र बनाओ




## रास्ता खोजों...




## रंग भरकर चित्र बनाओ



## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## वर्ग पहेली




**बाएं से दाएं**

1. तन, शरीर-3
3. चकोर, चंद्रप्रेमी पक्षी-3
6. झगड़ा, द्वेष-3
7. मोटा आटा-2
8. खिंचाव, स्वर विस्तार-2
9. असली, शुद्ध-3
10. यंत्रशाला-4
12. कार्यविधि-3
14. चिंगारी-3
16. एक कंद जिसे सुखा कर सौंठ बनाई जाती है-4
18. दूल्हे की पगड़ी-3
20. सम्मान-2
21. प्राण, जीवन तत्व-2
22. कुशल, होनहार-3
24. राशिचक्र की एक राशि-3
25. प्रेमी, साजन-3

**ऊपर से नीचे**

2. अवलोकन, दरस-3
3. चलने का ढंग-2
4. तलघर-4
5. इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6. जलजला-3
7. रसीला, रस से भरपूर-4
8. बल, जोर, दम-3
10. चाचा, अंकल-2
11. शौहर,पति-3
13. 'दिवाने हुए गापल' की नायिका-2, 2
14. वहम, संदेह-3
15. राजा, सम्राट-3
16. उपद्रवी, आतंकी-4
17. गिरवी रखी वस्तु-3
20. बैठने की जगह-3
21. शराब का प्याला-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 29 | | 45 | | 9 | | 12 | = | 53 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 59 | | 20 | | 6 | | 20 | = | 25 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 20 | | 20 | | 25 | = | 45 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 2 | | 2 | | 25 | = | 25 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 40 | | 10 | | 33 | | 32 | = | 48 / 31 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जि | दि | ल | ज | ले | म | ज | व | न | र | क |
| दा | स | यू | न | आ | बा | ग्री | द | इ | ह | ल |
| स | व | दे | पू | ह | जी | ल | ब | ग | क | हे |
| र | धी | न | श | ट | ज | ज्ञा | म | पा | त | न |
| फ | त | ई | ड | में | व | खें | न | अ | के | हे |
| रो | मे | म | सु | न | जं | पू | न | ई | र | रू |
| श | र्ज | ज | मे | ता | क | गा | श | न | ज | री |
| क | ल | ग | र | सं | ज | ख्म | र | ली | न | है |
| ब्रे | बो | र्ज | य | सा | चि | क | री | ह | प | ला |
| त | व | जु | न | ज | ह | त्र | द | जी | ता | त |
| वे | बी | लो | नि | या | ल | ब | र | रा | त | हैं |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | 6 | |
| 3 | 24 | 6 | 37 | 2 | 32 | |
| | | | | | | 3 |
| 5 | 33 | 1 | 29 | 4 | 30 | |
| 7 | | 5 | 4 | | | 2 |
| | 38 | 4 | 31 | 3 | 29 | |
| 4 | | 7 | | | 2 | |

# दिल्ली में सख्ती, जगह-जगह गाड़ियों की चेकिंग, सिर्फ BS-6 इंजन गाड़ियों को एंट्री

# पॉल्यूशन सर्टिफिकेट के बिना पेट्रोल-डीजल नहीं दिया जा रहा




**दिल्ली के सड़कों पर गुरुवार सुबह धुंध छाई रही। पेट्रोल पंपों पर वाहनों का ढवउ चेक करने के बाद फ्यूल दिया जा रहा है। दिल्ली में प्रदूषण से निपटने के लिए बुधवार-गुरुवार रात 12 बजे से ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान का चौथा फेज लागू हो गया है। इसके तहत कई सख्त नियम लगाए गए है। दिल्ली में आज से सिर्फ इर-6 इंजन वाली गाड़ियों को एंट्री मिल रही है।**

इससे कम मानक वाले, दिल्ली के बाहर की गाड़ियों को शहर में आने नहीं दिया जा रहा है। इस फैसले से दिल्ली में बाहर से रोजाना आने-जाने वाली 12 लाख गाडियों पर असर पड़ा है। नोएडा से 4 लाख से ज्यादा, गुरुग्राम से 2 लाख और गाजियाबाद से 5.5 लाख वाहनों को दिल्ली में आने से बैन कर दिया गया है। दिल्ली में 'नो ढवउ, नो फ्यूल' नियम भी लागू हो गया है। पॉल्युशन अंडर कंट्रोल (ढवउ) सर्टिफिकेट के बिना गाड़ियों को पेट्रोल, डीजल या उठऋ नहीं दिया जा रहा है। बिना ढवउ सर्टिफिकेट वाली गाड़ियों की पहचान के लिए पेट्रोल पंपों पर ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रीडर (अठढफ) कैमरे लगाए गए हैं। शहर के अंदर और बॉर्डर पर जगह-जगह गाड़ियों की चेकिंग की जा रही है। ढवउ जांच में फेल होने पर गाड़ियों को बिना फ्यूल दिए पेट्रोल पंप से लौटाया जा रहा है। वहीं, नॉन BS-6 इंजन वाली गाड़ियां बॉर्डर से यू-टर्न ले रही हैं।


## BS-6 की तरह इंजन की 6 कैटेगरी

*BS यानी भारत स्टेज केंद्र सरकार की ओर से तय वाहन उत्सर्जन मानक हैं।*

- बताते हैं कि किसी वाहन से कितनी मात्रा में हानिकारक गैसें निकलती हैं।
- सुनिश्चित करते हैं कि गाड़ियां कम प्रदूषण फैलाएं, पर्यावरण पर असर घटे।
- भारत BS स्टेज मानक यूरोप के यूरो एमिशन नॉर्म्स पर आधारित हैं।
- भारत स्टेज की 6 कैटेगरी- BS-I, BS-II, BS-III, BS-IV और BS-VI।
- देश में BS-VI 1 अप्रैल 2020 से लागू है। प्रदूषण के लिहाज से सबसे सुरक्षित।
- BS-V स्टेज को भारत ने लागू नहीं किया। सीधे BS-IV से BS-VI पर छलांग लगाई।

# नॉन इर-6 इंजन वाली गाड़ियां बॉर्डर से यू-टर्न ले रही

## दिल्ली में पिछले 5 दिनों का AQI







**दिल्ली में अगले 6 दिन अदकबहुत खराब रहने का अनुमान**

**मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली में सर्दी बढ़ने के साथ आने वाले दिनों में सुबह के समय कोहरे की स्थिति बनी रह सकती है। क्टऊने गुरुवार और शुक्रवार को घने कोहरे का पूर्वानुमान जताया है। इस बीच, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार राजधानी की वायु गुणवत्ता ह्यबहुत खराबह्व श्रेणी में बनी हुई है। एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI ) 358 दर्ज किया गया। दिल्ली में अगले 6 दिन तक AQI ह्यबहुत खराब और गंभीर श्रेणी में रहने का पूर्वानुमान है।**

# दिल्ली में धुंध-कोहरे के कारण 22 उड़ानें रद्द

दिल्ली-NCR में गुरुवार सुबह धुंध के साथ घना कोहरा छाया रहा, जिससे विजिबिलिटी काफी कम हो गई। इससे यातायात प्रभावित हुआ। पालम एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी घटकर 150 मीटर रह गई, जबकि सफदरजंग एयरपोर्ट पर 200 मीटर विजिबिलिटी रिकॉर्ड की गई। एयरपोर्ट अधिकारियों के मुताबिक, आज सुबह 11 बजे तक दिल्ली से 22 उड़ानें रद्द हुई है। इस बीच एअर इंडिया ने आने वाले कुछ दिनों में उड़ान परिचालन प्रभावित होने की आशंका जताई है। एयरलाइन के मुताबिक, दिल्ली समेत उत्तर और पूर्वी भारत के कई एयरपोर्ट्स पर कोहरे के कारण कम दिखाई देने की वजह से उड़ानों में देरी या रद्द होने की स्थिति बन सकती है।

# प्रवेश वर्मा बोले- पॉल्यूशन एक साल में पैदा हुई समस्या नहीं

दिल्ली में प्रदूषण को लेकर दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश वर्मा ने गुरुवार को संसद में हो रही चर्चा का हवाला देते हुए आम आदमी पार्टी (अअढ) पर निशाना साधा। प्रवेश वर्मा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदूषण के कारणों का जिक्र करते हुए कहा कि अअढ सरकार ने अपने 11 साल के कार्यकाल में एक भी जरूरी काम नहीं किया

प्रवेश वर्मा ने कहा- यमुना की सफाई, फुटपाथ का निर्माण जैसे काम किसी भी सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है। ये सभी काम पिछले 11 सालों में अअढ सरकार को करने चाहिए थे। अगर पिछली सरकार ने इन कामों का आधा भी पूरा किया होता, तो मौजूदा सरकार को सिर्फ बचे हुए काम करने पड़ते।

प्रवेश वर्मा ने कहा- पॉल्यूशन एक साल में पैदा हुई समस्या नहीं है। दिल्ली सरकार पिछले 9 महीनों से काम कर रही है और 20 फरवरी 2025 से मुख्यमंत्री और सभी मंत्री सड़कों पर उतरकर योजनाओं को लागू कर रहे हैं।

## BS नंबर जितना बड़ा, इंजन उतना कम प्रदूषणकारी

| BS मानक | प्रदूषण स्तर | पर्यावरण सुरक्षा | स्थिति |
|---|---|---|---|
| BS-I | बहुत ज्यादा | सबसे खतरनाक | बंद |
| BS-II | ज्यादा | खतरनाक | बंद |
| BS-III | मध्यम | कम सुरक्षित | बंद |
| BS-IV | कम | अपेक्षाकृत सुरक्षित | बंद |
| BS-VI | सबसे कम | सबसे सुरक्षित | चालू |

# पुरानी कारों की एंट्री पर 20 हजार जुमार्ना या बॉर्डर से यू-टर्न

**दिल्ली परिवहन विभाग के अधिकारी दीपक ने बताया कि दिल्ली के बाहर रजिस्टर्ड गैर-इर6 कॉमर्शियल और निजी वाहनों की सख्ती से जांच की जा रही है। नियमों का उल्लंघन करने पर 20 हजार रुपए का चालान किया जा रहा है या वाहन को यू-टर्न करवाया जा रहा है।**

जिन वाहनों के पास वैध और अपडेटेड पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल सर्टिफिकेट नहीं है, उन पर 10 हजार रुपए जुमार्ना लगाया जा रहा है। मोटर वाहन अधिनियम के तहत, बार-बार नियम तोड़ने पर वाहन को जब्त करने का प्रावधान है। दिल्ली में ऋफअढ-4 के तहत निर्माण सामग्री ले जाने वाले वाहनों पर पूरी तरह बैन है। उठऋ इलेक्ट्रिक वाहन, पब्लिक ट्रांसपोर्ट और जरूरी सेवाओं को छूट दी गई है। ट्रैफिक जाम रोकने के लिए 100 हॉटस्पॉट्स पर गूगल मैप मदद लेगा। नियम तोड़ने पर वाहन जब्ती, जुमार्ना और कानूनी कार्रवाई होगी। पर्यावरण अधिनियम 1986 के तहत सजा मिलेगी। सभी सरकारी और प्राइवेट दफ्तरों में 50% कर्मचारियों के लिए वर्क फ्रॉम होम अनिवार्य कर दिया गया है। प्राइमरी स्कूलों में बच्चों की ऑनलाइन क्लासेज चलेंगी। सेकेंडरी और हायर सेकेंडरी के स्टूडेंट्स को अपनी मर्जी से ऑनलाइन या फिजिकल क्लास चुनने का ऑप्शन दिया गया है।

■ वर्ष-12 अंक-47 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 19 दिसम्बर, 2025

## सुभाषितानि

भवन्ति नम्रस्तरवः फलोद्गमैः नवाम्बुभिर्दूरविलम्बिनो घनाः।
अनुद्धताः सत्पुरुषाः समृद्धिभिः स्वभाव एवैष परोपकारिणाम्॥

**भावार्थ** : वृक्षों पर फल आने से वे झुकते हैं (नम्र बनते हैं); पानी में भरे बादल आकाश में नीचे आते हैं; अच्छे लोग समृद्धि से गर्विष्ठ नहीं बनते, परोपकारियों का यह स्वभाव हि होता है।

**श्लोकार्धेन प्रवक्ष्यामि यदुक्तं ग्रन्थकोटिभिः।**
**परोपकारः पुण्याय पापाय परपीडनम्॥**

**भावार्थ** : जो करोड़ो ग्रंथों में कहा है, वह मैं आधे श्लोक में कहता हूँ; परोपकार पुण्यकारक है, और दूसरे को पीड़ा देना पापकारक है।

## सम्पादकीयम्

### इदानीं प्रतिज्ञा न भग्नम्

अमेरिकादेशः गाजा-नगरे शान्तिं पुनः स्थापयितुं २०-सुत्री-योजनां सज्जीकृतवान् अस्ति, यत् हमासस्य कृते अल्टिमेटम् अस्ति। अस्याः योजनायाः अन्तर्गतं हमासः बन्धकान् विमोचयितुं प्रवृत्तः भविष्यति, भविष्ये च कोऽपि भूमिका भविष्यति। अमेरिका-देशे गाजा-नगरे शान्तिं पुनः स्थापयितुं २० बिन्दु-योजना निर्मितवती अस्ति। इजरायल-हामस-सङ्घर्षस्य समाप्तिम् अस्य महती उपक्रमः अस्ति यत् प्रायः वर्षद्वयं यावत् प्रचलति। यदि आगच्छति तर्हि पश्चिम एशियायाः जियोराजनीत्यां महत परिवर्तनं भविष्यति। परन्तु, समस्या अस्ति यत् एतत् हमसस्य एकप्रकारस्य अल्टिमेटम् अस्ति। अतः तस्य सफलतायाः अनुमानं कर्तुं कठिनम् अस्ति। अन्तर्राष्ट्रीय प्रशासनम् : अमेरिकनयोजनायाः अनुसारं हमसस्य इजरायल-बन्धकं तत्क्षणमेव मुक्तं कर्तव्यं भविष्यति, शवः प्रत्यागन्तुं प्रवृत्ताः भविष्यन्ति तथा च भविष्ये गाजा-देशे कोऽपि भूमिका न भविष्यति हमसः शस्त्रस्थापनस्य साहाय्यस्य आश्वासनं दत्तवान्, परन्तु यदि सः समर्पणं न करोति तर्हि सैन्यकार्यक्रमः निरन्तरं भविष्यति इति अपि चेतावनी अस्ति। एतत् सर्वं स्थाने इजरायल् स्वसेना इति वदिष्यति अपि च अन्तर्राष्ट्रीयसुरक्षाबलं आज्ञां गृह्णीयात्। गजा वर्तमानं अन्तर्राष्ट्रीयप्रशासने स्थाप्यते। ट्रम्पः कमाण्डं सम्पादयिष्यति : ट्रम्पः किञ्चित्कालं यावत् एतस्य संघर्षस्य समाप्तिम् कर्तुं प्रयतते। विशेषतः यतः इजरायलस्य वायुप्रहारः कतारस्य राजधानी डोहा इत्यत्र।

### आईपीएल 2026 नीलामस्य पूर्वमेव एकः प्रमुखः दुःखः

# नवक्रीडकानां नामानि अचानकं शॉर्टलिस्ट्-तः निष्कासितानि




ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

आईपीएल २०२६ लघुनिलामात् पूर्वं क्रिकेट्-वृत्तेषु क्रियाकलापस्य उफानः आक्रान्तः अस्ति। अबुधाबीनगरे १६ दिसम्ब ँदिनाङ्के भवितुं निश्चितस्य नीलामस्य किञ्चित दिवसपूर्वं नवक्रीडकानां नामानि नीलामसूचिकातः अचानकं निष्कासितानि सन्ति। एतेन अप्रत्याशितनिर्णयेन न केवलं प्रशंसकाः आश्चर्यचकिताः अभवन् अपितु मताधिकारस्य क्रिकेट्-विशेषज्ञानाञ्च मध्ये असंख्याकाः प्रश्नाः अपि उत्थापिताः। उल्लेखनीयं यत् अस्य परिवर्तनस्य कृते लीगेन वा बीसीसीआई इत्यनेन वा स्पष्टं आधिकारिकं कारणं न प्रदत्तं, येन जिज्ञासा, अनुमानं च अधिकं प्रवर्धयति।

आईपीएल 2026 कृते खिलाडयः अभिलेखसङ्ख्याः पञ्जीकृताः। निलामे भागं ग्रहीतुं कुलम्1,390 खिलाडयः आवेदनं कृतवन्तः, येषु 350 प्रारम्भिकचरणस्य लघुनिलामस्य कृते शॉर्टलिस्ट् कृताः। तदनन्तरं नव अपि क्रीडकाः योजिताः, येन कुलम् ३५९ अभवत्। एषः निर्णयः एव चचार्याः विषयः अभवत्, यतः एतानि नामानि सूचीयां अन्तिमे एव समाविष्टानि आसन् परन्तु डिसेम्ब-ँमासस्य १३ दिनाङ्कात् आरभ्य नवक्रीडकाः अपि नीलामसूचिकातः अन्तधार्नं कृतवन्तः, येन सम्पूर्णविकासस्य रहस्यं वर्धते।

एतेषु नवक्रीडकेषु षट् भारतीयाः त्रयः च विदेशीयाः टोपीधारिणः क्रीडकाः आसन्। भारतीयक्रीडकानां मध्ये अनुभवी त्रिपुरा बल्लेबाजः मणिशंकर मुरासिंहः, तेजस्वी गेन्दबाजः चामा मिलिन्दः, विकेटकीपर-बल्लेबाजः के.एल. श्रीजिथ, युवा खिलाडी स्वस्तिक चिकारा तथा राहुल राज नम्ला, तथा झारखण्ड के विराट सिंह। तेषां सर्वेषां आधारमूल्यं ३० लक्षं आसीत्, ते नीलामसूचिकायाः अन्तिमभागे समाविष्टाः आसन्। एतेषां नामानाम् आकस्मिकं निष्कासनं विशेषतः आईपीएल-सदृशे विशाले मञ्चे स्वं सिद्धं कर्तुं स्वप्नं पश्यन्तः आन्तरिक-क्रीडकानां कृते आघातः इति मन्यते। विदेशीयक्रीडकानां विषये अनुभविनो मलेशियादेशस्य सर्वपक्षीयक्रीडकः विरदीपसिंहः, दक्षिणाफ्रिकादेशस्य एतानबोस्चः, आस्ट्रेलियादेशस्य क्रिसग्रीनः च अपि अस्मिन् सूचौ समाविष्टाः आसन्। विरदीपसिंहस्य आधारमूल्यं ३० लक्षं आसीत्, तस्य टी-२० क्रिकेट्-क्रीडायां ३,००० तः अधिकाः रनाः १०० विकेट् च सन्ति। अस्मिन् समूहे एतान बोस्, क्रिस ग्रीन च महत्तमौ खिलाडौ आस्ताम्, यस्य आधारमूल्यं ७५ लक्षम् आसीत्। ग्रीन इव क्रीडकस्य लोपः विशेषतया मताधिकारस्य कृते आश्चर्यजनकः अस्ति, यतः सः विश्वे टी-२० लीग्-क्रीडासु प्रदर्शनेन प्रसिद्धः अस्ति। एतेन समग्रविकासेन अनेकाः अनुमानाः उत्पन्नाः। केचन विशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् एतत् तान्त्रिकविषयेभ्यः अथवा दस्तावेजीकरणेभ्यः विषयेभ्यः भवितुम् अर्हति।

### रञ्चीनगरे यदा इन्डिगो

# एयरलाइन्स् विमानस्य पुच्छं अवरोहणकाले

### धावनमार्गे आहतम् तदा एकः प्रमुखः दुर्घटना निवारितः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रांची

झारखण्डस्य राजधानी रांचीनगरस्य बिरसामुण्डाविमानस्थानके अद्य एकः बृहत् दुर्घटना निवारणं जातम् यदा इन्डिगो-विमानस्य पुच्छं कठिन-अवरोहणस्य समये धावनमार्गे आहतम्। शुक्रवासरे रात्रौ सार्धसप्तवादनस्य समीपे एषा घटना अभवत् इति अधिकारिणः अवदन्।

तत्र अवतरन्तं भुवनेश्वर-रांची-विमानस्य पुच्छं धावनमार्गं स्पृशति स्म। तेषां कथनमस्ति यत् जहाजे प्रायः ७० यात्रिकाः आसन्, परन्तु अस्मिन् घटनायां कोऽपि क्षतिग्रस्तः न अभवत्। आकस्मिकं आघातं यात्रिकाणां मध्ये आतङ्कं जनयति स्म। विमानचालकः विमानस्य नियन्त्रणं पुनः प्राप्तवान्, एप्रोन्-उपरि सुरक्षिततया अवतरत्। विमानस्य पुच्छं क्षतिग्रस्तं ज्ञातम्। प्रारम्भिक अन्वेषणेन विमानं उड्डयनार्थं अयोग्यं इति निर्धारितम्। एतादृशे परिस्थितौ यात्रिकाणां विमानचालकानाम् च सुरक्षां मनसि कृत्वा रांचीविमानस्थानकप्रशासनेन विमानं भूमिगतं घोषितम्। अस्मिन् विषये रांचीविमानस्थानकस्य निदेशकः विनोदकुमारः पत्रकारैः सह अवदत् यत् अवरोहणकाले विमानस्य पुच्छभागः धावनमार्गं स्पृष्टवान्। एतस्मिन समये यात्रिकाणां आकस्मिकः आघातः अभवत्। परन्तु ते सर्वे सुरक्षिताः आसन्, तेषां चोटः न अभवत्। सः अवदत् यत् घटनायाः अनन्तरं विमानं भूमिगतं यतः तत् तान्त्रिकदृष्ट्या उड्डयनार्थं अयोग्यं ज्ञातम्।

# सीबीडीटी-अनुसारं बहवः व्यक्तिः नकली-रसीदानां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

राजनैतिकदानस्य करमुक्तिप्रावधानं मूलतः पारदर्शितायाः लोकतान्त्रिकप्रक्रियायाः च सुदृढीकरणाय निर्मितम् आसीत्, येन जनाः वैधराजनैतिकदलानां मुक्ततया समर्थनं कर्तुं शक्नुवन्ति स्म परन्तु सीबीडीटी-अनुसारं बहवः व्यक्तिः नकली-रसीदानां, कागद-दानस्य च माध्यमेन कर-परिहाराय एतस्य प्रावधानस्य दुरुपयोगं कृतवन्तः। केषुचित् सन्दर्भेषु दानं नगदरूपेण वा अन्यरूपेण करदात्रे प्रत्यागच्छत् इति अपि प्रकाशितम्, येन सम्पूर्णा प्रक्रिया नकली अभवत् वित्तमन्त्रालयस्य वक्तव्यस्य अनुसारं आयकरविभागेन प्रेषितस्य एस.एम.एस. विभागेन स्पष्टीकृतं यत् एतत् सल्लाहकारस्य एकः प्रकारः अस्ति, येन जनाः समये एव स्वदोषान् सम्यक कर्तुं शक्नुवन्ति, अग्रे कानूनीकार्याणि न कर्तुं शक्नुवन्ति।

## राशिफल

**मेष** : घर पर या दोस्तों के साथ सवालों का सामना करते समय खुद पर भरोसा करें। सावधान रहें, शांत प्रतिक्रियाएं चुनें।

**वृषभ** : फालतू खरीदारी से बचें। दोस्तों के साथ सहयोग से प्रेरणा और रचनात्मकता में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** : कार्यों में छोटी-छोटी सफलताएं आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएंगी और संतुलन बनाए रखने में मदद करेंगी।

**कर्क** : शांत दृष्टिकोण पेशेवर क्षेत्रों में प्रगति को सपोर्ट करेगा। फालतू खरीदारी से बचें। शाम को आराम करें।

**सिंह** : आप ऐसे आसान सॉल्यूशन खोज सकते हैं, जो दिनचर्या को बेहतर बनाते हैं। दिन प्रोडक्टिव रहेगा और आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**कन्या** : क्लियर सोच बनाए रखें। आज आपके दिमाग में नए-नए विचार और सवाल उमड़ रहे हैं।

**तुला** : आपका विश्वसनीय दृष्टिकोण सीनियर्स और सहकर्मियों को प्रभावित करता है। प्रोटीन युक्त पौष्टिक भोजन खाएं।

**वृश्चिक** : अगर आप सिंगल हैं, तो किसी परिचित व्यक्ति के साथ बातचीत कुछ खास हो सकती है।

**धनु** : आप काम में लगातार प्रगति कर रहे हैं। खर्चों पर गौर करने से आपको सेविंग्स करने में मदद मिलती है।

**मकर** : आपको जल्दी सीखने में मदद करती है। स्ट्रेचिंग या योग जैसी हल्की एक्सरसाइज करें।

**कुंभ** : पिछली समस्याओं पर फोकस करने से बचें और इसके बजाय विश्वास बनाने पर ध्यान दें। संभालकर खर्च करें।


**मीन** : आप जानकारी को अच्छी तरह इस्तेमाल करेंगे। दूसरों के साथ विचारों को साझा करने के लिए तैयार रहें।

## ज्योतिष/वास्तु

# कन्या समेत इन राशियों के लिए खुशियों से भरा रहेगा 2026, पूरी होगी सभी इच्छाएं

ज्योतिषियों की गणना की मानें, तो साल 2026 सभी के लिए बेहद खास रहने वाला है, क्योंकि कई बड़े ग्रह गोचर करते हुए जातकों पर अपनी कृपा बरसाएंगे

साल 2026 कुछ ही दिनों में प्रारंभ होने वाला है। नया साल और नई उम्मीदें हर किसी के जीवन में विशेष महत्व रखती हैं। यही कारण है कि, वर्ष के प्रारंभ होने से पहले व्यक्ति नववर्ष में होने वाली शुभ-अशुभ घटनाओं के बारे में जानना चाहता है। ज्योतिषियों की गणना की मानें, तो साल 2026 सभी के लिए बेहद खास रहने वाला है, क्योंकि कई बड़े ग्रह गोचर करते हुए जातकों पर अपनी कृपा बरसाएंगे। बता दें, सूर्य, चंद्रमा, शुक्र,



बुध और साहस के कारक मंगल राशि परिवर्तन करेंगे। इस दौरान कुछ ग्रह नक्षत्र परिवर्तन, अस्त-उदय और वक्री-मार्गी भी होंगे। हालांकि, इन सभी के बीच राहु-केतु का नक्षत्र गोचर भी होगा और यही नहीं वर्ष के अंत में केतु कर्क और राहु मकर में संचरण करेंगे। ऐसे में ग्रहों की चाल कुछ राशि वालों के लिए कल्याणकारी रहने वाली हैं। इसके प्रभाव से जातकों के मान-सम्मान में वृद्धि और उन्हें बिजनेस में मनचाहा परिणाम मिल सकता है। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

**वृषभ राशि–** वृषभ राशि वालों के लिए वर्ष खुशियों से भरा रहेगा। आपकी सुख-सुविधाएं बढ़ेंगी और आप धार्मिक यात्रा पर जाएंगे। 2026 में आपका जमीन या नया घर खरीदने का सपना पूरा होगा और कर्ज से जुड़े मामलों में महत्वपूर्ण परिवर्तन देखने को मिल सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिए पदोन्नति के योग हैं। इस समय आपकी मेहनत, भागदौड़ और दिन रात किसी काम को लेकर की गई मेहनत सफल होगी और यही नहीं मेहनत रंग लाएगी, जिसके प्रभाव से वृषभ राशि वालों को प्रगति के कई मौके मिलेंगे। नया कारोबार प्रारंभ करेंगे। हालांकि, यह वर्ष नौकरी बदलने के लिए भी खास रहेगा। अपनी निजी कार्यों को लेकर किसी प्रोजेक्ट्स में सफलता मिलने के संकेत हैं।

**कन्या राशि–** कन्या राशि वालों के लिए नया साल नई उम्मीदों से भरा रहेगा। आप नए काम की शुरूआत करने से लेकर कार्यों में अच्छा मुनाफा कमाएंगे। आपका आकर्षण भी बढ़ेगी। इस समय बिजनेस करने वालों का मार्केट में नेटवर्क भी मजबूत होगा। कुछ नए लोगों से नई डील पर बात करेंगे, जिससे लाभ होगा। आर्थिक दबाव से राहत मिलने की संभावना भी है। आपके भाग्य का साथ अधिक मजबूत होगा। परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए यह समय सफलता से भरा रहेगा। प्रेम विवाह की कामना पूरी होगी। आपको कमाई के नए अवसर मिलेंगे। बढ़े लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं।

**मकर राशि–** मकर राशि वालों के लिए साल 2026 सफलताओं से भरा रहेगा। आपकी मेहनत इस वर्ष रंग लेकर आएगी। करियर से लेकर नौकरी बदलने की इच्छा पूरी होगी। यही नहीं निवेश में अच्छे रिटर्न आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएंगे। इस वर्ष स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियों से राहत मिलेगी। विशेषकर सिरदर्द की दिक्कत समाप्त होगी। जीवन के हर क्षेत्र में प्रगति होगी। मकर राशि के लोग बिजनेस वाले भी इस साल खूब लाभ प्राप्त करेंगे। क्रिएटिव फील्ड से जुड़े हैं, उनको खास लाभ हो सकता है। विदेश यात्रा हो सकती है।

ब्रह्मास्त्र
उज्जैन, शुक्रवार 19 दिसम्बर, 2025



## खबर एक नजर...

### भैंस बांधने की बात पर 2 भाईयों में जमकर चले लट्ठ

**उज्जैन।** इंगोरिया के ग्राम मोलाखेड़ी में रहने वाले विक्रमसिंह पिता भैरूसिंह पंवार 50 साल और उसके भाई डूंगरसिंह पंवार 35 साल के बीच जमकर लट्ठ चल गये। दोनों ने एक-दूसरे पर हमला कर जान से मारने की धमकी दी। मामला थाने पहुंचने पर सामने आया कि दोनों के बीच घर के सामने भैंस बांधने की बात पर विवाद हुआ था, दोनों पास-पास रहते है। पुलिस ने दोनों का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद क्रास प्रकरण दर्ज किया है।

### रास्ता रोक 4 बदमाशों ने फोड़े ईको कार के कांच

**उज्जैन।** ग्राम सिलारखेड़ी में रहने वाला अभिषेक पिता कमलसिंह परमार दोपहर में ईको कार से घर लौट रहा था, उसी दौरान ग्राम दताना रेलवे पुलिया के पास 4 बदमाशों ने उसे रोक लिया और डंडो से हमला कर उसकी कार के कांच फोड़ दिया। अभिषेक के साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। नरवर थाना पुलिस ने मामले में अभिषेक की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। अभिषेक ने आशंका जताई है कि उक्त हमला उसके रिश्तेदार अजय परमार ने कराया है। अजय के परिवार से पिछले पांच सालों से विवाद चला आ रहा है। वहीं यह बात भी सामने आई है कि अभिषेक के परिवार ने 2 साल पहले अजय पर हमला किया था। जिसमें उसका एक पैर टूट गया था, जिसे बाद में काटना पड़ा है। अभिषेक को आंशका है कि उसकी बदला लेने के लिये अज्ञात लोगों से हमला कराया गया है।

### मासूम की जघन्य हत्या करने वाले आरोपी को भेजा जेल

**उज्जैन।** खाचरौद में 13 दिसंबर को पडोसी ने हैवानियत में नाकाम होने पर 9 साल की बालिका को बुरी तरह मोगरी से पीटकर लहूलुहान कर दिया था। बालिका की 24 घंटे चले उपचार के बाद मौत हो गई थी। पुलिस ने पहले डॉक्टरी रिपोर्ट पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था, जिसे बालिका की मौत के बाद हत्या में बदला गया था। हत्या पड़ोस में रहने वाले रियाज पिता शब्बीर खां ने की थी। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया था। इस दौरान सामने आया था कि बालिका को देख उसकी नियत खराब हो गई थी। बालिका के शोर मचाने पर उसने मोगरी से पीटा था और छत से गिरना बताकर अस्पताल में भर्ती करने भी लेकर गया था। थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया ने बताया कि रिमांड खत्म होने पर गुरुवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया है। मामले में जल्द विवेचना पूरी कर 30 दिनों में अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करने का प्रयास किया जायेगा, ताकि फास्ट ट्रेक कोर्ट में आरोपी की सजा का फैसला जल्द हो सके।

### गुर्जर समाज के 2 पक्ष भिड़ें, एक को मारा चाकू

**उज्जैन।** ग्राम बोरदा गुर्जर में खेत के पाइप निकालने की बात पर गुर्जर समाज के 2 पक्षों में विवाद हो गया। एक युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया गया। दूसरे पक्ष ने लात-घूसों से मारपीट की जान से मारने की धमकी दी। तराना थाना पुलिस ने बताया कि विवाद नदी के रास्ते पर देवकरण पिता आत्मराम गुर्जर 20 साल और ज्ञानसिंह पिता मांगीलाल गुर्जर 34 साल के बीच हुआ। दोनों ने एक दूसरे पर खेत के पाइप निकालने का आरोप लगाया और विवाद करने लगे। दोनों के परिवार भी आमने-सामने हो गये। ज्ञानसिंह की ओर से देवकरण को चाकू मारा गया, जो उसके गाल पर लगा। दोनों पक्षों के खिलाफ क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 456-5 | 339-5 |
| मेन बाजार | 235- | 0 - |
| मिलन डे | 124-7 | 200-0 |
| मिलन नाइट | 689-3 | 170-8 |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | 4 | 6 |

#### नशामुक्ति केन्द्र संचालक के साथ 5 पर गैर इरादतन हत्या के मामला दर्ज

# लीवर में चोंट लगने से हुई थी युवक की मौत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती युवक की मौत का मामला गैर इरादतन हत्या में बदल गया है। केन्द्र के संचालक और पांच अन्य के खिलाफ गुरूवार को मामला दर्ज किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मारपीट के दौरान मृतक का लीवर ड्रेमेज होना सामने आया है।

मक्सीरोड शंकरपुर में रहने वाले हरीश पिता ग्यारसीलाल निर्मल 40 साल को परिजनों ने 5 दिसंबर को मंगलनाथ मंदिर मार्ग पर नव मानस नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती कराया था। 12-13 दिसंबर की रात नशा मुक्ति केन्द्र से परिजनों को बताया गया कि हरीश की तबीयत बिगड़ गई है। उसे आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है, सायलेंट अटैक आया है। परिजन मेडिकल कॉलेज पहुंचे थे, जहां हरीश की मौत होना सामने आया था। परिजन रात में शव घर ले आये थे। 13 दिसंबर की सुबह अंतिम संस्कार की तैयारी के दौरान मृतक हरीश के शरीर पर चोंट के कई निशान दिखाई दिये। परिजनों ने मारपीट करने और हत्या का आरोप लगाया। जीवाजीगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया और पोस्टमार्टम कराया। थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि पांच दिन बाद मिली पोस्टमार्टम रिपोर्ट से सामने आया कि मृतक के साथ मारपीट हुई थी, जिसके चलते उसका लीवर ड्रेमेज हुआ था, इसी के चलते मौत हुई है। थाना प्रभारी के अनुसार पीएम रिपोर्ट के आधार पर नशा मुक्ति केन्द्र के संचालक उमेश वैष्णव के साथ केन्द्र में काम करने वाले केयर टेकर,गार्ड सहित 6 लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता में गैर इरादतन हत्या की धारा 105 और 3 (5) में प्रकरण दर्ज किया गया है। 4 को हिरासत में ले लिया गया है, 2 की तलाश जारी है। हिरासत में आये सभी आरोपितों को शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश किया जायेगा।



### केन्द्र में मारपीट कर पिलाई जाती थी दवा

पुलिस जांच के दौरान सामने आया कि नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती लोगों के साथ वहां काम करने वाले दवा पिलाने के दौरान मारपीट करते थे। केन्द्र में कुछ ऐसे लोगों को भी दवा पिलाने में शामिल कर लिया गया है, जिनका खुद का उपचार केन्द्र में चल रहा है। केन्द्र में कोई डॉक्टर की नियुक्ति नहीं थी, देखभाल के लिये नर्सिंग स्टाफ भी नहीं रखा गया है। हरीश के साथ घटनावाली रात यहीं हुआ था। उसे दवा पिलाने से पहले बुरी तरह पीटा गया था। उसके बाद सीने पर चढ़कर दवा पिलाने की कोशिश की गई थी। मारपीट में उसे अंदरूनी चोंट लगे थी।

### 2 बच्चों का पिता था हरीश

हरीश की मौत के बाद पोस्टमार्टम रूम के बाहर परिजनों ने बताया था कि हरीश बिल्डिंग मटेरियल सप्लाय का काम करता था और 2 बच्चों का पिता था। उसे नशे की लत लग गई थी। जिसके चलते उसे 5 दिसंबर को नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती किया गया था। 2 दिन बाद पिता उसे रोज की जरूरतों का सामान देने भी गये थे, उस दौरान वह पूरी तरह से ठीक था।

### नशा मुक्ति केन्द्र में होती है अमानवियता

शहर में नशा मुक्ति केन्द्रों की संख्या बढ़ती जा रही है। पूर्व में भी नशा मुक्ति केन्द्रों में अमानवियता और मारपीट के मामले सामने आ चुके है। कुछ महिनों पहले ही वेदनगर नशा मुक्ति केन्द्र का मामला पुलिस तक पहुंचा था। यहीं नहीं चिमनगंज थाने के सामने मेन रोड पर नशा मुक्ति केन्द्र से युवक ने कूदकर अपनी जान दी थी। यहीं नहीं जुलाई 2024 में तराना के एक युवक को नशा मुक्ति केन्द्र वाले एम्बुलेंस से इंदौररोड स्थित केन्द्र ला रहे थे, रास्ते में उसके साथ बुरी तरह मारपीट की गई थी। जिसके चलते युवक की मौत होना सामने आया था। उक्त मामले में भी पुलिस ने केस दर्ज किया था।

# जानलेवा हमले में घायल युवक ने 5 माह बाद तोड़ा दम

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद बदल सकती है धारा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पांच माह पहले जानलेवा हमले में घायल युवक की गुरूवार को मौत हो गई। वह ऑपरेशन के बाद भी बिस्तर से नहीं उठ पाया था। घटनाक्रम के बाद पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज किया था। अब युवक की मौत होने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने पर धारा बदल सकती है।

नरसिंहघाट पर रहने वाले संजू पिता मदनलाल शर्मा 34 साल का पांच माह पहले आधी रात को घर के बाहर घूमने की बात पर अजय, गणेश, लक्की और 2 अन्य से झगड़ा हो गया था। दोनों ओर से मारपीट हुई थी, संजू के सिर में चोंट लगी थी। महाकाल थाना पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया था। संजू के सिर में लगी चोंट डॉक्टरी रिपोर्ट के बाद गंभीर होना सामने आई थी। पुलिस ने हत्या के प्रयास की धारा में प्रकरण दर्ज किया था। संजू को निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां उसके सिर का ऑपरेशन हुआ था, लेकिन वह ठीक नहीं हो पाया था। डॉक्टरों ने अस्पताल से छुट्टी कर दी थी, वह घर पर ही रहता था। शुक्रवार को अचानक उसकी मौत हो गई। परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। मामले की सूचना मिलने पर महाकाल थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया और पोस्टमार्टम कराया। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि मृतक पहले से घायल था उसका ऑपरेशन भी हुआ था। मौत होने पर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा गया है। रिपोर्ट आने पर पुष्टि होगी कि मृतक की मौत का कारण क्या रहा है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

#### सबसे बड़ी चोरी में शामिल बदमाशों को पूरी थी जानकारी

# 200 कैमरे देखने के बाद भी नहीं मिला सुराग, सिर्फ मकान के बाहर मिले फुटेज

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अमरनाथ एवेन्यू में मंगलवार-बुधवार रात हुई चोरी सबसे बड़ी मानी जा रही है। 200 कैमरे खंगालने के बाद भी बदमाशों का सुराग नहीं मिल पाया है। अब आशंका जताई जा रही है कि बदमाशों को मकान और परिवार के बारे में पूरी जानकारी थी।

नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के अमरनाथ एवेन्यू में रहने वाले पुरूषोत्तम गोयल के यहां हुई चोरी के बाद पुलिस लगातार बदमाशों का पता लगाने के लिये सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। पुलिस को सिर्फ गोयल परिवार के घर के बाहर लगे कैमरों ही फुटेज मिले है। जिसमें बदमाश नकाबपोश होकर बाउंड्रीवाल कूदते और घर में घुसते दिखाई दे रहे है। गुरूवार शाम तक पुलिस आसपास क्षेत्रों के करीब 200 कैमरों को खंगाल चुकी थी। चोरी अब तक की सबसे बड़ी मानी जा रही है, लेकिन पुलिस द्वारा इस बात का खुलासा नहीं किया जा रहा है कि कितनी नगदी थी और कितने तोला आभूषण चोरी हुए है। पुलिस जांच में अब यह आशंका भी जताई जा रही है कि बदमाशों को मकान और परिवार के बारे में पूरी जानकारी थी। वह कालोनी से भी परिचित थे, जिसके चलते पीछे के रास्ते से आये थे। नानाखेड़ा थाना एसआई अनिल ठाकुर के अनुसार बदमाशों का पता लगाने के पूरे प्रयास जारी है, अलग-अलग टीम तकनीकी साक्ष्यों के साथ कैमरों के फुटेज देख रही है। परिवार द्वारा चोरी गये सामान आंकलन किया जा रहा है। उनके द्वारा बताई जाने वाली राशि और आभूषणों का वजन सामने आने पर ही स्पष्ट होगा कि बदमाशों ने कितनी बड़ी वारदात को अंजाम दिया है।

**सरकारी कामों का ठेका लेता है परिवार-** बताया यह जा रहा है कि पुरूषोत्तम गोयल सरकारी कामों के ठेके लेते थे, अब उनका पुत्र आनंद गोयल ठेके लेने का काम करता है, जो इंदौर में रहता है। अमरनाथ एवेन्यू में पुरूषोत्तम गोयल पत्नी के साथ निवास करते है। गोयल परिवार ने कुछ माह पहले ही मकान खरीदा है। वारदात वाली रात से एक दिन पहले पुरूषोत्तम गोयल बसंत विहार में रहने वाली बेटी के घर गये थे। मकान में कैमरे लगे है, लेकिन बदमाश चोरी के दौरान डीवीआर भी ले गये है।

# आर्थिक परेशानी से तंग युवक ने झोपड़ी में लगाई फांसी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पैर में चोंट लगने पर काम नहीं कर पा रहे युवक ने आर्थिक परेशानी से तंग आकर गुरूवार को फांसी लगा ली। भाई ने उसे फंदे पर लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी।

नीलगंगा थाना एएसआई उद्यमसिंह राठौर ने बताया कि अर्जुन नगर में झोपड़ी बनाकर रहने वाले महेश नामक युवक ने सूचना देकर बताया था कि भाई राजेश पिता मदनलाल ने फांसी लगा ली है। पुलिस मौके पर पहुंची तो झोपड़ी में लगी बल्ली पर दुपट्टेनुमा कपड़े से लटका मिला। शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल लाया गया। जहां भाई महेश ने बताया कि राजेश मजदूरी करता था कुछ माह पहले पैर में चोंट लगने पर वह काम नहीं कर पा रहा था। राजेश की शादी भी नहीं हुई थी। दोनों भाई साथ रहते थे वह भी मिस्त्री का काम करता है। एएसआई राठौर के अनुसार घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनो को सौंपा गया है। मृतक की बहन काला पत्थर क्षेत्र में रहती है, वह भी सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंच गई थी।



### मोबाइल पर बात करते समय खाया जहर

पंवासा थाना क्षेत्र के शंकरपुर में रहने वाले विशाल पिता विष्णु राठौर ने बुधवार-गुरूवार रात मोबाइल पर बात करते समय जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां गुरूवार को मौत हो गई। प्रधान आरक्षक अनिल पाल ने बताया कि सूचना मिलने पर विशाल का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों ने बताया कि मोबाइल पर किसी युवती से बात करता था। मृतक का मोबाइल जांच में लेकर परिजनों के बयान दर्ज किये जायेगें। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिये दिया गया है।

### 6 बच्चों के पिता की मौत

उन्हेल का रहने वाला जितेन्द्र पिता चंदरसिंह राजपूत 15 सालों से ग्राम कालूहेडा स्थित ससुराल में रहकर मिस्त्री का काम कर रहा था। उसकी 4 बेटियां और 2 बेटे है। मंगलवार को जितेन्द्र ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। जिसकी उपचार के दौरान गुरूवार को चरक अस्पताल में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी में विवाद होता था। संभवतः इसी के चलते उसने जहर खाया था।

### बाइक की टक्कर से घर लौट रहे पति-पत्नी घायल




**उज्जैन।** महिदपुर के ग्राम झूटावद में रहने वाला लखन पिता गोवर्धन पंवार अपने ससुराल ग्राम सुरजाखेड़ी पत्नी कविता को लेने गया था। दोनों बाइक से अपने घर लौट रहे थे, रास्ते में ग्राम ढाबला के समीप सामने से तेजगति में आई बाइक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों पति-पत्नी घायल हो गये। दोनों को एम्बुलेंस की मदद से चरक अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com